# देशबन्धु

जबलपुर, गुरुवार 26 अक्टूबर 2023 | वर्ष –67 | अंक –346 | पृष्ठ –12 | मूल्य – 3.00 रु.



■ मणिपुर त्रासदी से... ■ जंग की आग में... 04
■ फिलस्तीन को कश्मीर से जोड़ने की कोशिश ■ गाजा में घुस तो जाओगे, लेकिन इजरायल... 09
■ बाजार में मचा भूचाल, निवेशकों के 15 लाख... ■ 6 महीने में 43 प्रतिशत बढ़ी सोने की तस्करी 11
■ हार्दिक इंग्लैंड के खिलाफ... ■ आईसीसी बल्लेबाजी... 10


ICC CRICKET WORLD CUP INDIA 2023

आज के मैच
इंग्लैंड विरुद्ध श्रीलंका
समय - 2.00 दोपहर

सार संक्षेप

## मोदी सरकार किसानों को देगी उर्वरक पर 22 हजार करोड़ की सब्सिडी

**नई दिल्ली।** केंद्रीय कैबिनेट ने रबी सीजन के लिए फॉस्फेटयुक्त और पोटाशयुक्त उर्वरकों के लिए 22,303 करोड़ रुपये की सब्सिडी को मंजूरी दी है। केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर ने प्रधानमंत्री मोदी की अध्यक्षता में हुई कैबिनेट मीटिंग के बारे में बताया कि- दुनिया में डीएपी की कीमतें बढ़ी हैं, लेकिन हमारी सरकार पहले की तरह ही किसानों को 1,350 रुपये प्रति बोरी की दर से डीएपी देना जारी रखेगी।

अनुराग ठाकुर ने बताया कि आगामी रबी सीजन में नाइट्रोजन के लिए 47.2 रुपए प्रति किलो, फॉस्फोरस के लिए 20.42 रुपए प्रति किलो, पोटाश के लिए 2.38 रुपए प्रति किलो और सल्फर के लिए 1.89 रुपए प्रति किलो सब्सिडी प्रदान की जाएगी। इसके लिए कुल 22 हजार 303 करोड़ रुपये की सब्सिडी दी गई है। उन्होंने कहा कि डाई-अमोनियम फॉस्फेट (डीएपी) पुरानी दर के अनुसार 1350 रुपये प्रति बोरी ही मिलेगी।

## विसर्जन



***जबलपुर, देशबन्धु।*** *शारदेय नवरात्र के नौदिनी महापर्व के समापन पर मां भगवती के प्रतिमाओं का नर्मदा के कुण्डों और धार्मिक महत्व के तालाबों व अन्य नदियों में अपार भक्ति भाव के साथ विसर्जन किया गया। इस मौके पर प्रदेश और जबलपुर के मुख्य दशहरा चल समारोह सहित उपनगरीय क्षेत्रों में भी भव्य विसर्जन जूलूस निकाले गए।*

# अब स्कूल की किताबों में 'इंडिया' की जगह पढ़ाया जाएगा 'भारत'

## एनसीईआरटी पैनल ने दी बदलने की सिफारिश

**नई दिल्ली।** विपक्षी गठबंधन द्वारा अपना नाम इंडिया रखे जाने के बाद इस मसले पर लगातार बहस जारी है। अब खबर है कि एनसीईआरटी की किताबों में जल्द ही हर जगह से इंडिया शब्द की जगह भारत का प्रयोग किया जाएगा। एनसीईआरटी पैनल के सामने इससे संबंधित प्रस्ताव पेश किया गया था, जिसे सर्वसम्मति से स्वीकर कर लिया गया।

पैनल के अध्यक्ष सी.आई इसाक ने कहा कि एनसीईआरटी की समिति ने स्कूल पाठ्यपुस्तकों में 'इंडिया' की जगह 'भारत' लिखने की सिफारिश की है। उन्होंने बताया कि एनसीईआरटी समिति ने पाठ्यपुस्तकों में 'प्राचीन इतिहास' के स्थान पर 'क्लासिकल हिस्ट्री' शुरू करने की सिफारिश की गई है। इसके अलावा एनसीईआरटी समिति ने सभी विषयों के लिए पाठ्यक्रम में भारतीय ज्ञान प्रणाली शुरू करने की सिफारिश भी की है। आरजेडी के नेता मनोज झा ने कहा, इंडिया गठबंधन के जन्म के बाद से,भाजपा नेताओं की ओर से कई प्रतिक्रियाएं आ रही हैं वे नहीं हैं यह पता ➤➤शेष पृष्ठ 2 पर

### कांग्रेस ने उठाए सवाल

इस फैसले पर कर्नाटक के डिप्टी सीएम और कांग्रेस के सीनियर नेता डीके शिवकुमार ने कहा कि हम रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया, इंडियन एडमिनिस्ट्रेटिव सर्विस, इंडियन फॉरेन सर्विसेज क्यों कहते हैं? हमारे पासपोर्ट पर लिखा है - रिपब्लिक ऑफ इंडिया उन्होंने आगे कहा, मुझे लगता है कि इस सरकार के साथ कुछ गलत हुआ है वे भारतीयों के दिमाग को भ्रमित क्यों कर रहे हैं? उन्होंने जो भी रुख अपनाया है वह पूरी तरह से जनविरोधी और भारत विरोधी है।

### 'एक देश-एक चुनाव' को लेकर हुई बैठक

## 2024 के चुनाव में लागू करना मुमकिन नहीं : लॉ कमीशन

**नई दिल्ली,(एजेंसियां)।** देश में वन नेशन वन इलेक्शन को लेकर बुधवार को पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद की अध्यक्षता में समिति की दूसरी बैठक हुई। इसमें केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह, पूर्व सॉलिसिटर जनरल हरीश साल्वे, जम्मू-कश्मीर के पूर्व सीएम गुलाम नबी आजाद के अलावा विधि आयोग के चेयरमैन ऋतु राज अवस्थी मौजूद रहे। इस दौरान लॉ कमीशन की ओर से एक पूरा रोडमैप पेश किया गया। सूत्रों ने बताया कि बैठक में लॉ कमीशन ने जानकारी दी है कि वन नेशन, वन इलेक्शन को ➤➤शेष पृष्ठ 2 पर

### 2029 में इसको लागू किया जा सकता है

### पहले संविधान में संशोधन करना होगा

### दरिंदगी

## राजस्थान में युवक पर 8 बार ट्रैक्टर चढ़ाकर मार डाला



### लोग वीडियो बनाते रहे

**भरतपुर।** राजस्थान के भरतपुर से सनसनीखेज वारदात सामने आई है। यहां बयाना में जमीनी विवाद में एक शख्स की ट्रैक्टर से कुचलकर बेरहमी से हत्या कर दी गई। आरोपी ने लगभग 8 बार पीड़ित के ऊपर ट्रैक्टर चढ़ाया। इतना ही नहीं पीड़ित की मौत हो जाने के बाद भी आरोपी उसके शव पर क्रूरता से ट्रैक्टर चढ़ाता रहा और शर्मनाक यह कि-वहां आस-पास मौजूद लोग मदद के लिए आगे ना आकर घटना का वीडियो बनाते रहे।

रिपोर्ट के अनुसार, यह हत्या जमीनी विवाद को लेकर की गई है। आरोपी ने बड़ी ही बेरहमी से पीड़ित को कुचलकर मार डाला। वहां पीड़ित के परिवार के लोग भी मौजूद थे। वे चीखते रहे मगर आरोपी ने उनकी एक नहीं सुनी। मामले में सदर थाना के एसएचओ जयप्रकाश परमार का कहना है कि अड्डा गांव के बहादुर गुर्जर और अतर सिंह गुर्जर के बीच जमीन को लेकर काफी लंबे समय से विवाद चल रहा था।

## कांग्रेस ने फिर बदले 4 सीटों पर अपने प्रत्याशी



### पिपरिया, सुमावली, जावरा और बड़नगर में नए चेहरों पर दांव

**भोपाल।** मध्य प्रदेश विधानसभा चुनाव में कांग्रेस ने अपनी घोषित सूची में एक बार फिर बदलाव किया है। पहले 3 प्रत्याशी बदलने के बाद अब 4 और उम्मीदवारों को बदला गया है।

जिन सीटों में चेहरे बदले गए हैं उनमें कांग्रेस समर्थकों ने उम्मीदवारों का जमकर विरोध किया। जिसके बाद पार्टी को उम्मीदवारों के बारे में एक बार फिर से सोचना पड़ा और रणनीति भी बदलनी पड़ी। इससे पहले पार्टी ने जब उम्मीदवारों की दूसरी लिस्ट जारी की थी तो उसमें पिछोर सहित तीन निर्वाचन क्षेत्र से उम्मीदवारों को बदल दिया था।

**सुमावली**-सुमावली सीट पर कांग्रेस को भारी विरोध का सामना करना पड़ा। हालात ऐसे हो गए कि मौजूदा विधायक अजब सिंह कुशवाह ने पार्टी से बगावत करते हुए बसपा का दामन थाम लिया। दरअसल, इस सीट पर ➤➤शेष पृष्ठ 2 पर

### ये हैं नए प्रत्याशी-

1. **सुमावली**- अजब सिंह कुशवाह (कुलदीप सिकरवार की जगह)
2. **जावरा**-वीरेंद्र सिंह सोलंकी(हिम्मत श्रीमाल की जगह)
3. **बड़नगर**- मुरली मोरवाल (राजेंद्र सिंह सोलंकी की जगह)
4. **पिपरिया**- वीरेंद्र बेलवंशी (गुरु चरण खरे की जगह)

## आगरा के पास पातालकोट एक्सप्रेस के दो जनरल कोच में लगी भीषण आग



### यात्रियों ने कूदकर बचाई जान

**आगरा।** मथुरा से झांसी की ओर आ रही पातालकोट एक्सप्रेस की दो जनरल बोगी में बुधवार को भांडई रेलवे स्टेशन के पास तेज धमाके के बाद आग लग गई। कोच में यात्रा करते लोगो में दहशत और भगदड़ मच गई। ट्रेन को रोककर सभी यात्रियों को सकुशल उतार लिया गया। रेलवे और के अधिकारी मौके पर पहुंच गए। आग लगने के कारणों की जांच की जा रही है।

ट्रेन की दो बोगी में आग लगने से ट्रेनों का आवागमन रोक दिया गया है। मथुरा से झांसी की ओर जा रही पातालकोट एक्सप्रेस बुधवार दोपहर आगरा कैंट रेलवे ➤➤शेष पृष्ठ 2 पर

### संवाद

### राहुल गांधी से सत्यपाल मलिक ने कहा-

## पुलवामा के बाद प्रधानमंत्री मोदी से मैंने कहा था हमारी गलती से इतने सैनिक मरे

**नई दिल्ली।** कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष और सांसद राहुल गांधी ने जम्मू कश्मीर के पूर्व राज्यपाल सत्यपाल मलिक से बातचीत की। इस बातचीत को राहुल गांधी ने अपने यूट्यूब चैनल पर जारी किया है। 28 मिनट की बातचीत में राहुल गांधी ने सत्यपाल मलिक से पुलवामा, किसान आंदोलन, जाति जनगणना और मणिपुर हिंसा पर बात की। राहुल गांधी के साथ बातचीत के दौरान सत्यपाल मलिक ने पुलवामा हमले को लेकर बड़ी बात कही।

### खामियों के चलते हुआ हमला

दोनों नेताओं के बीच हुई बातचीत में प्रमुख तौर से पुलवामा अटैक, जम्मू-कश्मीर की स्थिति और अदानी के मुद्दे पर चर्चा हुई। साथ ही राहुल गांधी, सत्यपाल मलिक से उनके पुराने दिनों को लेकर भी बात करते नजर आ रहे हैं। राहुल गांधी के आधिकारिक यूट्यूब अकाउंट पर अपलोड किए गए बातचीत के वीडियो में मलिक ने 2019



पुलवामा हमले के लिए सरकार की खामियों को जिम्मेदार ठहराया।

### नहीं हुई कोई जांच

इस इंटरव्यू में भी उन्होंने यह बात भी दोहराई है कि दो चैनलों को उन्होंने बताया कि यह हमला हमारी गलती से हुआ, लेकिन मुझसे कहा गया कि इसे कहीं भी न कहें। मुझे लगा कि मेरे बयानों से जांच पर असर पड़ सकता है, लेकिन कोई जांच नहीं हुई। इसका इस्तेमाल चुनाव के उद्देश्य से किया गया। हमले के बाद तीसरे दिन पीएम मोदी ने भाषण दिया, जिसमें उन्होंने इसका राजनीतिक इस्तेमाल किया। पुलवामा, किसान आंदोलन और अग्निवीर जैसे महत्वपूर्ण मुद्दों पर राज्यपाल, पूर्व सांसद और किसान नेता, सत्यपाल मलिक जी के साथ दिलचस्प चर्चा!

### सरकार का मणिपुर में नियंत्रण नहीं

राहुल गांधी और सत्यपाल मलिक के बीच मणिपुर की स्थिति को लेकर भी चर्चा हुई। सत्यपाल मलिक ने कहा कि सरकार का मणिपुर में कोई नियंत्रण नहीं है। उन्होंने दावा किया कि यह सब अब सिर्फ छह महीने के लिए है। मैं लिखित में दे सकता हूं। वे सत्ता में वापस नहीं आएंगे।

### पांच विमानों की थी मांग

इंटरव्यू में सत्यपाल मलिक ने पुलवामा हमले के कारण भी बताए। उन्होंने कहा कि ष्टक्रक्कस्न की ओर से पांच विमानों के लिए आग्रह किया गया था, ➤➤शेष पृष्ठ 2 पर









### सूचना

सुधि पाठकों के लिए देशबन्धु अखबार का ई-पेपर epaper.deshbandhump.com वेबसाइट पर भी उपलब्ध है।

### बिरादरी की बात

**चूहा-सुनती हो**- पूर्व राज्यपाल सतपाल मलिक ने फिर कहा कि- सरकार की गलती की वजह से पुलवामा में मारे गए थे सैनिक।

**चुहिया- हां प्रिये**-वे तो लगभग लगातार कह रहे हैं लेकिन सुनने वाला भी तो होना चाहिए।




# देश-विदेश

## राजस्थान में प्रियंका ने दी गांरटियां, हर गृहणी को मिलेंगे सालाना 10 हजार, 500 रुपए में गैस सिलेंडर देने का वादा

**जयपुर।** प्रियंका गांधी के दौरे से पहले राजस्थान कांग्रेस ने महिला मतदाताओं को साधने के लिए बड़ा कदम उठाया हैं। कांग्रेस ने दो नई गारंटियों के जरिए महिलाओं को लुभाने की कोशिश की है। पहली तो ये की महंगाई राहत कैंपों की सफलता के बाद कांग्रेस ने राजस्थान में प्रत्येक गृहणी को सालाना 10 हज़ार रुपये मिलेंगे। इसके अलावा, गांव में रहने वाले लगभग हर परिवार को 500 रुपये में गैस सिलेंडर मिलेगा। बताया जा रहा है कि महंगाई राहत कैंपों की सफलता के बाद कांग्रेस ने राजस्थान में नई गारंटियां लॉन्च कर दी हैं।


# कश्मीर में विदेशी आतंकियों की बढ़ती संख्या ने बढ़ाई चिंता

## घाटी में आतंकवादी बनने का आकर्षण हुआ कम, कश्मीर में इस साल अभी तक 10 युवा आतंकी बने

सुरेश एस डुग्गर

**जम्मू, 25 देशबन्धु।** इस महीने की 31 तारीख को रिटायर होने जा रहे जम्मू कश्मीर पुलिस के महानिदेशक दिलबाग सिंह के उन दावों के पीछे एक चिंता का भाव भी छिपा हुआ है। दरअसल वे कश्मीर में घाटी आतंकी हिंसा और आतंकवादी बनने के आकर्षण के कम होने के बावजूद विदेशी आतंकियों के बड़ी संख्या में एक्टिव होने से चिंतित हैं। इसे आकड़ों के माध्यम से समझते हैं।

दावानुसार, कश्मीर में इस साल अभी तक 10 युवा आतंकी बने हैं। इनमें से 6 को मार गिराया जा चुका है जबकि वर्ष 2023 में कुल मरने वाले आतंकियों की संख्या 66 है। ऐसे में यह स्पष्ट है कि वर्ष 2023 में 60 विदेशी आतंकी मारे गए जिनका संबंध पाकिस्तान, पाक कब्जे वाले कश्मीर और अफगानिस्तान से था। जम्मू कश्मीर के पुलिस प्रमुख दिलबाग सिंह के अनुसार इस साल 10 स्थानीय युवा आतंकी गुटों में भर्ती हुए, इनमें से 6 आतंकियों का सफाया किया जा चुका है। जानकारी के लिए 2019 में 119 युवा आतंकी बने थे, 2020 में 167 युवाओं ने आतंक का दामन था। वर्ष 2021 में 128 और 2022 में 100 युवा आतंकी गुटों में भर्ती हुए थे।



इतना जरूर था कि अनुच्छेद 370 हटने के बाद आधिकारिक तौर पर पांच साल में कश्मीर में आतंकवादी हमलों में आम नागरिकों के मारे जाने के मामलों में 77 परसेंट तक की कमी दर्ज की गई है। आंकड़ों के मुताबिक, इस साल अभी तक 22 सुरक्षाकर्मियों की जानें गई हैं और 10 नागरिक भी मारे गए हैं। जबकि पिछले साल यह संख्या क्रमश: 30-30 थी। सिर्फ मरने वाले आतंकियों के आंकड़े ही परेशानी का कारण नहीं हैं। बल्कि एक्टिव आतंकियों की संख्या भी अभी चिंता का कारण है। हालांकि पुलिस महानिदेशक कहते थे कि कश्मीर में इस समय जो आतंकी एक्टिव हैं वे मुट्ठीभर हैं। पर विभिन्न सूत्र इनकी संख्याएं अलग अलग बताते हैं। जो 60 से 300 के बीच है। चिंता यहीं खत्म नहीं हो जाती है। सेना, बीएसएफ और अन्य गुप्तचर संस्थाएं लगातार दावा कर रही हैं कि पाक सेना 500 से 1000 के बीच आतंकियों को इस ओर धकेलने को उतावली है। इनमें कई वे कश्मीरी युवक भी हैं जो अब उम्र के एक पड़ाव पर पहुंच चुके हैं और वे पिछले कई सालों से पाक सेना के लिए बोझ बने हुए हैं। याद रहे एलओसी पर हाल में मारे गए कई आतंकी 50 की उम्र के पार के भी थे।

# लोकसभा चुनाव की तैयारी में जुटी केंद्र सरकार

## मंत्रियों से मांगा गया रिपोर्ट कार्ड, जनता से जुड़ी हुई योजनाओं और उपलब्धियों की मांगी जानकारी

विंध्यवासिनी त्रिपाठी

**नई दिल्ली, (एजेंसियां)।** पांच राज्यों में चल रहे विधानसभा चुनावों के साथ ही राजनीतिक दलों की नजरें लोकसभा चुनाव 2024 पर लगी हुई हैं। इसके लिए सभी दल अपने-अपने तरीके से तैयारी कर रहे हैं। इस बीच भाजपा ने लोकसभा चुनाव के लिए अपने चुनावी घोषणा पत्र पर काम शुरू कर दिया है और इसके लिए केंद्रीय मंत्रियों से उनका रिपोर्ट कार्ड मांगा गया है।

खबरों के मुताबिक प्रधानमंत्री कार्यालय की ओर से सभी केंद्रीय मंत्रियो से कहा गया है कि पिछले पांच साल के दौरान उनके मंत्रालय की किस योजना से जनता को कितना लाभ हुआ। इसका विस्तृत विवरण मांगते हुए स्पष्ट कहा गया है कि सभी मंत्री अपने-अपने मंत्रालय की उन योजनाओं और उपलब्धियों की पूरी जानकारी दें, जो जनता से जुड़ी हुई है।। साथ ही मंत्रालय की अलग-अलग योजनाओं से जितने लोगों को प्रत्यक्ष या परोक्ष रूप से लाभ हुआ है,उसका पूरा आंकडा भी उपलब्ध कराने को कहा गया है। इसके अलावा यह भी कहा गया है कि जनता के हित के लिए और कौन-कौन सी नई योजनाएं लाई जा सकती हैं, प्रारूप तैयार करके इसे जल्द से जल्द भेजने को कहा गया है।

माना जा रहा है कि केंद्र ने यह कदम अपनी कल्याणकारी योजनाओं के बारे में जनता के बीच फीडबैक लेने के लिए उठाया है। इसका उद्देश्य है कि सभी मंत्रालयों की जानकारी लेकर और उसके मुताबिक लोकसभा चुनाव 2024 के लिए चुनाव घोषणा पत्र तैयार करने और सरकार उपलब्धियों को लेकर दपने वाली बुकलेट में शामिल करना है। केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी को इसके लिए समन्वयक की जिम्मेदारी दी गई है। वे सभी मंत्रियों से मिले पूरे विवरण को इकठ्ठा कर पीएमओं को सौंपेगी।

# पूर्व विधायक राज गोपाल रेड्डी ने चुनाव से पहले छोड़ी भाजपा

**हैदराबाद।** तेलंगाना और मिजोरम समेत पांच राज्यों में विधानसभा चुनाव का एलान कर दिया गया। चुनाव आयोग के मुताबिक, मिजोरम में सात नवंबर और तेलंगाना में 30 नवंबर को वोट डाले जाएंगे। राज्यों में चुनाव की तारीखों का एलान करने के बाद से ही वोटरों और नेताओं को अपने-अपने पाले में लामबंद करने की लड़ाई शुरू हो गई है। इस बीच, भाजपा के टिकट पर पिछले साल तेलंगाना में मुनुगोड विधानसभा उपचुनाव लड़ने वाले कोमाटिरेड्डी राज गोपाल रेड्डी ने बुधवार को पार्टी से इस्तीफा देने की घोषणा कर दी। अब उनके कांग्रेस में शामिल होने की संभावना जताई जा रही है।

रेड्डी ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, अपने समर्थकों की राय के अनुसार, मैंने इस उम्मीद में कांग्रेस पार्टी में शामिल होने का फैसला किया कि मुझे अपने सभी समर्थकों का आशीर्वाद मिलेगा। अक्तूबर में उपचुनाव लड़ने के लिए पूर्व कांग्रेस विधायक ने पिछले साल अगस्त में पार्टी (कांग्रेस) से नाता तोड़ लिया था। वह बीआरएस उम्मीदवार के प्रभाकर रेड्डी से चुनाव हार गए थे। इस दौरान उन्होंने जोर देकर कहा कि आगामी विधानसभा चुनावों में बीआरएस राज्य में हार का सामना करेगी।

# चक्रवाती तूफान हामून हुआ खतरनाक, बंगाल से तमिलनाडु तक भारी बारिश का अलर्ट



**नई दिल्ली।** देश के कई राज्यों के मौसम में बदलाव देखने को मिल रहा है। सुबह और शाम के समय हल्की ठंड का सिलसिला जारी है। हालांकि, मौसम विभाग ने चक्रवाती तूफान को लेकर अलर्ट जारी किया है। इसके अलावा आईएमडी ने राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में धुंध के बरकरार रहने की संभावना जताई है।

**चक्रवाती तूफान का अलर्ट**-मौसम विभाग ने बताया कि बंगाल की खाड़ी के ऊपर बना चक्रवाती तूफान हामून बांग्लादेश के तट को पार करेगा। इसके अलावा आईएमडी ने तूफान हामून को लेकर मछुआओं को भी चेतावनी दी है। तमिलनाडु और ओडिशा में मछुआओं को समुद्र तट पर न जाने की सलाह दी है।

**केरल, तमिलनाडु और बंगाल में बारिश के आसार**-मौसम विभाग ने चक्रवाती तूफान को लेकर कुछ राज्यों में बारिश का अलर्ट जारी किया है। मौसम विभाग ने बताया कि तमिलनाडु और बंगाल में चक्रवाती तूफान के असर के चलते बारिश के आसार हैं। इसके अलावा ओडिशा के उत्तरी तट और केरल में भी बारिश हो सकती है।

मौसम विभाग ने बताया कि दिल्ली- एनसीआर में अगले कुछ दिन तक धुंध की स्थिति बनी रहेगी। हालांकि, दिन के बढ़ते ही राष्ट्रीय राजधानी का मौसम साफ रहेगा। मौसम विभाग ने कहा कि आने वाले दिनों में दिल्ली में ठंड का असर बढ़ सकता है।

# स्काईरूट ने किया विक्रम-1 रॉकेट का अनावरण, 300 किलो पेलोड ले जाने की है क्षमता

**नई दिल्ली।** अंतरिक्ष क्षेत्र की स्टार्ट-अप स्काईरूट एयरोस्पेस ने स्वदेशी विक्रम-1 रॉकेट का अनावरण किया। अगले साल की शुरुआत में उपग्रहों को पृथ्वी की निचली कक्षा में पहुंचाने की उम्मीद है।

स्काईरूट एयरोस्पेस भारत की पहली राकेट-लॉन्चिंग प्राइवेट कंपनी है। इसका मुख्यालय हैदराबाद में है। कंपनी की स्थापना इसरो के पूर्व इंजीनियरों और विज्ञानियों ने की थी। इसका लक्ष्य विशेष रूप से छोटे उपग्रह बाजार के लिए तैयार किए गए छोटे राकेटों को विकसित करना और लॉन्च करना है।

विक्रम-1 एक बहु-स्तरीय प्रक्षेपण यान है। ये लगभग 300 किलोग्राम पेलोड को पृथ्वी की निचली कक्षा में रखने की क्षमता रखता है। विक्रम-1 ऑल-कार्बन-फाइबर-बॉडी रॉकेट है जो कई उपग्रहों को कक्षा में स्थापित कर सकता है और इसमें 3 डी-मुद्रित तरल इंजन हैं।

**अंतरिक्ष क्षेत्र में अन्य देशों का नेतृत्व करने की स्थिति में भारत**-केंद्रीय विज्ञान और प्रौद्योगिकी राज्य मंत्री जितेंद्र सिंह ने कहा कि भारत अब अंतरिक्ष क्षेत्र में अन्य देशों का नेतृत्व करने की स्थिति में है। उन्होंने हैदराबाद में जीएमआर एयरोस्पेस और इंडस्ट्रियल पार्क में स्काईरूट एयरोस्पेस के नए मुख्यालय मैक्स-क्यू का उद्घाटन किया। जितेंद्र सिंह ने 60 हजार स्क्वायर फीट में फैले स्काईरूट मुख्यालय का दौरा भी किया। उन्होंने इसे एक छत के नीचे देश की सबसे बड़ी निजी रॉकेट विकास सुविधा के रूप में पेश किया। जितेंद्र सिंह ने कहा, आज हम उस स्थिति में हैं जहां भारत को अब ऐसे देश के रूप में नहीं देखा जा रहा है जिसका नेतृत्व अन्य देश कर रहे हैं। अब हम अंतरिक्ष क्षेत्र में अन्य देशों को नेतृत्व दे रहे हैं। केंद्र द्वारा अंतरिक्ष क्षेत्र को बंधन मुक्त करने से स्टार्टअप में तेजी आई है। कुछ ही समय में अंतरिक्ष स्टार्टअप की संख्या 150 से अधिक हो गई है।



**विक्रम-1 स्काईरूट का दूसरा रॉकेट**-विक्रम-1 स्काईरूट का दूसरा रॉकेट होगा, जिसे 2024 की शुरुआत में लॉन्च करने की योजना है। बीते साल 18 नवंबर को विक्रम-एस रॉकेट की सफल लॉन्चिंग हुई थी।

# छत्तीसगढ़ में 30 करोड़ की नगदी और सामग्री जब्त

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ में होने वाले विधानसभा चुनाव के लिए आदर्श आचार संहिता लागू है। इस दौरान तय राशि के अलावा सामग्री का परिवहन प्रतिबंधित है। जगह-जगह चेक पोस्ट बनाए गए हैं और वाहनों की तलाशी ली जा रही है। इसी क्रम में अब तक 30 करोड़ से ज्यादा की सामग्री और नगदी बरामद की गई है। राज्य में आदर्श आचार संहिता लागू होने से लेकर अब तक की स्थिति में 30 करोड़ 52 लाख 32 हजार रूपए की अवैध धन राशि तथा वस्तुएं जब्त की गई है, जिसमें आठ करोड़ 13 लाख 43 हजार रूपए की नगद राशि शामिल हैं।

# वानखेड़े में विश्व कप मैच देखने वाले दर्शकों को मुफ्त में पॉपकॉर्न और कोल्ड ड्रिंक

**मुंबई।** मुंबई क्रिकेट एसोसिएशन (एमसीए) वानखेड़े स्टेडियम पर होने वाले विश्व कप मुकाबलों को देखने के लिए आने वाले सभी प्रशंसकों को मुफ्त में पॉपकॉर्न और कोल्ड ड्रिंक देगा।

मुंबई का वानखेड़े स्टेडियम 2 नवंबर को भारत और श्रीलंका के बीच मैच की मेजबानी करेगा। इसके बाद 15 नवंबर को ऑस्ट्रेलिया बनाम अफगानिस्तान के बीच मैच खेला जाएगा। इसी मैदान पर 15 नवंबर को विश्व कप 2023 का पहला सेमीफाइनल भी खेला जाना है। वानखेड़े स्टेडियम में मैच देखने पहुंचे प्रशंसकों को अपने टिकट काउंटर पर दिखाने होंगे और उस पर मुहर लगने के बाद उन्हें मुफ्त में पॉपकॉर्न और एक कोल्ड ड्रिंक दी जाएगी।

इसका खर्च एमसीए वहन करेगा। हम इसकी शुरुआत भारत बनाम श्रीलंका मैच से करेंगे और सेमीफाइनल तक ऐसा किया जाएगा। एमसीए सदस्य प्रस्ताव पर सहमत हो गए हैं।


## आम सूचना

संपत्ति मौजा नीमखेड़ा पडरिया में स्थित नं.बं. 738 प.ह.नं. 71/67 नया 50, अब 76 रा.नि.मं. खम्हरिया ख.नं. 39/6 के कुल रकवा- 1.09 हे. न.बं. 185 प.ह.नं. 50 ख.नं. 173/2 का कुल रकवा- 0.68 हे. स्वीकृत आवासीय जेनिसिस फेस-1 के स्वीकृत लेआउट में 15/50 कुल एरिया 750 वर्गफुट एवं दूसरा ख.नं. 173/2 के कुल रकवा - 0.68 हे. विक्रय रकवा- 15X50= 750 वर्गफुट यानि 69.70 वर्गमीटर प्लाट खाली हालत में दो अलग-अलग प्लाट है तहसील बरेला जबलपुर का सौदा विक्रेता नीरज शर्मा पिता- दयाराम शर्मा खरीददार क्रेता शंभु रजक पिता स्व. भैया लाल के मध्य उक्त संपत्ति को खरीदने का सौदा किया गया है। जिस किसी व्यक्ति या संस्था को किसी प्रकार से लेन-देन या हक प्रभावित होता हो या किसी प्रकार की आपत्ति हो या उधारी लेन-देन हो तो 15 दिवस के अंदर सूचित करे।

जबलपुर
दिनांक 25.10.2003

संजय कनौजिया (अधिवक्ता)
म.प्र. उच्च न्यायालय जबलपुर
ऑफिस एवं निवास : म.नं. 604
डिफेंस कॉलोनी, सिविल लाइन, जबलपुर
मो. 7697940584
मो. 9907453055, सचिन रजक
मो. 8305689800, नितिन
र.नं. 1464

## न्यायालय - नायब तहसीलदार गोरखपुर, जबलपुर
रा.प्र.क्रं.506/अ-6/2023-24

### इश्तहार

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि श्रीमती प्रिया वलेचा पति विक्की वलेचा स्पर्श बलेचा 2. वीयान वलेचा दोनों के पिता विक्की वलेचा 1205/ए-2 सुधा विहार कॉलोनी रामपुर के द्वारा पंजीकृत विक्रय पत्र दिनांक .... के माध्यम से मौजा रामपुर प.ह.नं. .... ख.नं. 48/1/8 शीट नं.... प्लाट 4/12 नं 1 रकवा 1500 वर्गफुट विक्रेता म.प्र. शासन से विक्रय की गई भूमि पर राजस्व अभिलेखों में अपना नाम दर्ज कराने पंजीकृत विक्रय पत्र/ वसीयतनामा/ बटवारानामा/हस्तांतरण पत्र/ हकत्याग पत्र/ दानपत्र/ फौती एवं नक्शा बटांकन की छायाप्रति संलग्न कर आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है।

अत: उपरोक्त नामांतरण स्वीकृत किये जाने में यदि किसी व्यक्ति/संस्था को कोई आपत्ति हो तो वह अपनी लिखित आपत्ति पेशी दिनांक 26.10.23 तक स्वयं अथवा अपने विधिक प्रतिनिधि के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर पेश कर सकते हैं। समयावधि पश्चात प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा। न्यायालय की मुहर एवं मेरे हस्ताक्षर से आज दिनांक 06.10.23 को जारी।

जारी दिनांक 06.10.2023
पेशी दिनांक 26.10.2023

नायब तहसीलदार एवं
कार्यपालिक दण्डाधिकारी
र.नं. 1465 गोरखपुर, जबलपुर


## प्रथम पृष्ठ का शेष

### अब स्कूल की किताबों में......

लगाने में सक्षम हूं कि भारत गठबंधन पर कैसे हमला किया जाएज् मेरा मानना है कि यह एक उन्मादी प्रतिक्रिया है। अब एनसीईआरटी यह कर रहा है। आप अनुच्छेद 1 के साथ क्या करेंगे जो कहता है कि इंडिया दैट इज भारत। मैं इसका अर्थ नहीं समझ पा रहा हूं इनमें से कोई भीज्यदि इंडिया गठबंधन अपना नाम बदलकर भारत कर लेता है, तो वे क्या करेंगे? **'प्राचीन इतिहास' के स्थान पर 'क्लासिकल हिस्ट्री' शुरू होगी**-हृष्टश्वक्रञ्ज द्वारा गठित हाई लेवल कमेटी ने सभी स्कूली कक्षाओं में इंडिया की जगह भारत शब्द के इस्तेमाल की सिफारिश की है। स्कूली पाठ्यक्रम में संशोधन के लिए गठित समिति ने यह सिफारिश की। समिति के अध्यक्ष सी.आई. इसाक के अनुसार, समिति ने पाठ्यपुस्तकों में इंडिया की जगह भारत शब्द के इस्तेमाल, 'प्राचीन इतिहास' के स्थान पर 'क्लासिकल हिस्ट्री' शुरू करने, सभी विषयों के पाठ्यक्रम में भारतीय ज्ञान प्रणाली (आईकेएस) शुरू करने की सिफारिश की। एक जानकारी के अनुसार, एनसीईआरटी के अधिकारियों ने यह भी बताया कि समिति की सिफारिशों पर अभी कोई फैसला नहीं लिया गया है। इसाक ने कहा, समिति ने सर्वसम्मति से सभी कक्षाओं की पाठ्यपुस्तकों में 'भारत' शब्द के इस्तेमाल की सिफारिश की है। हमने 'प्राचीन इतिहास' के स्थान पर 'क्लासिकल हिस्ट्री' पढ़ाने की भी अनुशंसा की है। **हिंदू विजय गाथाओं पर जोर दिया जाएगा**-उन्होंने कहा कि समिति ने पाठ्यपुस्तकों में विभिन्न संघर्षों में हिंदू विजय गाथाओं पर जोर देने के लिए कहा है। इसाक ने कहा, पाठ्यपुस्तकों में हमारी विफलताओं का उल्लेख किया गया है। लेकिन मुगलों और सुल्तानों पर हमारी विजयों का नहीं। आपको बता दें कि एनसीईआरटी राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के अनुरूप स्कूली पाठ्यपुस्तकों के पाठ्यक्रम को संशोधित कर रहा है। परिषद ने हाल ही में इन कक्षाओं के लिए पाठ्यक्रम, पाठ्यपुस्तकों और शिक्षण सामग्री को अंतिम रूप देने के लिए 19 सदस्यीय राष्ट्रीय पाठ्यक्रम एवं शिक्षण सामग्री समिति (एनएसटीसी) का गठन किया था।


In The Court of III Civil Judge
Class-I, District Court, Jabalpur
presiding Officer:
श्वेता तिवारी
आवेदन पत्र अंतर्गत धारा 372 भारतीय उत्तराधिकार अधिनियम सक्सेशन प्रकरण क्रमांक
(MJC SUC/0000029/2023)
श्याम लाल गौड.........आवेदक
Vs
शाखा प्रबंधक महोदय.... अनावेदक
Process Id- /2023
पेशी दि.:-22/12/2023

प्रेषिती-
(1) आम जनता पता - जबलपुर म.प्र.
(2) आम जनता

आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्याम लाल गौड पता म.नं. 292, ग्राम पड़रिया गौर पोस्ट खमरिया जिला जबलपुर म.प्र. ने मृतक माहीबाई गौड निवासी म.नं. 292, ग्राम पड़रिया गौर पोस्ट खमरिया जिला जबलपुर म.प्र. की सेन्ट्रल बैंक ऑफ इंडिया शाखा बिलहरी जबलपुर में जमा राशि प्राप्ति हेतु राशि/ सम्पत्ति हेतु उत्तराधिकारी अथवा अभिभावक/ संरक्षक नियुक्ति प्रमाण पत्र प्राप्त करने के लिये इस न्यायालय में आवेदन किया है जिसकी सुनवाई दिनांक 22 दिसम्बर 2023 को नियत है।

यदि किसी व्यक्ति को उक्त प्रकरण में आवेदक को उक्त मृतक का उत्तराधिकारी अथवा अभिभावक/संरक्षक होने संबंधी प्रमाण पत्र जारी किये जाने में कोई आपत्ति हो अथवा उक्त प्रकरण में वह अपना हक समझता हो तो पेशी दिनांक 09 अक्टूबर 2023 को न्यायालय में स्वयं अथवा अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित रहें। सूचना उपरांत यदि अनुपस्थित रहे तो प्रकरण की सुनवायी एक पक्षीय की जाकर प्रकरण का निराकरण किया जावेगा। यह आज तारीख 27 सितम्बर 2023 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगा कर दिया गया है।

न्यायालय की मुद्रा-
टिप्पणी - उपस्थिति हेतु प्रकाशन नोटिस के साथ आवेदन पत्र अंतर्गत धारा 372 भारतीय उत्तराधिकार अधिनियम की छायाप्रति संलग्न है।
कृपया ध्यान दें- यदि किसी कारणवश उक्त तिथि को न्यायालय अवकाश पर रहेगा तो आगामी कार्यदिवस पर यह प्रकरण सुनवाई में लिया जायेगा।

(श्वेता तिवारी)
तृतीय व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ खण्ड
र.नं. 1467 जबलपुर, (म.प्र.)


### एक देश एक चुनाव....

अगर देश में लागू करना है तो उसके लिए कानून और संविधान में क्या संशोधन करने पड़ेंगे। सूत्रों के मुताबिक, कमीशन ने कमेटी को बताया कि फिलहाल 2024 के चुनाव में वन नेशन वन इलेक्शन को लागू करना मुमकिन नहीं है, लेकिन 2029 में इसको लागू किया जा सकता है। उससे पहले संविधान में संशोधन करना होगा। समिति ने अपनी दूसरी बैठक में इस बार लॉ कमीशन के चेयरमैन को भी शामिल होने के लिए बुलाया था। समिति जानना चाहती है कि देश में एक साथ चुनाव किस तरह से करवाए जा सकते हैं। इसलिए विधि आयोग के सुझाव और विचार जानने के लिए बुलाया गया था।

### कांग्रेस ने फिर बदले.....

कुशवाह समाज निर्णायक भूमिका में रहता है। कांग्रेस ने पहले कुलदीप सिकरवार पर दांव लगाया था, लेकिन विद्रोह की स्थिति को देखते हुए पार्टी ने कुलदीप सिकरवार का टिकट काटकर वापस अजब सिंह कुशवाह को उम्मीदवार बनाया। **जावरा**-जावरा से कांग्रेस ने हिम्मत श्रीमाल पर दांव लगाया था, लेकिन उम्मीदवार को लेकर विरोध की स्थिति उत्पन्न होने की वजह से पार्टी को वापस विचार विमर्श करना पड़ा। जिसके बाद अब पार्टी ने वीरेंद्र सिंह सोलंकी को प्रत्याशी घोषित किया है। **बड़नगर**-बड़नगर सीट से कांग्रेस ने मुरली मोरवाल का टिकट काटकर राजेंद्र सिंह सोलंकी को प्रत्याशी बनाया था। जिसके बाद राजेंद्र सिंह सोलंकी का विरोध होने लगा। रविवार को मामला इतना ज्यादा गर्मा गया कि एक कार्यकर्ता ने प्रदेशाध्यक्ष कमलनाथ के आवास के बाहर खुद के ऊपर पेट्रोल छिड़ककर आत्मदाह करने की कोशिश की। हालांकि, अन्य कार्यकर्ताओं और मौके पर मौजूद पुलिस ने कार्यकर्ता के हाथ से पेट्रोल से भरी बोतल छीनकर मामले को संभाला।

### आगरा के पास पातालकोट.....

स्टेशन पहुंची थी। यहां से वह झांसी के लिए रवाना हुई। कैंट से आठ किलोमीटर दूर भांडई रेलवे स्टेशन को पार करते ही ट्रेन की जनरल बोगी में तेज धमाका हुआ। इसके बाद धुंआ और आग की लपटें निकलने लगी। बोगी में धुंआ और आग से यात्रियों का दम घुटने लगा। उनमें भगड़द और चीख-पुकार मच गई। ड्राइवर ने इमरजेंसी ब्रेक लगा ट्रेन को रोका। रेलवे कंट्रोल रूम को आग लगने की जानकारी दी। ट्रेन के रुकते ही यात्रियों ने बोगी से कूदकर अपनी जान बचाई। तब तक दोनों बोगी लपटों में पूरी तरह से घिर चुकी थीं। उन्हें ट्रेन के अन्य डिब्बों से अलग करने का प्रयास आरंभ कर दिया गया। इस बीच फायर ब्रिग्रेड आग को काबू करने पहुंच गई। दोनों बोगी में लगी आग को बुझाने का प्रयास जारी है।

### पुलवामा के बाद......

लेकिन चार महिनों तक उनका आवेदन गृह मंत्रालय में पड़ा रहा, जिसे बाद में अस्वीकार कर दिया गया। **सड़क से जाने का फैसला गलत**-मलिक ने बताया कि अगर उनसे विमानों के लिए कहा गया होता तो मैं तुरंत ही इंतजाम कर सकता था। मैंने बर्फ में फंसे छात्रों को विमान उपलब्ध कराया था। दिल्ली में किराए पर विमान आसानी के साथ उपलब्ध होते हैं। मलिक बताते हैं कि आवेदन अस्वीकार होने के बाद जवानों ने सड़क से जाने का फैसला किया, जिसे पहले से ही असुरक्षित माना जा रहा था। **सरकार वादा निभाने में विफल**-अदाणी के मुद्दे पर बोलते हुए सत्यपाल मलिक ने कहा कि सरकार एमएसपी पर अपना वादा निभाने में विफल रही क्योंकि अदाणी ने बड़े-बड़े गोदाम बनाए हैं। औने-पौने दाम पर फसलें खरीदीं, अगले साल उनकी कीमतें बढ़ेंगी और वह उन्हें बेचेंगे। अगर एमएसपी लागू होता है, तो किसान अपने उत्पाद सस्ती दर पर नहीं बेचेंगे।

## निविदा/नियुक्ति/जाहिरात


## न्यायालय तहसीलदार रांझी जबलपुर
रा.प्र.क्रं/0892/अ-6/2023-2024

### आम इश्तहार

आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक लारेस क्लेमेर्ट जेम्स/ जोस्पा कलेमेर्ट जेम्स, नि. 176 चंदन कालोनी संगम पार्क रांझी ने नजूल ब्लाक नं. ... प्लाट नं. ... निर्मित/रकवा ... वर्गफुट/ अवि. हिस्सा.... ग्राम रांझी प.ह.नं. ... खसरा नं. 244/50 रकवा 2000 व.फु./हे. विक्रय पत्र/ हक त्याग/वसीयतनामा/दानपत्र/वारसान हक/ दिनांक .... मृत्यु दिनांक 17/05/1991 को हो जाने के कारण वारसान हक/ क्रय उपरांत नाम दर्ज किये जाने का आवेदन पत्र, शपथ पत्र खसरा की छायाप्रति प्रस्तुत किया है। प्रकरण में आवेदक द्वारा संलग्न नजूल संधारण खसरा/पटवारी/डायवर्सन खसरा अनुसार नजूल ब्लाक नं. ... प्लाट नं. ... निर्मित/रकवा ... वर्गफुट/ अवि. हिस्सा.... ग्राम रांझी प.ह.नं. ... खसरा नं. 244/50 रकवा 2000 व.फु./हे. ए.डी. जेम्स वल्द एन. देवानंद के नाम दर्ज है। अत: किसी व्यक्ति विशेष या संस्था को आपत्ति हो तो अपनी लिखित आपत्ति स्वयं या अपने अभिभावक के माध्यम से दिनांक 04/11/2023 को इस न्यायालय तहसील रांझी जबलपुर में प्रस्तुत कर सकता है। नियत दिनांक के पश्चात प्राप्त आपत्तिकर्ता की आपत्ति पर कोई सुनवाई नहीं की जावेगी। इश्तहार आज दिनांक 18/10/2023 को मेरे हस्ताक्षर न्यायालय की मुद्रा से जारी किया गया।

जारी दिनांक 18/10/2023
पेशी दिनांक 04/11/2023

तहसीलदार,
रांझी, जबलपुर
र.नं. 1468

## न्यायालय तहसीलदार रांझी जबलपुर
रा.प्र.क्रं/0893/अ-6/2023-2024

### आम इश्तहार

आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक कमलजीत सिंह मस्ताना / स्व. इंदर सिंह मस्ताना नि. 2497 आजाद नगर चंद्रशेखर वार्ड रांझी ने नजूल ब्लाक नं. ... प्लाट नं. ... निर्मित/रकवा ... वर्गफुट/ अवि. हिस्सा 104/1 ग्राम रांझी प.ह.नं. 22/25 खसरा नं. 101, 102, 103, 104, रकवा 5400 व.फु./हे. विक्रय पत्र/ हक त्याग/वसीयतनामा/दानपत्र/वारसान हक/ दिनांक 26/02/1975 मृत्यु दिनांक 20/07/1987 को हो जाने के कारण वारसान हक/ क्रय उपरांत नाम दर्ज किये जाने का आवेदन पत्र, शपथ पत्र खसरा की छायाप्रति प्रस्तुत किया है। प्रकरण में आवेदक द्वारा संलग्न नजूल संधारण खसरा /पटवारी/डायवर्सन खसरा अनुसार नजूल ब्लाक नं. ... प्लाट नं. ... निर्मित/रकवा ... वर्गफुट/ अवि. हिस्सा 104/1 ग्राम रांझी प.ह.नं. 22/25 खसरा नं. 101, 102, 103, 104, रकवा 5400 व.फु./हे. सत्य प्रकाश मोहता/ प्रकाश मोहता के नाम दर्ज है। अत: किसी व्यक्ति विशेष या संस्था को आपत्ति हो तो अपनी लिखित आपत्ति स्वयं या अपने अभिभावक के माध्यम से दिनांक 04/11/2023 को इस न्यायालय तहसील रांझी जबलपुर में प्रस्तुत कर सकता है। नियत दिनांक के पश्चात प्राप्त आपत्तिकर्ता की आपत्ति पर कोई सुनवाई नहीं की जावेगी। इश्तहार आज दिनांक 16/10/2023 को मेरे हस्ताक्षर न्यायालय की मुद्रा से जारी किया गया।

जारी दिनांक 16/10/2023
पेशी दिनांक 04/11/2023

तहसीलदार,
रांझी, जबलपुर
र.नं. 1469

## क्षेत्रीय कार्यालय मध्य प्रदेश प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड कटनी

### लोक सुनवाई की आम सूचना (शुद्धि पत्र)

मेसर्स डी. ए. माइंस एंड मिनिरल्स, पार्टनर विवेक दुबे डोलोमाइट माइन खसरा नं. 293,294 एंड 295 ग्राम-माल्हन, तह. बडवारा जिला कटनी (म.प्र.) लीज क्षेत्रफल 3.42 हेक्टेयर, उत्खनन क्षमता डोलोमाइट 51,488 टन प्रतिवर्ष की पर्यावरणीय स्वीकृति हेतु लोक सुनवाई की आम सूचना का प्रकाशन दिनॉक 24.09.2023 दिन रविवार को किया गया था उक्त आम सूचना में निम्नानुसार संशोधन किया जाता है:-

पर्यावरणीय स्वीकृति हेतु लोक सुनवाई दिनॉक 27.10.2023 दिन शुक्रवार समय सुबह 11.30 बजे निर्धारित की गई थी । वर्तमान में निर्वाचन के कार्य प्रक्रियाधीन होने से उक्त निर्धारित तिथि को स्थागित कर दिनॉक 07.12.2023 दिन गुरूवार समय 01.00 बजे निर्धारित की जाती । शेष प्रविष्टि पूर्ववत् रहेगी।

क्षेत्रीय अधिकारी

## नाम की स्पेलिंग में सुधार की सूचना

मैं ARCHIE MODI D/O ANIL MODI यह सूचित करती हूं कि मेरे पासपोर्ट नंबर M0952427 जारी दिनांक 19/08/2014 वैद्यता दिनांक 18/08/2019 में मेरे नाम की स्पेलिंग ARCHI MODI लिखी हुई हैं, जिसे बदलकर मैंने अपने नाम की स्पेलिंग ARCHIE MODI रख ली है, जो कि मेरी कक्षा 10 वीं, एवं डिप्लोमा की अंकसूचियों तथा मेरे आधार कार्ड, वोटर आई.डी. एवं बैंक पासबुक आदि में लिखी हुई है।

अत: मेरे नाम की स्पेलिंग को ARCHIE MODI ही पढ़ा-लिखा एवं समझा जावें ।

त्रुटिपूर्ण नाम -
ARCHI MODI
वर्तमान नाम -
ARCHIE MODI
पता-582, AGRAWAL COLONY, KAMLA NEHRU WARD, NEAR JAIN MANDIR, JABALPUR (M.P.) PIN-482002

र.नं. 1470

# देश-प्रदेश

## उवाच

### एयरपोर्ट पर मुझे कमरे में बंद किया था

**नई दिल्ली।** राहुल गांधी ने कहा, मैंने पुलवामा के बारे में सुना तो पता लगा कि शहीद एयरपोर्ट आ रहे हैं तो मुझे मेरे सिक्योरिटी वाले ने कहा था कि- आप एयरपोर्ट मत जाओ, लेकिन मैंने कहा कि मैं जा रहा हूं। तब उस समय मुझे एयरपोर्ट पर कमरे में बंद कर दिया गया। शहीद आए हुए थे और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आ रहे हैं। मैं लड़कर कमरे से निकला तो लगा तो कि पूरा शो बनाया जा रहा है।



मुख्यमंत्री ने नर्मदापुरम में किया रोड शो, नरसिंहपुर, मुलताई और टिमरनी में की सभाएं, बोले-

## कांग्रेस में चल रही कपड़ा फाड़ प्रतिस्पर्धा



**भोपाल, देशबन्धु।** मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि कांग्रेस की हालत अजब-गजब हो गई है। सोनिया कांग्रेस, खड़गे कांग्रेस बनी, फिर मध्यप्रदेश में कमलनाथ कांग्रेस हो गई। कमलनाथ ने तो क्या, उनके बेटे ने भी टिकट बांट दिए और जब टिकट को लेकर कोलाहल मचा, लोग कमलनाथ के पास पहुंचे तो कमलनाथ ने कहा, कपड़े फाड़ना है तो दिग्विजय सिंह और जयवर्धन सिंह के फाड़ो।

श्री चौहान ने नर्मदापुरम में रोड शो कर नरसिंहपुर, मुलताई और टिमरनी में विशाल चुनावी सभाओं को संबोधित करते हुए यह बात कही। उन्होंने कहा कि कांग्रेस कपड़ा फाड़ हो गई। कांग्रेस टिकट बदल कांग्रेस बन गई है। कांग्रेस ने घबराकर कई जगह टिकट बदल दिए हैं। कांग्रेस की हालत तो बड़ी अजब-गजब हो गई है। अब देखते हैं कांग्रेस में आगे और क्या होने वाला है। मुख्यमंत्री ने कांग्रेस पर हमला बोलते हुए कहा कि, कांग्रेस की विकृत मानसिकता देखिए उन्हें कन्या पूजन नाटक-नौटंकी लगती है। उन्होंने कहा कि बेटियों का पूजन दिग्विजय सिंह और कमलनाथ के लिए नाटक-नौटंकी होगी, लेकिन मेरे लिए यह जीवित जागृत देवियां है। मैं हर कार्यक्रम से पहले कन्या पूजन करता हूं और करता रहूंगा।

उन्होंने कहा कि, मध्यप्रदेश अब पिछड़ा नहीं है, मध्यप्रदेश अब बीमारू भी नहीं है। मध्यप्रदेश को विकसित प्रांतों की कतार में ले जाकर खड़ा कर दिया है। हमारा संकल्प है कि, अब मध्यप्रदेश को हिंदुस्तान का नं-1 राज्य बनाकर रहेंगे। श्री चौहान ने कार्यकर्ताओं को भाजपा की विजय का संकल्प भी दिलाया। उन्होंने कहा कि, आप जीत का रिकॉर्ड बनाइए और भाजपा विकास का रिकॉर्ड बनाएगी।

कमलनाथ ने उठाए सवाल, कहा-

## प्रदेश की स्वास्थ्य व्यवस्था खस्ताहाल



**भोपाल, देशबन्धु।** पूर्व मुख्यमंत्री एवं प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष कमलनाथ ने बुधवार को ट्वीट कर प्रदेश की स्वास्थ्य व्यवस्था पर सवाल उठाए। उन्होंने कहा कि सरकार आने पर वरदान स्वास्थ्य बीमा योजना की शुरुआत की जाएगी। इस योजना के जरिए लोगों का 25 लाख का स्वास्थ्य बीमा मुहैया कराया जाएगा। इसमें 10 लाख रुपए का दुर्घटना बीमा भी शामिल है। कमलनाथ ने कहा कि शिवराज सरकार के 18 वर्ष के कार्यकाल में मध्य प्रदेश स्वास्थ्य सुविधाओं के मामले में पिछड़े राज्यों की पंक्ति में आ कर खड़ा हो गया है। उन्होंने आरोप लगाया कि मध्य प्रदेश में बीमार और गर्भवती महिलाओं को एंबुलेंस तक नहीं मिलती है और आयुष्मान कार्ड धारकों का इलाज भी नहीं हो प रहा है। कमलनाथ ने कहा कि राज्य में मृतकों का उपचार दिखाकर घोटाला किया जा रहा है। उन्होंने व्यापम और नर्सिंग कॉलेज घोटालों के जरिए राज्य की छवि खराब करने का आरोप भी सिरकार पर लगाया।

### कमलनाथ विशाल रैली के साथ आज दाखिल करेंगे नामांकन

पूर्व मुख्यमंत्री एवं प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष कमलनाथ गुरुवार को छिंदवाड़ा विधानसभा क्षेत्र से नामांकन दाखिल करेंगे। कमलनाथ 12:00 बजे शिकारपुर से छिंदवाड़ा के लिए प्रस्थान करेंगे और 12:15 पर छोटी बाजार पहुंचेंगे। जहां पर राम मंदिर एवं बड़ी माता मंदिर में पूजा अर्चन के बाद 12:40 बजे कमलनाथ श्याम टॉकीज स्थित प्राचीन राम मंदिर पहुंचेंगे। यहां से पूजा कर वे रथ पर सवार होंगे। उसके बाद 12:50 बजे विशाल रैली प्रारंभ होगी, जो शहर के विभिन्न मार्गो से होते हुए 2:00 बजे कलेक्ट्रेट ऑफिस पहुंचेगी। जहां कमलनाथ नामांकन दाखिल करेंगे। नामांकन दाखिल करने के बाद कमलनाथ 2:25 बजे वे सभा स्थल मानसरोवर कांप्लेक्स पहुंचकर विशाल जनसभा को संबोधित करेंगे।

## मोदी और भाजपा ही बदलेंगे भारत की तस्वीर : शिवराज






केंद्रीय मंत्री प्रहलाद के नामांकन में पहुंचे शिवराज, जनसभा को संबोधित किया

**नरसिंहपुर।** मप्र के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने आज नरसिंहपुर जिले की जनता से अपील की, कि वे भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशियों को रिकॉर्ड मतों से जिताएं और भाजपा को विकास के नये रिकॉर्ड कायम करने का अवसर दें। सीएम चौहान ने कहा कि पीएम नरेंद्र मोदी और भाजपा ही है, जो भारत के नए विकास की इबारत लिख सकते हैं।

श्री चौहान ने जनता को संकल्प दिलाया कि वे भाजपा को वोट दें। श्री चौहान नरसिंहपुर में केन्द्रीय खाद्य प्रसंस्करण उद्योग एवं जलशक्ति मंत्री प्रहलाद पटैल के नामांकन भरने के पूर्व आयोजित जनसभा को संबोधित कर रहे थे। कार्यक्रम में केन्द्रीय मंत्री एवं नरसिंहपुर से प्रत्याशी प्रहलाद सिंह पटैल, गोटेगांव से महेंद्र नागेश, तेंदूखेड़ा से विश्वनाथ सिंह (मुलायम भैया) एवं गाडरवारा से सांसद उदय प्रताप सिंह, राज्यसभा सांसद कैलाश सोनी, विधायक जालम सिंह पटेल, जिलाध्यक्ष अभिलाष मिश्रा, पूर्व विधायक हाकम सिंह, पूर्व विधायक दिलीप दुबे, भाजपा नेता अमिता चपरा, राजकुमार जैन, सुनील कोठारी, महंत प्रीतम पुरी, एडवोकेट शैलेंद्र वर्मा सहित पार्टी के कार्यकर्ता व पदाधिकारियों की उपस्थिति रही।

### विकास का संकल्प पूर्ण करेंग : प्रहलाद

**संघर्ष व्यर्थ नहीं जाने देंगे-प्रहलाद**-केन्द्रीय खाद्य प्रसंस्करण उद्योग एवं जलशक्ति मंत्री प्रहलाद पटैल ने कहा कि नरसिंहपुर से हमारे अपनों के संघर्ष और त्याग का परिणाम हैं कि आज हम देश और समाज की सेवा करने की स्थिति में हैं। उन्होंने कहा कि इस संघर्ष को हम व्यर्थ नहीं जाने देंगे। नरसिंहपुर की माटी का प्रताप है कि यहां के लोग कभी लालच में आकर वोट नहीं आते। उन्होंने कहा कि मेरे अनुज जालम सिंह को साधुवाद कि उन्होंने जिद ठानकर मेरे लिये नरसिंहपुर की सीट छोड़ दी। राजनीति में ऐसे उदाहरण विरले ही हैं। उन्होंने कहा चुनाव का अवसर है इसलिए हम वोट मांग रहे हैं लेकिन हमारे वोट मांगने का उद्देश्य अलग है। हम चाहते हैं कि जनता हमारे विकास, लक्ष्य और नीयत को ध्यान में रखकर हमें वोट दे।

केन्द्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा ने कहा-

## कांग्रेस ने छीना आदिवासियों का हक, भाजपा सरकार ने दिए अधिकार



**भोपाल, देशबन्धु।** केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा ने कहा कि कांग्रेस जहां जनजातीय समाज के लिए हितों की अनदेखी करती रही और इसीलिए देश-प्रदेश की जनता ने उसे नकार दिया है। वहीं भाजपा की सरकारों ने जनजातीय समाज की भलाई के लिए किए हैं, उनसे कांग्रेस घबराई हुई है और यही बात उसके वचन पत्र से भी स्पष्ट होती है। केन्द्रीय मंत्री ने यह बात आज पत्रकारवार्ता में कही। भाजपा के प्रदेश मीडिया सेंटर में उन्होंने पत्रकारों से चर्चा करते हुए श्री मुंडा ने कहा कि कांग्रेस ने जनजातीय समाज को उपेक्षित रखा। कांग्रेस पार्टी सत्ता में बने रहने के लिए हथकंडे अपनाती रही। श्री मुंडा ने कहा कि कांग्रेस ने जो वादे जनजातीय समाज से किए, उन्हें पूरा नहीं किया, जो नीतियां बनाई लागू नहीं की। जनजातीय आबादी के अनुसार जो उप योजनाएं बनीं, उनका अनुसरण भी कांग्रेस ने नहीं किया। उन्होंने कहा कि शिक्षा, स्वास्थ्य, आवागमन और सिंचाई जैसी सुविधाओं पर भी कांग्रेस ने ध्यान नहीं दिया। श्री मुंडा ने कहा कि कांग्रेस ने हमेशा जनजातीय हितों को नजरअंदाज किया, इसलिए देश और प्रदेश के जनजातीय समाज ने, जनता ने उसे नकार दिया है।

उन्होंने कहा कि गत वर्ष 15 नवंबर को शहडोल में आयेजित कार्यक्रम में राष्ट्रपति श्रीमती द्रोपदी मुर्मू जी ने पेसा एक्ट के अंतर्गत प्रबंधन के दायित्व पंचायतों और ग्राम सभाओं को देने की शुरुआत कर दी थी। लेकिन कांग्रेस इसके लिए अपने वचन पत्र में वादा कर रही है। श्री मुंडा ने कहा कि कांग्रेस ने अपने वचन पत्र में जनजातीय अधिकारों के लिए कानून बनाने की बात की है, जबकि पूर्व प्रधानमंत्री स्व. अटलबिहारी वाजपेयी जी की सरकार अलग से जनजातीय कार्य मंत्रालय और संवैधानिक तौर पर अलग आयोग बनाने का काम पहले ही कर चुकी है।

उन्होंने कहा कि भाजपा की सरकार ने प्रदेश के जनजातीय क्षेत्रों में 63 आवासीय विद्यालय खोले हैं, जबकि मध्यप्रदेश सरकार ने 95 सीएम राइज स्कूल खोले हैं। कांग्रेस के समय में सिर्फ 03 कन्या शिक्षा परिसर थे, जिन्हें भाजपा की सरकार ने 84 तक पहुंचा दिया है। कांग्रेस के समय में 725 आश्रम थे, जिन्हें भाजपा की सरकार ने 1083 तक बढ़ा दिया है। कांग्रेस के समय में खेल परिसरों की संख्या महज 14 थी, जिन्हें भाजपा की सरकार ने 26 तक पहुंचा दिया है। आज प्रदेश के आश्रमों, छात्रावासों, विद्यालयों, एकलव्य शालाओं, कन्या शिक्षा परिसर एवं क्रीड़ा परिसरों में लगभग 24 लाख जनजातीय विद्यार्थी अध्ययन कर रहे हैं।

कांग्रेस सरकार आने पर फिर शुरू होगा शुद्ध के लिए युद्ध, कांग्रेस प्रवक्ता बोलीं-

## भाजपा सरकार में 85 प्रतिशत मिलावट के मामले लंबित



**भोपाल, देशबन्धु।** कांग्रेस की राष्ट्रीय प्रवक्ता अलका लांबा ने आज खाद्य पदार्थों में मिलावट के लिए प्रदेश की भाजपा सरकार पर निशाना साधा है। उन्होंने आरोप लगाया कि मिलावटखोरों से चदा लेने का अरोप लगाया है। का उपयोग कर भाजपा चुनाव जीतना चाहती है। सुश्री लांबा ने आरोप लगाया कि दूध, पनीर, खोया, सभी में मिलावट की जा रही है, बच्चे, बुर्जुग सभी मिठाई के शौकीन होते हैं, लेकिन उनकी जान से खिलवाड़ किया जा रहा है। यह बात उन्होंने आज पत्रकारवार्ता में कही।

उन्होंने कहा कि प्रदेश के भिंड जिले में मिलावट के 2011 से लेकर 2023 तक के 85 प्रतिशत मामलों में कोई कार्रवाई या कोई सजा नहीं हुई है। आज मैं देश की सरकार से पूछना चाहती हूं कि 80 करोड़ लोगों को राशन देने का दावा करने वाली सरकार आज बताएं कि मध्य प्रदेश में डबल इंजन की सरकार आखिरकार रोजगार देने में विफल क्यों रही है, महंगाई कम क्यों नहीं हो रही है। मध्यप्रदेश में 78000 बच्चे जो आदिवासी समाज से आते हैं वह मिलावट और कुपोषण की वजह से दम तोड़ रहे हैं। उन्होंने एक वीडियो दिखाते हुए कहा कि ऐसा अनाज जिसमें रेत और धूल मिलायी जा रही है, गेहूं का वजन बढ़ाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि वहीं सरकारी गेहूं का वजन बढ़ाने के लिए मिलावट की जा रही है, वहीं बच्चे कुपोषण का शिकार हो रहे हैं, उनका वजन कम हो रहा है।

सुश्री लांबा ने यहां स्मृति ईरानी पर तंज कसते हुए कहा कि 12वीं पास मंत्री को महिला बाल विकास मंत्री बनाया गया है।

उन्होंने कहा कि शुद्ध के लिए युद्ध चलाकर कमलनाथ जी की सरकार ने सख्ती दिखायी, मामले दर्ज किए थे, मिलावट के खिलाफ इस युद्ध को अंत तक लेकर जाएंगे। सुश्री लांबा ने कहा कि जब तक मिलावट माफिया का खात्मा मध्य प्रदेश से नहीं हो जाता है कांग्रेस का शुद्ध के लिए युद्ध जारी रहेगा, हम पूरी ताकत के साथ संघर्ष करते रहेंगे और फिर सरकार में आएंगे और मिलावटखोरों का चेहरा बेनकाव करेंगे।

## अजय सिंह आज दाखिल करेंगे नामांकन



**भोपाल, देशबन्धु।** पूर्व नेता प्रतिपक्ष और चुरहट विधानसभा क्षेत्र से कांग्रेस उम्मीदवार अजय सिंह राहुल भैया गुरुवार को नामांकन दाखिल करेंगे। इसके पहले श्री सिंह अपने निज निवास शिवराजपुर सांडा से सीधी कलेक्ट्रेट कार्यालय के लिए नामांकन दाखिल करने के लिए अपने समर्थकों के साथ निकलेंगे। वहीं कांग्रेस उम्मीदवार कार्यकर्ताओं के साथ स्वर्गीय कुंवर अर्जुन सिंह की समाधि स्थल पहुंचकर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि देंगे। वे चुरहट में कुलदेवी झदवा माता जी के दर्शन और पूजा अर्चना करने भी जाएंगे। उसके बाद श्री सिंह पूर्वान्ह 11 बजे बिना सादगी के साथ जिला कलेक्टर कार्यालय सीधे पहुंचेंगे और नामांकन दाखिल करेंगे। नामांकन पत्र दाखिल करने के बाद वह हनुमानगढ़ और झाला में चुनावी सभा सभाएं कर अपने चुनाव अभियान की शुरुआत करेंगे।

## 16 दिन में 134 करोड़ की सामग्री जब्त

**भोपाल, देशबन्धु।** विधानसभा की आचार संहिता लगने के बाद से ही प्रदेश सिस्टम पूरी तरह से अलर्ट मोड में है. नौ अक्टूबर से प्रदेश में विधानसभा चुनाव की आचार संहिता लागू हुई. उसके बाद नौ अक्टूबर से 23 अक्टूबर तक 134 करोड़ रुपये की सामग्री अब तक जब्त की जा चुकी है. इसमें 23 करोड़ रुपये की अवैध शराब भी शामिल है. 2018 के चुनाव में 73 करोड़ रुपये की सामग्री जब्त की गई थी.

प्रदेश में आचार संहिता लगने के बाद से एनफोर्समेंट एजेंसियां अलर्ट मोड पर हैं. अब तक इन एजेंसियों द्वारा कार्रवाई कर अवैध शराब, नगदी सोना चांदी जब्त की गई है. नौ अक्टूबर से 23 अक्टूबर तक प्रदेश में 23 करोड़ रुपये की कीमत की 14 लाख लीटर से अधिक अवैध शराब जब्त की जा चुकी है, जो पिछले विधानसभा चुनाव की अपेक्षा दोगुनी से भी अधिक है. साल 2018 के चुनाव में छह लाख लीटर शराब जब्त की गई थी. मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी अनुपम राजन ने बताया कि विधानसभा चुनाव को लेकर प्रदेश में नौ अक्टूबर से आचार संहिता प्रभावशील है।

### महिला मोर्चे की बैठकें आज

**भोपाल, देशबन्धु।** विधानसभा चुनाव की तैयारियों की दृष्टि से भारतीय जनता पार्टी महिला मोर्चा के 9 संभाग की प्रवासी, विधानसभा प्रभारी और संभाग प्रभारी बहनों की बैठकें 26 अक्टूबर को सभी संभागीय मुख्यालय पर आयोजित की गयी है। भोपाल और नर्मदापुरम संभाग की बैठक भारतीय जनता पार्टी प्रदेश कार्यालय भोपाल में प्रातः 11 बजे आहूत की गयी है। बैठक को मोर्चा की चुनाव प्रभारी श्रीमती साल्वी शलाका और महिला मोर्चा की प्रदेश अध्यक्ष श्रीमती माया नारोलिया का मार्गदर्शन प्राप्त होगा। महिला मोर्चा की प्रदेश अध्यक्ष श्रीमती माया नारोलिया ने बताया कि ग्वालियर एवं चंबल संभाग की बैठक ग्वालियर जिला कार्यालय में प्रातः 11 बजे संपन्न होगी। बैठक को महिला मोर्चा की राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एवं चुनाव प्रभारी श्रीमती रेखा गुप्ता का मार्गदर्शन प्राप्त होगा। रीवा शहडोल संभाग की बैठक रीवा जिला कार्यालय में दोपहर 1 बजे संपन्न होगी।

8 बार जीते भार्गव ने नौवीं बार भरा पर्चा, केन्द्रीय मंत्री बोले-

## अपराजेय योद्धा का नामांकन भरवाने आया हूँ



**भोपाल, देशबन्धु।** विधानसभा चुनाव में लगातार आठ बार निर्वाचित हुए प्रदेश सरकार ने वरिष्ठ मंत्री गोपाल भार्गव ने आज नौवीं बार रहली विधानसभा से नामांकन दाखिल किया। इसके पहले वह केन्द्रीय मंत्री डॉ. खटीक और बड़ी संख्या कार्यकर्ताओं के साथ नामांकन जमा करने के लिए रहली एसडीएम कार्यालय पहुंचे। नामांकन पत्र दाखिल करने के बाद कृषक स्टेडियम में एक चुनावी जनसभा का आयोजन किया गया। जनसभा को सम्बोधित करते हुए केंद्रीय मंत्री वीरेंद्र कुमार ने कहा कि आज मैं एक अपराजेय योद्धा का नामांकन भरवाने के लिए आया हूँ। न मैंने कोई चुनाव हारा है और न भार्गव जी ने आज तक कोई चुनाव हारा है, और मुझे विश्वास है कि रहली की जनता रिकॉर्ड मतों से गोपाल भार्गव को विजयी बनाकर क्षेत्र के उत्तरोत्तर विकास में एक नई इबारत के साथ साथ नौंवी जीत का नया रिकॉर्ड बनाएगी।

वहीं भाजपा प्रत्याशी श्री भार्गव ने कहा कि यह चुनाव मैं नहीं इस क्षेत्र की जनता लड़ेगी। उन्होंने जनता से कहा कि लगातार 8 बार से रहली में भाजपा की जीत का सिलसिला चला आ रहा है। इस बार भी आप भाजपा को जिताएंगे लेकिन इस बार रहली विधानसभा की जीत का अंतर इतना बढ़ा हो कि भाजपा नेतृत्व भी रहली की जीत को देखकर दंग रह जाए और पूरे प्रदेश में रहली की जीत का एक रिकॉर्ड बन जाए। जनसभा में रामदास महंत, रणधीर ठाकुर, सुरेश कपास्या, गोविंद पटेल पटना, इंद्रपाल लोधी, पन्नालाल आदिवासी, महेश यादव, जाकिर खान, श्रीमती अनीता कुशवाहा सहित पार्टी पदाधिकारी मौजूद थे। मंच संचालन विक्की जैन और आभार अभिषेक भार्गव ने जताया।

दोनों प्रमुख दलों की चिंता बढ़ी

## झाबुआ-अलीराजपुर की 5 सीटों पर बागियों ने ठोकी ताल

**धर्मेन्द्र पांचाल**

**झाबुआ, देशबन्धु।** वेब सीरीज़ मिर्जापुर में कालीन भैया का जैसा भौकाल था, वैसा ही आदिवासी अंचल झाबुआ-अलीराजपुर में बागियों का दिख रहा है। इन दो जिलों में 5 विधानसभा सीटें है। जिनमें झाबुआ में झाबुआ, थांदला व पेटलावद हैं तो 2 सीटें अलीराजपुर और जोबट अलीराजपुर जिले में है। कांग्रेस और भाजपा - दोनों ने इन सीटों के लिए अपने-अपने उम्मीदवार तय कर दिए है। परंतु अपनी ही पार्टी के बागियों के तेवर ने दोनों ही दलों के माथे पर चिंता की लकीरें डाल दी है।

### झाबुआ में बागी बिगाड़ेंगे खेल

झाबुआ विधानसभा में कांग्रेस ने कांतिलाल भूरिया के बेटे विक्रांत को टिकट दिया। जिसके चलते पूर्व विधायक जेवियर मेढ़ा ने बगावत कर दी। उन्होंने 'आप' व निर्दलीय के रूप में निर्वाचन फॉर्म लिया है। मतलब साफ़ है आप टिकट देती है, तो ठीक वरना निर्दलीय लड़ना तय है। ठीक इसी तरह भाजपा में भानू भूरिया के प्रत्याशी घोषित होते ही विरोध के स्वर प्रबल हुए। कई जगह उनके पुतले तक फूंक दिए गए। बीते दिनों झाबुआ में आने पर मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान और प्रदेशाध्यक्ष वीडी शर्मा ने असंतुष्टों को साधने का प्रयास किया था। उसके बावजूद पूर्व नपाध्यक्ष धनसिंह बारिया ने निर्दलीय के रूप में फॉर्म ले लिया। ठीक इसी तरह सोमवार तक भाजपा का काम कर रहे जिला महामंत्री सोमसिंह सोलंकी ने मंगलवार को करवट बदली। सोलंकी मंगलवार को निर्वाचन फॉर्म लेकर बोले कि कार्यकर्ताओं के मन की बात को सुनेंगे। झाबुआ में भाजपा प्रत्याशी को जिताने का जिम्मा भी जिला महामंत्री सोमसिंह सोलंकी के पास ही है। उनके बागवत तेज करने से पार्टी के नेता असहज दिख रहे है। यहां के राजनीतिक परिदृश्य को देखे तो बागी दोनों पार्टी का खेल बिगाड़ने के लिए बिसात बिछा चुके है।

### थांदला में भाजपा कार्यकर्ताओं में उत्साह नहीं, जयस की धमक से कांग्रेस को डर



थांदला विधानसभा में कांग्रेस ने वर्तमान विधायक वीरसिंह भूरिया को अपना उम्मीदवार बनाया है। तो वहीं भाजपा ने अपने पुराने खिलाड़ी कलसिंह भाबर पर दांव लगाया है। वीरसिंह और कलसिंह का यह तीसरा मुकाबला है, जिसमें से 2 बार वीरसिंह विजयी हुए है। यहां पर जयस ने माजू डामोर को अपना प्रत्याशी बनाया है, जिसके चलते कांग्रेस को अपने वोट कटने का डर है। भाजपा ने जब से कलसिंह भाबर के नाम की घोषणा की है तब से कुछेक कार्यकर्ताओं को छोड़कर पार्टी में उत्साह की कमी देखी जा रही है। कार्यकर्ताओं का कहना है कि इसकी वजह 2003 से एक ही उम्मीदवार होना है। यहां पर भाजपा के वरिष्ठ नेता व पूर्व सांसद प्रतिनिधि दिलीप कटारा और तानसिंह डामोर ने निर्दलीय लड़ने का ऐलान कर दिया है। जिसके चलते भाजपा की मुसीबतें बढ़ेंगी। आपको बता दें कि 2018 में भी कलसिंह भाबर, दिलीप कटारा की बगावत के चलते हारे थे।

### पेटलावद में निर्मला की राह में रमेश बनेंगे रोड़ा

पेटलवाद से भाजपा ने वरिष्ठ भाजपा नेता निर्मला भूरिया को टिकट दिया है। तो वहीं कांग्रेस ने वर्तमान विधायक वालसिंह मेढ़ा को उम्मीद्वार बनाया है। पेटलावद में कांग्रेस और भाजपा दोनों के बागी मैदान में उतरने के लिए तैयार है। कांग्रेस में टिकट नहीं मिलने के बाद से अकमाल मालू ने जहां अपना दमखम दिखाकर नामांकन भरा है। तो वहीं निर्मला की राह में रोड़ा अटकाने के लिए जनपद अध्यक्ष रमेश सोलंकी ने भी निर्वाचन फॉर्म लिया है। साथ ही यहां पर आम आदमी पार्टी और भारत आदिवासी पार्टी ने अपने उम्मीदवार उतारे हैं। जिसके चलते पेटलावद का राजनीतिक माहौल गर्म है।

### अलीराजपुर की दोनों सीटों पर भाजपा के बागी तैयार

अलीराजपुर और जोबट विधानसभा में टिकट की घोषणा के बाद से भाजपा में बगावत खुलकर सामने आ गई है। अलीराजपुर से पूर्व जिलाध्यक्ष वकीसिंह ठकराला ने समर्थकों के साथ बैठक कर निर्दलीय लड़ने का ऐलान कर दिया है। वे सोमवार को नामांकन फॉर्म भी ले आए है। तो वहीं इसी तरह जोबट के पूर्व विधायक व मप्र वन विकास निगम मंडल के अध्यक्ष माधोसिंह डावर ने कार्यकर्ताओं के साथ जाकर नामांकन फॉर्म लिया है। यहां पर कांग्रेस की टिकट आने से पहले पूर्व विधायक कलावती भूरिया के भतीजे दीपक भूरिया ने इस्तीफा दिया है। हालांकि वह क्या करेंगे, इसको लेकर अभी उन्होंने पत्ते नहीं खोले है।

**नाम परिवर्तन सूचना**

मैं ARMY N0 2702950M, RANK-HAV, NAME- KEDAR GORAKH POPAT, UNIT- 12 GRENADIERS R/O Village- JAMGAON, POST- JAMGAON, TEH- PARNER, DISTT- AHMADNAGER, STATE- MAHARASHTRA PIN-414103 शपथपूर्वक कथन करता हूं कि मेरे सर्विस रिकार्ड में मेरी पत्नी का नाम KADAM USHA DEVI एवं मेरी पुत्री का नाम NEHA एवं मेरे पुत्र का नाम PIYUSH दर्ज है जो कि गलत है। मेरी पत्नी का सही नाम USHADEVI GORAKH KEDAR एवं मेरी पुत्री का सही नाम NEHA GORAKH KEDAR एवं मेरे पुत्र का सही नाम PIYUSH GORAKH KEDAR है जो कि उनके आधार कार्ड एवं अन्य कागजातों में दर्ज है एवं मेरी पत्नी एवं पुत्री एवं मेरे पुत्र के इन नामों को पढ़ा व सुना एवं मेरे सर्विस रिकार्ड में दर्ज किया जावे।

देशबन्धु



जबलपुर, गुरूवार 26 अक्टूबर 2023

संस्थापक-संपादक : स्व. मायाराम सुरजन

## मणिपुर त्रासदी से 'व्यथित' मोहन भागवत

उत्तर पूर्वी राज्य मणिपुर में हुए मैतेई-कुकी संघर्ष से उत्पन्न त्रासदी से लोग बहुत व्यथित हुए थे। इस साल के मई महीने से जारी साम्प्रदायिक दंगों में सैकड़ों मारे गये हैं, हजारों बेघर हुए हैं, अनेक पूजा स्थलों को नुकसान पहुंचा और करोड़ों रुपयों की सम्पत्ति नष्ट हुई है। इसने पूरे देश को ही नहीं वरन दुनिया भर को हिलाकर रख दिया था। अनेक देशों में भी इन दंगों की गूंज सुनाई दी थी। विश्व भर के कई अखबारों ने इस घटना को विस्तार से छापा था। इसके बावजूद इस घटना को लेकर भारतीय जनता पार्टी खामोश रही, उसके नेता खामोश रहे। केन्द्र सरकार मौन थी और मणिपुर सरकार ने भी इस घटनाक्रम को दबाये रखा था। 3 मई का अगर वह वीडियो वायरल न होता तो शायद यह पूरा का पूरा घटनाक्रम दफ्न कर दिया जाता, जिसमें दो कुकी महिलाओं को नग्न कर उनकी परेड निकाली गई थी। उसके पहले उनका उत्पीड़न हुआ था। मीडिया से दूर भागने वाले प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को भी संसद के विशेष सत्र के पहले संक्षिप्त बयान संसद भवन के बाहर देना पड़ा था, क्योंकि इसका संज्ञान स्वयं सुप्रीम कोर्ट ने लिया था। मोदी ने दुख भरे स्वरों में कहा कि इस घटना से उन्हें बहुत पीड़ा पहुंची है।

और भी जिन लोगों को इस घटना से पीड़ा पहुंची, उनमें अब राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रमुख मोहन भागवत का नाम भी शामिल हो गया है। विजयादशमी को अपना परम्परागत भाषण देते हुए भागवत ने 'इस घटना के पीछे विदेशी ताकतों का हाथ' बताया। साथ ही उन्होंने केन्द्र सरकार की असफलता को एक तरह से कबूल करते हुए कहा कि 'गृह मंत्री अमित शाह को वहां जाना चाहिये, मंत्रियों को जाकर बैठना चाहिये।' मणिपुर की घटना को उन्होंने भारत की अखंडता और एकता से भी जोड़ दिया। सम्भव है कि इस बयान के पीछे लोगों को भागवत की सदाशयता, दंगा पीड़ितों के प्रति सहानुभूति या प्रेम भाव दिखे परन्तु उनके इस बयान की तह में जाने की आवश्यकता है तभी इसकी विसंगतियां और संघ प्रमुख की मंशा साफ होगी।

पहली बात तो यह है कि स्वयं भागवत को इस बात का जवाब देना चाहिये कि उन्हें इतने दिनों के बाद इस घटना की याद क्यों आई और उन्हें यह क्योंकर महसूस हुआ कि शाह एवं अन्य मंत्रियों को वहां जाना चाहिये? क्या इस घटना की जानकारी संघ प्रमुख को अब जाकर हुई है? सच तो यह है कि यह निर्देश उन्हें आज से 2 माह पहले देना चाहिये था जब यह घटना जगजाहिर हुई थी। अगर उनके कहे के बाद भी सरकार का कोई नुमाईंदा वहां नहीं जाता तो स्वयं भागवत को वहां जाना चाहिये था और पीड़ितों से मिलना चाहिये था। आदिवासियों के प्रति प्रेम दिखलाने वाले और संघ के मुखिया होने के नाते उन्हें अपने कार्यकर्ताओं को भी निर्देश देना था कि वे वहां जाकर पीड़ितों की सेवा करें। भागवत के मौन रहने का कारण सम्भवत: यही है क्योंकि वहां के संघर्ष में ज्यादातर कुकी ही पीड़ित हैं जो कि ईसाई समुदाय के हैं और उत्पीड़क मैतेई हिन्दू। यह स्थिति संघ के सामाजिक एवं भाजपा के राजनैतिक एजेंडे के एकदम मुफ़ीद है जिसके माध्यम से उनका साम्प्रदायिक ध्रुवीकरण का लक्ष्य सधता है।

दूसरे, इस पर भी गौर करना चाहिये कि यह बयान वैसे तो संघ के सालाना जलसे में दिया गया है पर उसके पीछे एक कारण यह भी साफ दिखता है कि अगले माह होने जा रहे 5 राज्यों (राजस्थान, मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, तेलंगाना और मिजोरम) के विधानसभा चुनावों में भाजपा की हालत बहुत नाज़ुक है। भाजपा का नफ़रती एवं विभाजनकारी एजेंडा लोगों के सामने बहुत स्पष्ट हो गया है। हिमाचल प्रदेश और कर्नाटक के चुनावों में भाजपा को मिली पराजयों के बाद अगर इन राज्यों में उसकी स्थिति ठीक रहती तो शायद संघ व भाजपा उस एजेंडे को आगे बढ़ाते परन्तु सम्भवतया संघ को अब एहसास हो गया होगा कि उस पिच पर लम्बी पारी खेलना बहुत मुश्किल है; जीतना तो और भी दूर की बात है।

विदेशी शक्तियों का उल्लेख कर भागवत अपनी सरकार को बचाने की कोशिश कर रहे हैं। अगर ऐसा है तो इसकी जिम्मेदार भी मोदी सरकार की है। फिर, केन्द्र के साथ मणिपुर में भी तो उन्हीं की यानी कि भाजपा की सरकार है। जिस तरह से अब तक भाजपा के नेता डबल इंजिन की सरकारों को महिमा मंडित करते आये हैं, तो भागवत को स्वीकार करना चाहिये कि दोनों ही इंजिन नाकाम साबित हुए हैं और अब इन्हें बदलने की ज़रूरत है। याद हो कि सीमावर्ती राज्यों में होने वाली घुसपैठ पर यही आरएसएस और ये ही नेता विपक्षी सरकारों-दलों को पानी पी-पीकर कोसते थे। उनका आरोप होता था कि बाहरी तत्व गैर भाजपायी केन्द्र-राज्यों की सरकारों की सांठगांठ से भारत आकर गड़बड़ियां करते हैं। भागवत आज क्या कहेंगे? उम्मीद है कि संघ अब समस्या की गहनता से वाकिफ़ हो चुके होंगे।

इस बयान का कारण संघ प्रमुख की यह चिंता भी हो सकती है कि इन पांच राज्यों के चुनावों के परिणामों का असर, जो 3 दिसम्बर को घोषित होंगे, 2024 के लोकसभा चुनावों पर पड़ना तय है। इन राज्यों के साथ आगामी लोकसभा चुनावों के तमाम सर्वे जिस तरह के परिणामों का अनुमान लगा रहे हैं, संघ प्रमुख का चिंतित होना लाजिमी है। कोई यह न समझे कि भागवत का बयान सदाशयता व समरसता के लिये या फिर वाकई देश की अखंडता-एकता को उत्पन्न कथित खतरे की चिंता में दिया गया है। इसके सामाजिक नहीं वरन राजनैतिक निहितार्थ हैं।

# जंग की आग में फिल्म का प्रचार

**दुनियादारी**

■ सर्वमित्रा सुरजन

अपनी फिल्म के प्रमोशन के चक्कर में अभिनेत्री कंगना रनौत ने देश के लिए अजीबोगरीब स्थिति पैदा कर दी है। दुनिया के सामने भारत को लगभग शर्मिंदा करने के हालात बना दिए हैं। दरअसल कंगना रनौत की फिल्म तेजस इस शुक्रवार को प्रदर्शित होने वाली है। मार्केटिंग के युग में फिल्में भी बिना प्रचार-प्रसार और प्रमोशन के नहीं चलती हैं। पहले फिल्म के वितरक और जिन सिनेमाघरों में फिल्में लगती थीं, उनके मालिकान लाउडस्पीकर को कस्बों-शहरों में घुमाकर नयी फिल्म के आने की जानकारी दे दिया करते थे। प्रदर्शन से पहले फिल्मों के लुभावने पोस्टर शहर भर में टंग जाया करते थे। लेकिन अब सोशल मीडिया का जमाना है, जहां अलग-अलग प्लेटफार्म्स पर जाकर अभिनेता-अभिनेत्रियां अपनी फिल्मों, वेब सीरीज या धारावाहिकों की जानकारियां दिया करते हैं, इसके अलावा कभी मॉल्स तो कभी बाजारों में खुद जाकर अपनी फिल्म के बारे में जानकारी देते हैं। चूंकि कंगना की फिल्म दशहरे के मौके पर आ रही थी तो रामलीला का मंच भी फिल्म के प्रचार के लिए इस्तेमाल हो गया। दशहरे पर राम और रावण दो ही मुख्य किरदार होते हैं, तो कंगना ने लगे हाथ रावण को मौजूदा वैश्विक हालात से जोड़कर बता दिया कि वो किसे राम मानती हैं।

कंगना रनौत ने इजरायल और फिलिस्तीन के बीच चल रही विनाशकारी जंग में हमास को आधुनिक रावण बता दिया है। दरअसल कंगना रनौत ने नयी दिल्ली में इजरायली राजदूत नाओर गिलोन से मुलाकात की है। जिसकी फोटो उन्होंने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट और ट्विटर पर शेयर की हैं। कंगना ने इन तस्वीरों को शेयर करते हुए लिखा कि 'आज पूरी दुनिया, ख़ासकर इज़रायल और भारत आतंकवाद के खिलाफ अपनी जंग लड़ रहे हैं। कल जब मैं रावण दहन करने दिल्ली पहुंची, तो मुझे लगा कि इजरायली एम्बेसी आकर उन लोगों से मिलना चाहिए जो आज के आधुनिक रावण हमास जैसे आतंकवादियों को परास्त कर रहे हैं। जिस प्रकार से छोटे बच्चों को, महिलाओं को निशाना बनाया जा रहा हैं, ये दिल को झकझोर देने वाला है। मुझे पूरी उम्मीद हैं आतंकवाद के ख़िलाफ इस युद्ध में इज़रायल विजयी होगा।

वैसे ये पहली बार नहीं है, जब कंगना ने इजरायल के समर्थन में इस तरह बयान दिया। हमास के हमले के बाद भी उन्होंने इजरायल के साथ अपनी सहानुभूति दर्शाई थी। दरअसल कंगना रनौत प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नक्शेकदमों पर ही हैं। श्री मोदी ने भी सबसे पहले इजरायल के समर्थन में बयान दिया था और फिलिस्तीन के लिए कुछ नहीं कहा था। दुनिया में इससे सही संदेश नहीं गया, ये बात जैसे ही विदेश मंत्रालय को समझ आई, उसने भूल सुधार करते हुए पांच दिन बाद बयान दे दिया कि भारत शांति के पक्ष में है और फिलिस्तीन को उसका हक मिलने का

> भारत में प्रधानमंत्री मोदी ने कश्मीर फाइल्स, केरला स्टोरीज और वैक्सीन वॉर जैसी फिल्मों का प्रमोशन चुनावी मंचों से किया, यहां तक तो ठीक था, लेकिन आश्चर्य की बात ये है कि अब इजरायली राजदूत को भी फिल्म प्रमोशन के लिए इस्तेमाल किया जा रहा है। ऐसी घटनाओं से वैश्विक मंच पर भारत की कैसी छवि बनेगी, ये विचारणीय है।

समर्थन करता है। प्रधानमंत्री के बयान पर तो भूल-चूक माफ वाले अंदाज में काम हो गया। लेकिन अब कंगना रनौत के बयान को कैसे संभाला जाएगा। वैसे तो स्वतंत्र देश की स्वतंत्र नागरिक होने के नाते कंगना रनौत को पूरा हक है कि वे अपनी राय बेरोकटोक जाहिर कर सकें। मगर ये सारी बातें उन्होंने इजरायली राजदूत से मुलाकात के बाद कही हैं। इसके बाद दुनिया में सवाल उठ सकते हैं कि आखिर भारत का पक्ष क्या है। वैसे संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में भारत ने फिर दोहराया है कि वह फिलिस्तीन को मदद भेजना जारी रखेगा और उसके साथ द्विपक्षीय संबंधों को बढ़ाने पर काम करता रहेगा। लेकिन घरेलू मोर्चे पर फिल्म के प्रमोशन के लिए एक गंभीर अंतरराष्ट्रीय मसले को जिस तरह घसीटा गया है, वह किसी लिहाज से सही नहीं है।

कंगना रनौत ने भले ही भाजपा की निगाह में चढ़ने के लिए, सरकार को अंध समर्थन देने के लिए इस तरह का बयान दिया हो, लेकिन असल में इससे देश की किरकिरी होने के आसार ही बने हैं। एक जिम्मेदार नागरिक होने के नाते भी कंगना से ये सवाल किया जा सकता है कि जब उन्हें इजरायली महिलाओं और बच्चों पर हमास के अत्याचार दिखे हैं और उनका दिल इससे टूटा है, तो क्या उन्हें फिलिस्तीनी बच्चों और वहां के निर्दोष नागरिकों की चीख-पुकार से जरा भी फर्क भी नहीं पड़ा। जिस तरह इजरायल फिलिस्तीन में राहत शिविरों, अस्पतालों, मस्जिदों, चर्च को निशाना बना रहा है, सैकड़ों बच्चों को मारा जा चुका है, क्या ये सब देखकर कंगना रनौत का दिल नहीं टूटता। हमास को रावण कह देना और उसके खात्मे की कामना करना, एक जटिल मुद्दे का अतिसरलीकरण है।

कंगना रनौत चाहे जितने तरीकों से अपनी फिल्म का प्रचार कर लें, लेकिन कम से कम उन्हें जंग की आग में अपनी फिल्म को चमकाने की कोशिश नहीं करना चाहिए थी। वैसे भी इस बार दशहरे पर उन्होंने इतिहास रच ही दिया है। दिल्ली की लवकुश रामलीला में इस बार कंगना ने रावण के पुतले पर तीर चलाए। ये और बात है कि तीन बार की कोशिश के बाद भी जब उनसे तीर नहीं चला तो रामलीला कमेटी के ही एक सदस्य ने उनकी मदद की। इस वजह से सोशल मीडिया पर कंगना रनौत का खूब मजाक भी उड़ रहा है। अब कंगना कोई पेशेवर तीरंदाज तो हैं नहीं जो उनसे तीर चलाया जाएगा, इसलिए उनका इस वजह से मजाक उड़ाना सही नहीं है। लेकिन फिर भी लोगों ने उन पर फब्तियां कसने का मौका इसलिए नहीं छोड़ा क्योंकि कंगना रनौत सुर्खियों में बने रहने के लिए जिस तरह की बयानबाजी करती हैं, उसमें उनका पक्षपात, हिंदुत्व और राष्ट्रवाद को बढ़ाने का उन्माद साफ झलकता है। कंगना किसी न किसी मोदी सरकार के एजेंडे को आगे बढ़ाने में लगी रहती हैं, बल्कि कई बार चापलूसी करती दिखती हैं। कल भी रावण दहन के दौरान कंगना रनौत ने जय श्रीराम के नारे लगाए और कहा कि भगवान राम सबसे बड़े हीरो हैं, और उनके जैसा न तो कोई था और ना ही कोई होगा। मर्यादा पुरुषोत्तम कहे जाने वाले भगवान राम पर कंगना ही नहीं इस देश के बहुसंख्यक समाज की आस्था है। लेकिन सवाल ये है कि वो कौन से राम हैं, जिन्हें कंगना अपना हीरो बता रही हैं। क्या ये वो राम हैं, जिनके नाम का इस्तेमाल कर भाजपा ने सत्ता का सफर तय किया है, या फिर ये गंगा-जमुनी संस्कृति वाले राम हैं, जिनके नाम से पहले लोग सीता का नाम लेते हुए जय सियाराम का अभिवादन करते रहे हैं।

कंगना रनौत को कल लवकुश रामलीला में बतौर महिला रावण पर तीर चलाने का मौका मिला तो इस इतिहास को रचने के साथ-साथ वे मिसाल भी कायम कर सकती थीं। जय श्रीराम के साथ वे जय सियाराम भी कह सकती थीं। स्त्रीशक्ति को दिखाते हुए बिल्किस बानो से लेकर महिला पहलवानों, मणिपुर की महिलाओं और उज्जैन की नाबालिग बच्ची जैसे कई मामलों में इंसाफ की आवाज बुलंद रामलीला के मंच से कर सकती थीं। हमास के लिए उन्हें आधुनिक रावण की संज्ञा याद आई, लेकिन अपने देश में अलग-अलग किरदारों के पीछे छिपे रावणों को कंगना ने बड़ी आसानी से अनदेखा कर दिया। दरअसल कंगना या उनकी तरह के सुविधापरस्त लोगों से ऐसी कोई भी उम्मीद रखना बेवकूफी ही है। उनके एजेंडे में भारत के आधुनिक रावणों का जिक्र करना शामिल ही नहीं है, क्योंकि इससे उनकी फिल्म को कोई फायदा नहीं मिलता।

भारत में प्रधानमंत्री मोदी ने कश्मीर फाइल्स, केरला स्टोरीज और वैक्सीन वॉर जैसी फिल्मों का प्रमोशन चुनावी मंचों से किया, यहां तक तो ठीक था, लेकिन आश्चर्य की बात ये है कि अब इजरायली राजदूत को भी फिल्म प्रमोशन के लिए इस्तेमाल किया जा रहा है। ऐसी घटनाओं से वैश्विक मंच पर भारत की कैसी छवि बनेगी, ये विचारणीय है।

# मिजोरम विधानसभा चुनाव पर मणिपुर हिंसा की छाया

■ सुशील कुट्टी

2018 के विधानसभा चुनावों में कांग्रेस हार गई थी और अब वह वापसी की उम्मीद लगाये बैठी है। हालांकि, सत्तारूढ़ मिज़ो नेशनल फ्रंट और विपक्षी ज़ोरम पीपुल्स मूवमेंट ने उम्मीद नहीं छोड़ी है। मिजोरम में भाजपा को पड़ोसी राज्य मणिपुर में हो रही घिनौनी घटनाओं से जूझना पड़ रहा है। एमएनएफ का नेतृत्व मुख्यमंत्री ज़ोरमथांगा कर रहे हैं और मिज़ो शांति समझौते पर हस्ताक्षर के बाद से एमएनएफ और कांग्रेस ने क्रमश: तीन और चार बार सत्ता संभाली है। एमएनएफ खुद को सत्ता में बनाये रखने के लिए लोगों के उत्थान के लिए अच्छे प्रशासन और सरकारी संसाधनों के प्रभावी प्रबंधन के अपने रिकॉर्ड पर भरोसा कर रहा है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लिए मणिपुर हिंसा मिज़ोरम में सिरदर्द बन गया है। मिजोरम में 7 नवंबर को विधानसभा चुनाव होने हैं, ऐसे में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को मणिपुर में अप्रिय घटनाओं के बावजूद राज्य में प्रचार करना होगा। प्रधानमंत्री से प्रेस वार्ता आयोजित करने की उम्मीद बहुत ज्यादा होगी। प्रधानमंत्री मोदी हस्तक्षेप करने वाले प्रेस से घिरे हुए मंच के ऊपर दूर पर ही होंगे।

> निवर्तमान विधानसभा में कांग्रेस के पास केवल पांच सीटें थीं, जबकि एमएनएफ और ज़ोरम पीपुल्स मूवमेंट संख्या में उससे आगे थे। भाजपा फिर से उभरती कांग्रेस से जूझ रही है। मिजोरम-असम सीमा विवाद और मिजोरम में नशीली दवाओं का प्रवेश दो बड़े चुनावी मुद्दे हैं, जिसमें सीमा विवाद सीधे तौर पर भाजपा और उसके असम के मुख्यमंत्री से जुड़ा है।

भाजपा के अन्य शीर्ष नेता मीडिया को संबोधित कर सकते हैं। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह और भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा दोनों मिजोरम में रहेंगे। प्रधानमंत्री के संभावित कार्यक्रम के मुताबिक, वह 30 अक्टूबर को ममित शहर में एक चुनावी रैली को संबोधित करेंगे।

इस बीच कांग्रेस नेता और वायनाड सांसद राहुल गांधी आये और चले गये। अच्छी तरह से कटी हुई दाढ़ी वाले गांधी 16 अक्टूबर को एक पदयात्रा और एक रैली के लिए मिजोरम में थे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विपरीत, राहुल गांधी मीडिया का सामना करने से घबड़ाते या डरते नहीं थे।

एक चुटीले पत्रकार ने राहुल से राजनीतिक वंशवाद के बारे में पूछा और पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष ने बिना किसी दुर्भावना के पत्रकार से प्रतिवाद किया, जिसे देखने वाला कोई भी यह प्रमाणित करेगा कि यह एक कठिन कार्य है। कांग्रेस ने अपने उम्मीदवारों की सूची जारी कर दी है और पार्टी सभी 40सीटों पर चुनाव लड़ेगी।

भारतीय जनता पार्टी 23 निर्वाचन क्षेत्रों से अपनी किस्मत आजमायेगी। भाजपा के दो स्टार प्रचारक असम के मुख्यमंत्री हिमंतविस्वा शर्मा और त्रिपुरा के मुख्यमंत्री माणिक साहा हैं। शर्मा ने विशेष रूप से 2024 के लोकसभा चुनावों के लिए भाजपा के लिए पूर्वोत्तर में जमीन तैयार करने के लिए अपनी प्रतिष्ठा दांव पर लगा दी है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लिए तीसरा कार्यकाल सुनिश्चित करना सभी भाजपा मुख्यमंत्रियों/केंद्रीय मंत्रियों और सांसदों के लिए जीवनरेखा है। हिमंतविस्वा शर्मा को पूर्वोत्तर में एक बड़ा आकर्षण माना जाता है। एक अन्य पूर्वोत्तर व्यक्ति, केंद्रीय मंत्री किरेन रिजिजू, मिजोरम के लिए भाजपा के चुनाव प्रभारी हैं। भाजपा मिजोरम में सीटों के लिए रियांग और चकमा आदिवासियों पर भरोसा कर रही है।

भगवा पार्टी सत्ता में बने रहने के लिए सहयोगी मिजो नेशनल फ्रंट पर भरोसा कर रही है। मतदान 7 नवम्बर मंगलवार को और मतगणना रविवार को होगी। चुनाव लड़ने के लिए 174 उम्मीदवारों ने आवेदन किया है, जिनमें 16 महिलाएं शामिल हैं। मिज़ो नेशनल फ्रंट (एमएनएफ) और मुख्य विपक्षी दल, ज़ोरम पीपुल्स मूवमेंट (जेडपीएम), दोनों क्षेत्रीय/राज्य संगठन हैं। कांग्रेस और भाजपा मूलत: बाहरी हैं। आम आदमी पार्टी चार सीटों पर चुनाव लड़कर अपनी घुसपैठ बनाने की कोशिश कर रही है। 174 उम्मीदवारों में से 27 'निर्दलीय' हैं।

ऐज़वाल में राहुल गांधी की पदयात्रा में हजारों कांग्रेस समर्थक और जनता शामिल हुई। कम से कम चनमारी नामक स्थान से लेकर ट्रेजरी स्क्वायर नामक स्थान तक का विस्तार गांधी परिवार की भारत जोड़ो यात्रा की याद दिलाता है। गांधी ने सड़क के दोनों ओर खड़े लोगों की ओर हाथ हिलाया और कुछ लोगों से बातचीत करते हुए हाथ मिलाया। आंखों से संपर्क बनाना मतदाताओं को अपने पक्ष में करने का एक तरीका है। कांग्रेस नेता छात्रों के साथ बातचीत करने से नहीं चूके और ईसाई बहुल मिजोरम में मतदान को प्रभावित करने की क्षमता रखते हैं।

ऐज़वाल और लुंगलेई राज्य में दो स्थान थे जहां कांग्रेस नेता रुके थे। इसमें कोई शक नहीं कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और राहुल गांधी मिजोरम में एक-दूसरे के खिलाफ खड़े हैं, जो क्रमश: भाजपा और कांग्रेस के मुख्य प्रचारक हैं। यह देखना दिलचस्प होगा कि जीत किसकी होती है। हालांकि, फिलहाल, दोनों पार्टियां मिजोरम पीपुल्स फोरम के साथ चुनाव की तारीख की घोषणा के बाद सार्वजनिक जुलूस आयोजित नहीं करने के समझौते से बंधी हैं।

निवर्तमान विधानसभा में कांग्रेस के पास केवल पांच सीटें थीं, जबकि एमएनएफ और ज़ोरम पीपुल्स मूवमेंट संख्या में उससे आगे थे। भाजपा फिर से उभरती कांग्रेस से जूझ रही है। मिजोरम-असम सीमा विवाद और मिजोरम में नशीली दवाओं का प्रवेश दो बड़े चुनावी मुद्दे हैं, जिसमें सीमा विवाद सीधे तौर पर भाजपा और उसके असम के मुख्यमंत्री से जुड़ा है।

कहानी से अलग एक दिलचस्प बात यह है कि निवर्तमान विधानसभा के 35 विधायक करोड़पति थे जिनके बारे में एसोसिएशन फॉरडेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स (एडीआर) और मिजोरम इलेक्शन वॉच ने बताया है। राज्य में कुल 39 विधायक थे और उनमें से कोई भी महिला नहीं थी। उन्होंने कहा कि ये 2023 के लिए चुनावी मुद्दे नहीं हैं।

पूरी संभावना है कि असम-मिजोरम सीमा विवाद तथा मणिपुर हिंसा पर प्रधानमंत्री की लगातार चुप्पी पर जनाक्रोश मिजोरम चुनाव परिणामों को प्रभावित करेंगे।

## पावन प्रसंग

### खुश रहने के लिए सकारात्मक रहें

खुशियों हर किसी के जीवन में बहार लाती है।; इसलिए सभी अपने जीवन में खुशियां चाहते हैं और खुशी पाने के लिए कोई भी काम करना पसंद करते हैं, लेकिन मनोवैज्ञानिक दृष्टि से देखा जाए तो खुशियां आंतरिक होती हैं। बाहरी वस्तुएं एवं परिस्थितियां हमें जो खुशी देती हैं, वह अस्थायी होती है। यदि स्थायी खुशी की तलाश करनी है तो उसे अपने भीतर ही खोजना होगा, क्योंकि खुशियों का खजाना कहीं बाहर नहीं, बल्कि मनुष्य के अंदर ही छिपा होता है- उसके दृष्टिकोण में, उसके नजरिए में, उसकी समझ में और उसके संतोष में। जीवन में बहुत सी ऐसी छोटी-छोटी चीजें होती हैं, जिनसे हम खुशी हासिल कर सकते हैं और अपने अंतर्मन को पल भर के लिए खुशी से लबालब कर सकते हैं, लेकिन हम उन्हें कोई महत्व नहीं देते और अपने खुश रहने के क्षणों को गवां देते हैं।

खुशी उनसे दूर भागती है. जो हर क्षण चिंता, परेशानी व तनाव में होते हैं। ऐसे व्यक्ति खुशियों के अवसर में भी खुश नहीं रह पाते, क्योंकि वे पहले से ही नकारात्मक तत्वों से भरे रहते हैं। जैसे पानी से भरे हुए गिलास में और पानी नहीं डाला जा सकता, उसी तरह तनाव, चिंता से लबालब भरे हुए व्यक्तियों के अंदर खुशियां नहीं डाली जा सकतीं। खुशियां चाहिए तो ग्रहणशील बनना होगा। खुशियों के अवसरों को पहचानना होगा और उन्हें स्वीकारना होगा।

खुशियां मीठे पानी की तरह होती हैं। वे हमें तृप्त करती हैं। जिस तरह संसार में पानी की नदियां बहती हैं, झरने बहते हैं, तालाब होते हैं, कुएं होते हैं, उसी तरह संसार में खुशियों की भी लहरें हैं, झरने हैं। जिस तरह नदी, झरनों से पानी पीने के लिए हमें उनके समीप जाना पड़ता है, लेकिन यदि कुआं हमारे पास है तो जब चह चाहे तब हम अपनी प्यास बुझा सकते हैं, उसी प्रकार खुशियों के लिए यदि हम बाहरी स्रोतों व तत्वों पर निर्भर हैं तो हमें उनका इंतजार करना पड़ता है और यदि कुएं की तरह खुशी का स्रोत हम अपने भीतर तलाश लेते हैं तो हमें कहीं भटकना नहीं पड़ता। संत, महात्मा निश्चित तौर से खुशी के आंतरिक स्रोतों को हस्तगत कर लेते हैं, तभी तो वे दूसरों को खुशी दे पाते हैं, और स्वयं भी आनंद में रहते हैं। हम खुशी पाने के लिए क्या-क्या नहीं करते, लेकिन फिर भी हम वह खुशी हासिल नहीं कर पाते, जिसकी हमें चाह होती है, इसलिए हम अतृप्त ही रह जाते हैं। यदि खुशी मिलती भी है तो थोड़े समय के लिए, फिर हम जहां थे, वहीं खड़े रह जाते हैं। कभी-कही हम एक ही तरह की जिंदगी जीते-जीते ऊब जाते हैं, नीरस व उदास महसूस करने लगते हैं, लेकिन ऐसी जिंदगी से दुखी भी नहीं होते। येल यूनिवर्सिटी में दर्शनशास्त्र के प्राध्यापक डा. जोशुआ नॉबे का मानना है कि जब हम किसी उद्देश्य के साथ जुड़कर किसी काम में लगे रहते हैं तो हमें जिंदगी से ऊब महसूस नहीं होती, क्योंकि उद्देश्य पूरा करने में हम कभी भी एक ही तरह से कार्य नहीं करते, वरन कार्य को विभिन्न तरह से करते हैं और अपनी जिंदगी में खूबसूरत अनुभवों के रंग भरते हैं, जिनसे हमें खुशी मिलती है। लोक यह सोचते हैं कि लक्ष्य या उद्देश्य के पूरा होने पर व्यक्ति को खुशी मिलती है, लेकिन यह अधूरा सच है, क्योंकि लक्ष्य की ओर बढ़ना भी व्यक्ति को उतनी ही खुशी देता है, जितनी उसे पा लेने पर मिलती है। जब हम अपने निर्धारित कामों को पूरा कर लेते हैं, तो वे हमें खुशी देने के साथ-साथ आत्मविश्वास भी देते हैं। सही रास्ते पर चलने से भी हमें आंतरिक खुशी व सुकून मिलता है। किसी जरूरतमंद की मदद करने में भी हमें खुशी मिलती है। यदि हमें खुशी चाहिए तो जीवन में नकारात्मक तत्वों से अपना बचाव करना होगा। इसके लिए सबसे जरूरी यह है कि हम अपने दृष्टिकोण को बदलें, जीवन के सकारात्मक पहलुओं को देखना सीखें और उत्कृष्ट जीवन जीने की ओर अपने कदम बढ़ाएं।

**युग निर्माण योजना**

## आपके पत्र

### कुटिलता आखिर वैर में तब्दील हो जाती है

भारत की एक प्राचीन कहावत है- जर जोरु और जमीन जोर की नहीं तो किसी और की। इसी कहावत के आधार पर प्राचीन काल ने राजाओं, जागीरदारों, भूमिहारों तथा सम्राटों में धन लिप्सा के कारण एक दूसरे के खजाने को लूटने के लिये परस्पर लड़ाई होती थी। जो उसमें जीत जाता व लूट का माल अपने कब्जे में कर लेता था। इसी कारण राज्य लिप्सा और अपने राज्य का क्षेत्रफल बढ़ाने के लिये दो राजाओं में परस्पर युद्ध होता था।

व्यवहारिक जगत में वैर-विरोध धन के लिये, स्त्री के लिये, जमीन जायदाद के लिये जाति संप्रदाय अपराधों के प्रतिशोध और अहंकार युक्त वाणी के कारण परस्पर वैर बढ़ जाती है। इतिहास ऐसे अनेक युद्धों और परम्परा वैर विरोध से भरा पड़ा है। जातिगत वंशगत विद्वेष तो पीढ़ी दर पीढ़ी चलता रहता है। पांच-सात पीढ़ियां बीत जाती है फिर भी दोनों पक्ष के लोग उस वैर विरोध को भूलते नहीं है।

संप्रदाय मत-पंथ को लेकर भारत में ही नहीं विदेशों में भी परस्पर वैर विरोध, लड़ाई वाद-विवाद और रक्तपात हुआ है। हम रूस-यूक्रेन, भारत-पाकिस्तान और हाल में इजराइल और हमास का युद्ध आंखों से देख रहे हैं। वैर-विरोध समय समय पर होता रहता है। हिन्दू - मुसलमान का संघर्ष भी विरोध के कारण होता है जबकि अहिंसा का प्रयोग और विकास भारत में सदियों पहले हो चुका है। जैनों में भी जरा से साम्प्रदायिक मतभेद को लेकर संघर्ष, विद्वेष और विरोध उभर आता है। इसका मुख्य कारण अधिकार है। काम, क्रोध, मोह-लोभ, अहंकार आदि विषैले विकार है। उन विकारों के कारण उत्पन्न विरोध कभी भी शांत नहीं हो सकता।

अनेकांतवाद को ताक में रखकर केवल अपने अहंकार को अधिकार एवं स्वार्थ को लेकर परस्पर संघर्ष भी जैन या अजैन संप्रदायों में चलता रहता है। इससे वैमनस्य बढ़ता है। भयंकर अशुभ कर्मबंधन होता है। इसका कोई भी शांत दिल से विचार करने को तैयार नहीं है। राज्य को लेकर ही नहीं अपने से भिन्न राष्ट्र को दुश्मन समझकर पाकिस्तान आजाद हुआ। तभी से तरह-तरह से भारत के साथ विभिन्न तरीकों से लड़ रहा है। इसी का संघर्ष पंजाब में सिखों का और असम में बोडो का संघर्ष सरकार के साथ चला।

एक दूसरे की कटु आलोचना, आक्षेप, प्रत्याक्षेप के कारण वैर विरोध चलता है। यह अनुचित है। इससे राष्ट्र भक्ति के बदले पक्ष भक्ति ही दृष्टिगोचर होती है। आज यह राष्ट्र दूसरे राष्ट्र को विकसित देखकर ईर्ष्या वश किसी भी बहाने से भयंकर युद्ध छेड़ने का प्रयास करता है। धनी राष्ट्र आर्थिक दृष्टि से पिछड़ा, गुलाम और अविकसित करने के लिये तरह-तरह की पैंतरेबाजी करता है। यह कुटिलता आखिर वैर में तब्दील हो जाती है।

**कांतिलाल मांडोत, सूरत**

## दुर्गा मूर्तियों का विसर्जन चल समारोह निकला, मां दुर्गा को सिंदूर लगाकर दी दशहरे की बधाई





**जबलपुर, देशबन्धु।** हर वर्ष की तरह इस बार भी शारदीय नवरात्र के दसवें दिन मंगलवार को विजयादशमी पर्व के साथ जबलपुर में बंग समाज के विभिन्न दुर्गा समितियां द्वारा स्थापित मां दुर्गा मूर्तियों का विसर्जन चल समारोह निकाला गया। यह करमचंद चौक से दोपहर बाद आरंभ हुआ। उससे पहले महिलाओं ने मां दुर्गा को सिंदूर लगाया और आपस में एक दूसरे को विजयादशमी की शुभकामनाएं दी। नगर में प्रमुख समितियां द्वारा स्थापित इस चल समारोह में लगभग 16 समितियां शामिल हुई।

बंग समाज की दुर्गा मूर्तियों के चल समारोह का करमचंद चौक से आरंभ हुआ। यह आगे बढ़ते हुए नौदरा ब्रिज पहुंचा और

### बंग समाज का दशहरा चल समारोह

इसके बाद रसल चौक में पाल परिवार द्वारा भक्तजनों का मिठाई खिलाकर स्वागत किया गया। इसके बाद रेवा तट पर बनाए गए कुंड में विसर्जन का सिलसिला देर शाम तक जारी था।

### सबसे आगे सिटी बंगाली क्लब

दुर्गा मूर्तियों का नेतृत्व सिद्धि वाला बॉश लाइब्रेरी एसोसिएशन द्वारा स्थापित सिटी बंगाली क्लब दुर्गा उत्सव समिति की झांकी कर रही थी। इसमें विभिन्न समितियों के पदाधिकारी, कार्यकर्ताओं के साथ महिलाओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया।

### ढाकिए की थाप पर आगे बढ़े

जुलूस में सबसे आगे ढाकिए चल रहे थे, जो चल समारोह में अपनी विशिष्ट थाप से श्रद्धालुओं को मंत्र मुग्ध कर रहे थे। महिलाएं और पुरुष बड़ी संख्या में हाथ में धुनी लेकर धुनिचि नृत्य कर रहे थे।

### सुबह मां दुर्गा को दी पुष्पांजलि

इससे पहले सुबह विजयादशमी पर्व की शुरुआत मां दुर्गा को पुष्पांजलि के साथ हुई। दोपहर बाद महिलाओं के बीच सिंदूर खेला का आयोजन हुआ। जबलपुर में बंग समाज की दुर्गा मूर्तियों के स्थापना का सिलसिला करीब 100 साल पहले आरंभ हुआ था।

## अर्बेनिया से रशिया लौट रहे जबलपुर के आयुर्वेदिक कॉलेज के प्राचार्य के बेटे की सड़क हादसे में मौत

**जबलपुर, देशबन्धु।** नगर के ग्वारीघाट स्थित शासकीय आयुर्वेदिक कॉलेज के प्राचार्य एलएल अहिरवार के बेटे प्रतीक अहिरवाल की रशिया में एमबीबीएस की पढ़ाई कर रहे थे, इस बीच बीते दिनों वह अर्बेनिया में अपने दोस्तोंा से मिलने गया था, वहां से जब वह टैक्सी से वापस रशिया लौट रहा था, तब अर्बेनिया के पास सड़क हादसा हो गया, इसमें जिस टैक्सी में प्रतीक सवार थे, उसका दूसरी तरफ से आने वाली टैक्सी से भिड़ंत हो गई। जिसके चलते प्रतीक को सिर में गंभीर रूप से चोट पहुंची, जहां पर वे कोमा में चले गये, उपचार के दौरान उनकी मौत हो गई। जिसकी खबर मिलते ही जबलपुर में प्रतीक के परिवार में जैसे दुखों का वज्रपात टूट गया। इस बीच प्रतीक का अर्बेनिया में ही अंतिम संस्कार कर दिया गया।

प्रतीक फायनल ईयर का छात्र था। वे शुरू से उच्च शिक्षा के क्षेत्र में मेधावी थे। प्रतीक अपने परिवार में इकलौते बताये गये हैं।

## प्रत्याशी ने यदि स्टार प्रचारक के साथ यात्रा की तो आधा खर्च निर्वाचन व्यय में जुडेगा

**जबलपुर, देशबन्धु।** विधानसभा निर्वाचन के दौरान उम्मीदवारों को चुनाव खर्च के मामले में बेहद सतर्क रहना होगा। निर्वाचन व्यय पर आयोग और विभिन्न टीमों की लगातार निगरानी रहेगी। उम्मीदवारों की चुनाव प्रचार संबंधी हर गतिविधियाँ वीडियोग्राफी के जरिए कैमरे में दर्ज होगी।

इसी कड़ी में चुनाव के दौरान राजनैतिक दलों के स्टार प्रचारकों का दौरा, रैली, सभाओं पर भी विशेष निगाह रखी जायेगी। यदि उम्मीदवार स्टार प्रचारक के साथ यात्रा करता है तो पचास प्रतिशत यात्रा खर्च प्रत्याशी के चुनाव खर्च में जोड़ा जायेगा। यदि उम्मीदवार स्टार प्रचारक के साथ पंडाल सभा करता है और सभा में अपने नाम के साथ उसका फोटो या पोस्टर प्रदर्शित करते हैं तो सभा का खर्च भी प्रत्याशी के खाते में जोड़ा जायेगा।



## स्टेशन में चलाया सफाई अभियान

**जबलपुर, देशबन्धु।** पमरे के प्रमुख मुख्य वाणिज्य प्रबंधक ओम प्रकाश सीसीएम रवीन्द्र श्रीवास्तव ने वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक राजेश वर्मा को निर्देशित किया है कि मंडल के अंतर्गत आने वाले सभी स्टेशनों में साफ सफाई व्यवस्था की व्यवस्था सुचारू ढंग से करायी जाए जिससे कि यात्रियों को अच्छी सुविधा और स्वच्छता का वातावरण हमेशा बना रहे। वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक राजेश शर्मा के मार्ग दर्शन में मुख्य स्टेशन में सफाई अभियान चलाया गया।

## रेल अधिकारी पंकज दुबे की पदोन्नति पर मंडल कार्यालय में दी गई विदाई



**जबलपुर, देशबन्धु।** जबलपुर रेल मंडल में पदस्थ सहायक वाणिज्य प्रबंधक श्री पंकज कुमार दुबे को पदोन्नति के उपरांत भोपाल में मंडल वाणिज्य प्रबंधक नियुक्त होने पर वाणिज्य कार्यालय में उन्हें भावभीनी विदाई दी गई। इस अवसर पर वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक राजेश शर्मा, मंडल वाणिज्य प्रबंधक नितेश सोने, सहायक वाणिज्य प्रबंधक श्री अखिलेश नायक एवं गुन्नार सिंह सहित मंडल के सभी वाणिज्य निरीक्षक एवं स्टाफ ने विदा लेते हैं रेल अधिकारी श्री दुबे के कार्यों की सराहना की। इस अवसर पर उन्हें फूल मालाए पहनाकर विदाई दी गई। बिदाई के अवसर पर सभी अधिकारियों ने उनके नवीन पद स्थापना पर उनके सुखद भविष्य की कामना की। इस अवसर पर श्री दुबे ने कहा कि जबलपुर में लगभग पांच वर्ष का कार्यकाल एक अविस्मरणी और श्रेष्ठ कार्यकाल रहा। उन्होंने कार्यालय के सभी साथियों के सहयोग के लिए धन्यवाद व्यक्त किया।

## मुकुर प्रदर्शनी 27 को

**जबलपुर, देशबन्धु।** मातेश्वरी महिला मंडल के तत्वावधान में महिला उद्यमिता को बढ़ावा देने के लिए 27 और 28 अक्टूबर को मुकुर प्रदर्शनी का आयोजन किया जाएगा। महिला मंडल की अध्यक्ष अर्चना माहेश्वरी, स्मिता डग्गा, निधि भट्टर, उर्वशी भूतड़ा, अनीता जेठा, सरोज जेठा, श्वेता और गीता जेठा ने बताया कि आयोजन में तरह-तरह के स्टॉल्स लगाए जाएंगे, जहां उन महिलाओं को उद्यमिता हुनर दिखाने का मौका मिलेगा, जो होममेकर्स हैं। आयोजन होटल समदड़िया में किया जाएगा।

## एमओजे का गरबा

**जबलपुर, देशबन्धु।** एमओजे क्लब के तत्वावधान में 27 अक्टूबर को तिलवारा स्थित होटल में शाम 4 बजे से ग्रैंड महरास का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम में एक्टर जैनिफर मिस्त्री बंसीवाल मुख्य अतिथि होंगी।





**जबलपुर, देशबन्धु।** कांचघर में दशहरा चल समारोह निकाला गया। इसमें आकर्षक रंग-बिरंगी लाईट के बीच मोर नृत्य ने दर्शकों का मन मोह लिया।

## 16 दिन में एनफोर्समेंट एजेंसियों ने की 133 करोड़ 88 लाख रुपये से अधिक की कार्रवाई

**जबलपुर, देशबन्धु।** मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी अनुपम राजन ने बताया कि विधानसभा निर्वाचन 2023 को लेकर प्रदेश में 9 अक्टूबर से आचार संहिता प्रभावशील है। इस बीच प्रदेश में स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं पारदर्शी रूप से निर्वाचन प्रक्रिया संपन्न कराने के लिए एनफोर्समेंट एजेंसियों द्वारा लगातार कार्रवाईयां की जा रही है। 9 से 24 अक्टूबर तक एनफोर्समेंट एजेंसियों ( एफएसटी, एसएसटी और पुलिस) द्वारा प्रदेश में 133 करोड़ 88 लाख 77 हजार 215 रुपये की कार्रवाई की गई है। संयुक्त टीम द्वारा 14 करोड़ 77 लाख 26 हजार 30 रुपये नगद, 23 करोड़ 93 लाख 68 हजार 115 रुपये की अवैध शराब, 9 करोड़ 30 लाख 1 हजार 400 रुपये के मादक पदार्थ, 51 करोड़ 77 लाख 97 हजार 936 रुपये की अमूल्य धातु, सोना-चांदी/ ज्वेलरी तथा 34 करोड़ 36 लाख 83 हजार 734 रुपये की अन्य सामग्रियां जब्त की गई है।

## आश्रितों को अनुकंपा नियुक्ति शीघ्र दिये जाने की मांग: पेंशनर्स एसोसिएशन

**जबलपुर, देशबन्धु।** प्रोग्रेसिव एसोसिएशन ने विज्ञप्ति में बताया है कि सेवा में रहते हुए शिक्षकों, कर्मचारियों एवं अधिकारियों के बच्चों एवं आश्रितों को आज तक अनुकंपा नियुक्ति नहीं दी गई और दर-दर भटक रहे और शिक्षा विभाग के अधिकारी यह कह देते है कि संभाग में शिक्षक एवं तृतीय श्रेणी के पद कोई रिक्त नहीं है और अनुकंपा नियुक्ति हेतु शासन को प्रेषित कर दिया जाता है किन्तु शासन स्तर पर किसी भी प्रकार की कोई कार्यवाही नहीं की जा रही है।

प्रोग्रेसिव पेंशनर एसोसिएशन के संभागीय अध्यक्ष व्ही.पी. शुक्ला , नरेश उपाध्याय, डॉ अरूण पांडे, आरके प्यासी, केके शुक्ला, प्रेमबल्लभ शर्मा, भूपत सिंह गौतम, कय्यूम खान, विनोद दुबे, डीएस गुप्ता, एनपी निगम, अशोक दुबे, ओमशंकर शुक्ला, गोविंद प्रसाद कोरी, विजय वैश्य, आरके सोनी, जी.डब्ल्यू, रतन पारखी, रतन पांडे, आरएल पांडे आदि ने प्रदेश के मुख्य सचिव एवं आयुक्त लोक शिक्षण भोपाल से आग्रह किया है कि प्रदेश में शिक्षा विभाग के अलावा किसी भी विभाग में तृतीय श्रेणी के जो भी पद रिक्त हो उन पर अनुकम्पा नियुक्ति देने की मांग की है अनुकम्पा नियुक्ति हेतु आचार संहिता का कोई भी बहाना न बनाया जाये क्योंकि यह कार्य विगत लगभग 2 वर्षों से चल रहे हैं।

## रेल यात्रा के दौरान विस्फोटक एवं ज्वलनशील पदार्थ लेकर यात्रा ना करें

**जबलपुर, देशबन्धु।** पश्चिम मध्य रेल संरक्षित और सुगम ट्रेन परिचालन के साथ यात्रियों को सुरक्षित उनके गंतव्य तक पहुंचने की दिशा में लगातार काम कर रहा है। चलती गाड़ियों में धूम्रपान करने अथवा विस्फोटक एवं ज्वलनशील पदार्थ लेकर यात्रा करने वालों के कारण रेल संपत्ति की हानि और सह यात्रियों के जीवन को खतरा उत्पन्न होने की संभावना रहती है। इसकी रोकथाम के लिए रेलवे द्वारा समय-समय पर जागरूकता अभियान चलाया जाता है।

इस प्रकार की घटनाओं पर अंकुश लगाने के लिए पश्चिम मध्य रेल तीनों मंडलों जबलपुर, भोपाल एवं कोटा में रेल सुरक्षा बल और टिकट जांच कर्मचारियों द्वारा गाड़ियों में एवं स्टेशन परिसर में नजर रखी जा रही है, साथ ही गाड़ी में पैंट्रीकार की भी जांच की जा रही है। पैंट्रीकार में या रेल परिसर में किसी भी प्रकार के ज्वलनशील और विस्फोटक सामान पाए जाने पर रेलवे अधिनियम की धाराओं के तहत कार्यवाही की जाएगी । यात्रियों से अपील है कि रेल परिसर एवं गाड़ी के डिब्बों में धूम्रपान ना करें । इससे आप के साथ-साथ सह यात्रियों का जीवन खतरे में पड़ता है और रेल संपत्ति को भी नुकसान हो सकता है। यात्रा के दौरान धूम्रपान करना, ज्वलनशील एवं विस्फोटक पदार्थ लेकर यात्रा करना रेल अधिनियम के तहत दण्डनीय अपराध भी है। ऐसा करने से आप के विरुद्ध नियमानुसार कारवाही हो सकती है।



## आदिकाल से राजधानी तक पुस्तक विमोचित

**जबलपुर, देशबन्धु।** संस्कारधानी के इतिहास जानकार राजकुमार गुप्ता की लिखित 15वीं पुस्तक आदिकाल से राजधानी तक भोपाल का लोकार्पण समारोह पुलिस आयुक्त कार्यालय भोपाल में पुलिस कमिश्नर हरिनारायणचारी मिश्र ने किया। उन्होंने कहा कि राजकुमार गुप्ता ने प्रदेश के रोचक इतिहास को अपनी लेखनी में उजागर किया है। भोपाल को आदिकाल से जोड़कर उन्होंने इतिहास को समृद्ध किया है। इस मौके पर रिटायर्ड जस्टिस, उमेश गुप्ता, रामगोपाल ठाकुर, सुधीर सक्सेना, प्रभा गुप्ता मौजूद रहीं।



## साइकिल रैली से फिटनेस अवेयरनेस

**जबलपुर, देशबन्धु।** मुख्यालय मध्य भारत एरिया के कोबरा ऑन साइकिल क्लब के तत्वावधान में साइकिल रैली निकालकर हेल्थ एंड फिटनेस का संदेश दिया गया। राइडर्स ने 19 नवम्बर को होने वाली सूर्या हॉफ मैराथन की जानकारी भी दी। मुख्य अतिथि जीओसी लेफ्टिनेंट जनरल एमके दास थे। इस मौके पर रिटायर्ड मेजर जनरल आरपी सिंह, ब्रिगेडियर संगीता खन्ना, कर्नल प्रतीक हमाल, कर्नल अरविन्द कुमार, कर्नल विवेक मिश्रा, लेफ्टिनेंट कर्नल सीमा शर्मा मौजूद रहीं।

## गाजे-बाजे के साथ निकली रामलीला की झांकियां

**जबलपुर, देशबन्धु।** कांचघर दशहरा चल समारोह का प्रतिनिधित्व किया गया जिसमें रामलीला समिति के व्दारा राम रावण युद्ध की लीला का चलित मंचन राम मंदिर जी.सी.एफ. से प्रारंभ होकर चुंगी चौकी, कांचघर, शीतलामाई, कृष्णा कालोनी,से होकर रामलीला रंगमंच पर रावण बध के पश्चात रावण के पुतले का दहन किया गया।इस अवसर पर क्षेत्रीय धर्मावलंबी नागरिकों के साथ रामलीला के पदाधिकारी अध्यक्ष- डा.शिव मणी मिश्रा महामंत्री- पं.कमलेश तिवारी, संचालक एड.बलराज सोनकर, एड.श्याम चन्द्र तिवारी,कोषाध्यक्ष-विष्णुदीक्षित. पं. बाबूलाल भारद्वाज, मोहनलाल विश्वकर्मा, महेंद्र शुक्ला,सरमन राजपूत, राजेश सेन, संदीप सोनकर, एवं समस्त पदाधिकारियों की उपस्थिति उल्लेखनीय रही। आज भरत मिलाप रामराज्याभिषेकउ की लीला का मंचन किया जाएगा।

## आज एक नामांकन पत्र दाखिल

**जबलपुर, देशबन्धु।** विधानसभा निर्वाचन की सूचना के प्रकाशन के बाद नाम निर्देशन पत्र प्रस्तुत करने के तीसरे दिन आज बुधवार 25 अक्टूबर को जिले की आठों विधानसभा क्षेत्र से एक नामांकन पत्र दाखिल गया है। जमा किया गया एक मात्र नामांकन पत्र जबलपुर पूर्व विधानसभा क्षेत्र से लखन लाल ने प्रस्तुत किया है। उन्होंने इंडियन नेशनल कॉंग्रेस के उम्मीदवार की हैसियत से नामांकन पत्र का एक और सेट रिटर्निंग अधिकारी के समक्ष प्रस्तुत किया है। लखन लाल द्वारा इंडियन नेशनल कांग्रेस के उम्मीदवार की हैसियत से ही सोमवार 23 अक्टूबर को भी नामांकन पत्र का एक सेट रिटर्निंग अधिकारी को प्रस्तुत किया गया था। इस प्रकार निर्वाचन की सूचना जारी होने के बाद अभी तक जिले की आठों विधानसभा क्षेत्रों से नामांकन पत्र दाखिल करने वाले उम्मीदवारों की कुल संख्या छह ही है । नाम निर्देशन पत्र प्रस्तुत करने के तीसरे दिन जिले की शेष विधानसभा क्षेत्रों से आज कोई भी नामांकन दाखिल नहीं किया गया।

## स्टेंडिंग कमेटी की बैठक में राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों को दी गई मतदान और मतगणना की व्यवस्थाओं की जानकारी

**जबलपुर, देशबन्धु।** जिला निर्वाचन अधिकारी एवं कलेक्टर सौरभ कुमार सुमन की अध्यक्षता में जवाहरलाल नेहरू कृषि विश्वविद्यालय के प्रशासनिक भवन में सम्पन्न हुई स्टेंडिंग कमेटी की बैठक में मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों को विधानसभा का चुनाव कराने अभी तक की गई तैयारियों की विस्तार से जानकारी दी गई। पुलिस अधीक्षक आदित्य प्रताप सिंह, नगर निगम आयुक्त स्वप्निल वानखड़े, उप जिला निर्वाचन अधिकारी एवं अपर कलेक्टर श्रीमती मिशा सिंह तथा सभी सबंधित अधिकारी इस मौके पर मौजूद थे।

स्टेंडिंग कमेटी की बैठक में बताया गया कि विधानसभा चुनाव में जिले की आठों विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र मंअ डाले गये मतों की गणना जवाहरलाल नेहरू कृषि विश्वविद्यालय परिसर स्थित प्रशासनिक भवन एवं कॉलेज ऑफ एग्रीकल्चर इंजियनियरिंग के भवन में होगी। दोनों भवनों में चार-चार विधानसभा क्षेत्रों के मतों की गणना की जायेगी। एक विधानसभा क्षेत्र के मतों की गणना के लिये एक हॉल का ही इस्तेमाल किया जायेगा।

बैठक में दी गई जानकारी के मुताबिक मतदान दलों को मतदान सामग्री का वितरण जवाहरलाल नेहरु कृषि विश्वविद्यालय परिसर से ही होगा एवं मतदान के बाद सामग्री की वापसी भी यहीं होगी। मतदान के बाद ईव्हीएम एवं व्हीव्हीपेट मशीनों को प्रशासनिक भवन के प्रथम तल पर विधानसभावार बनाये गये स्ट्रांगरूम में सुरक्षित रखा जायेगा। स्ट्रांगरूम की सुरक्षा व्यवस्था केंद्रीय पुलिस बल को सौंप दी जायेगी। मतदान के बाद राजनैतिक दल अथवा चुनाव लड़ने वाले उम्मीदवार भी स्ट्रांगरूम की निगरानी के लिये अपने प्रतिनिधि अलग-अलग पालियों में तैनात कर सकेंगे। उनकी सुविधा के लिये



यहाँ वाटरप्रूफ टेंट लगाया जायेगा तथा स्ट्रांगरूम में लगे सीसीटीव्ही कैमरों की लाइव तस्वीरें टीव्ही स्क्रीन पर उनके समक्ष प्रदर्शित की जायेंगी।

जिला निर्वाचन अधिकारी एवं कलेक्टर श्री सुमन ने राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों को बताया कि विधानसभा चुनाव के लिये मतदान 17 नबम्बर को सुबह 7 बजे से शाम 6 बजे तक होगा। उन्होंने बताया कि जिला निर्वाचन कार्यालय द्वारा दो सहायक मतदान केंद्र बनाये जाने के भेजे गये प्रस्ताव को भारत निर्वाचन आयोग से अनुमोदन मिल जाने के बाद जिले में मतदान केंद्रों की संख्या बढ़कर 2 हजार 132 हो गई है । ये सहायक मतदान केंद्र एक ही मतदान केंद्र में मतदाताओं की संख्या 1500 से अधिक होने के कारण बनाये जा रहे हैं । इनमें एक मतदान केन्द्र जबलपुर पूर्व विधानसभा क्षेत्र के मतदान केंद्र क्रमांक 32 का तथा दूसरा सहायक मतदान केन्द्र जबलपुर केंट विधानसभा क्षेत्र के मतदान केंद्र क्रमांक 195 का होगा। दोनों सहायक मतदान केंद्र इन मतदान केंद्रों के भवन में ही बनाये जायेंगे।

श्री सुमन ने बताया कि मतदाताओं को मतदान के पूर्व 6 से 13 नवम्बर के बीच वोटर इन्फर्मेशन स्लिप का वितरण किया जायेगा। लेकिन मतदाताओं को उनसे सबंधित मतदान केंद्र की जानकारी देने वितरित की जाने वाली ये वोटर इन्फर्मेशन स्लिप मतदान के लिये पहचान स्थापित करने हेतु मान्य नहीं होंगी। मतदाताओं को वोटर आई डी कार्ड दिखाने पर या इसके न होने पर निर्वाचन आयोग द्वारा पहचान स्थापित करने के लिये मान्य दस्तावेज दिखाने पर ही वोट डालने की अनुमति होगी। इसके लिये भी मतदाता सूची में उनका नाम होना पहली शर्त होगी। उन्होंने बताया कि जिस मतदाता को वोटर इन्फर्मेशन स्लिप घर पर मौजूद न रहने, स्थानांतरित हो जाने या मृत्यु हो जाने के कारण वितरित नहीं की जा सकेंगी वो सबंधित रिटर्निंग अधिकारी के पास चली जाएंगी। रिटर्निंग अधिकारी इन वोटर इन्फर्मेशन स्लिप के आधार पर एएसडी वोटर्स की सूची तैयार करेंगे। जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग के दिव्यांटग और अस्सीी वर्ष से अधिक आयु के मतदाताओं को डाकमत पत्र से से मतदान की सुविधा देने के निर्देशानुसार जबलपुर जिले की आठों विधानसभा क्षेत्र में बुधवार की सुबह तक ऐसे 1712 मतदाताओं से फार्म 12 डी में आवेदन प्राप्तक हुये हैं। चूंकि फार्म 12 डी में आवेदन प्राप्तु करने की आज अंतिम तारीख है, इसलिये यह संख्या1 और बढ़ सकती है। उन्होकनें बताया कि डाकमत पत्र से मतदान भरने फार्म 12-डी करने वाले इन मतदाताओं से सात अक्टू2बर से दस अक्टूबिर तक डाकमत पत्र से मतदान कराया जायेगा। डाकमत पत्र छपकर आने से विलंब होने पर यह तिथि परिवर्तित भी हो सकती है। श्री सुमन ने बताया कि द्विव्यांाग और अस्सी वर्ष से अधिक आयु के ऐसे मतदाताओं से डाकमत पत्र में मतदान कराने प्रत्योक विधानसभा क्षेत्र में दस-दस मतदान दल गठित किये जायेंगे।

## कलेक्टर एसपी ने लिया नर्मदा महोत्सव की तैयारियों का जायजा



**जबलपुर, देशबन्धु।** कलेक्टर सौरभ कुमार सुमन एवं पुलिस अधीक्षक आदित्य प्रताप सिंह ने शाम भेड़ाघाट पहुंचकर यहां शरद पूर्णिमा पर आयोजित किये जा रहे नर्मदा महोत्सव की तैयारियों को जायजा लिया। उन्होंने मुक्ताकाशी मंच की साज-सज्जा से लेकर बैठक व्यवस्था, सुरक्षा व्यवस्था तथा यातायात एवं वाहनों की पार्किंग व्यवस्था पर अधिकारियों से चर्चा की तथा जरूरी दिशा निर्देश दिये। अधिकारियों को आयोजन स्थल पर प्रकाश के पर्याप्त इंतजाम सुनिश्चित करने की हिदायत भी दी गई। इस दौरान जिला पंचायत की साईओ श्रीमती जयति सिंह, नगर निगम आयुक्त स्वप्निल वानखड़े, एसडीएम गोरखपुर पंकज मिश्रा एवं जबलपुर पुरातत्व, पर्यटन एवं संस्कृति परिषद के सीईओ हेमंत सिंह भी मौजूद थे।

# उपनगरीय क्षेत्रों में निकला दशहरा का चल समारोह







## पुरवा, सदर, रांझी में माता रानी को जयकारों के साथ दी विदाई

**जबलपुर, देशबन्धु।** नगर के उपनगरीय क्षेत्रों में भी विजय दशमी पर दशहरा चल समारोह निकाले गये। जिसमें उपनगरीय रांझी, सदर, पुरवा, जैसे क्षेत्रों में भी माता रानी को विदाई देने जन सैलाब उमड़ा। उपनगरीय क्षेत्र रांझी में दशहरा चल समारोह में नवयुवा सनातन धर्म सभा के मीडिया प्रभारी ब्रजलाल श्रीपाल ने विज्ञप्ति जारी कर बताया कि 24 अक्टूबर को शाम को दशहरा चल समारोह का शुभारंभ रावण पार्क से हुआ।

चल समारोह में आकर्षक आतिबाजी, ढोल, बैंड पार्टियां, बग्घी घोड़े, श्रीराम, लक्ष्मण, सीता हनुमान की झांकी सहित रावण, कुंभकरण, मेघनाथ की पुतले और भांगड़ा नृत्य के साथ दशहरा निकला। रांझी चल समारोह में 13 भव्य प्रतिमाएं शामिल हुई, जिनके दर्शन कर श्रद्धालुओं ने मातारानी को विदाई देकर पुण्य लाभ अर्जित किया। चल समारोह में सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं झांकियों ने उपस्थित श्रद्धालुओं का मन मोह लिया। उपनगरीय क्षेत्र रांझी सहित बड़ी संख्या में विभिन्न क्षेत्रों से भी दशहरा देखने जन सैलाब उमड़ा। चल समारोह रावण पार्क से सरस्वती स्कूल होते हुए बड़ा पत्थर, मस्ताना चौक, दर्शन तिराह व्हीकल मोड़ होते हुए पुन: रावण पार्क पहुंचा जहां राम-रावण का भी भीषण महायुद्ध हुआ, जिसमें अंतत: रावण की पराजय हुई, और असत्य पर सत्य की विजय हुई।

**जन प्रतिनिधियों ने किया मां का पूजन**- रांझी दशहरा चल समारोह में राज्य सभा सांसद सुमित्रा बाल्मीकि, कैण्ट विधायक अशोक रोहाणी, शीलू नारंग ने माँ दुर्गा का पूजन-अर्चन कर दशहरा चल समारोह का आरंभ किया। इस अवसर पर चल समारोह समिति के दामोदर सोनी, बबलू शर्मा, सचिन जैन, ब्रजलाल श्रीपाल, राजेश भाटिया, संजय भाटिया, दशरथ पटेल, हरीश पंजाबी, मगन भाटिया, हेमराज सराठे, कैलाश रजक, निशांत झारिया, अनुराग दाहिया, संतोषी ठाकुर, सावित्री शाह, पुष्पराज सेंगर, दीपक लाला, राकेश लखेरा, राजू अरोरा, ललित नारंग, गौरव गुप्ता, काके गूमर, दीपचंद गुप्ता, सुधीर लाहोरिया, हैप्पी सिंह, सुमन बर्मन, मलकीयत कौर, उषा चौधरी आदि विशेष सहयोग रहा।

**पुरवा में हर्षोल्लास निकला दशहरा चल समारोह**- उपनगरी क्षेत्र पुरवा में मुख्य दशहरा चल समारोह के दिन 24 अक्टूबर को बड़ी धूमधाम और हर्षोल्लास साथ निकला। जिसमें लगभग 20 दुर्गा समितियों की दुर्गा प्रतिमाएं दशहरा में शामिल हुई। बाजनामठ शास्त्री नगर चौक से रात्रि 8 बजे चल समारोह आरंभ हुआ। जिसमें सर्वप्रथम राम, लक्ष्मण, सीता सहित अनेक आकर्षक झांकियां निकली। इसके साथ ही रावण, कुंभकरण और मेघनाथ की झांकियां भी रही निकली। पुरवा दशहरा चल समारोह में उपस्थित जनप्रतिनिधियों और गणमान्य नागरिकों ने मां आदिशक्ति की पूजा-अर्चन कर चल समारोह का शुभारंभ किया। पुरवा दशहरा चल समारोह में आकर्षक आतिबाजी, ढोल, बैंड पार्टियां, बग्घी घोड़े, भांगड़ा नृत्य के साथ चल समारोह में आगे चल रहे थे। पुरवा दशहरा चल समारोह में हजारों की संख्या में जन सैलाब दर्शन करने उमड़ा। पुरवा, गढ़ा सहित ग्रामीण अंचलों के श्रद्धालुओं ने माता रानी के दर्शन कर श्रद्धालुओं ने माता को विदाई देकर पुण्य लाभ अर्जित किया। चल समारोह में सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं झांकियों ने उपस्थित श्रद्धालुओं का मन मोह लिया।

**सदर और अधारताल में दशहरा चल समारोह**- मुख्य दशहरा समारोह के साथ ही पुरवा, रांझी, सदर जैसे उपनगरीय क्षेत्रों में भी बड़ी धूमधाम और श्रद्धाभाव के साथ दशहरा चल समारोह निकाला गया। जिसमें सदर और आधारताल के रहवासियों के साथ ही ग्रामीण अंचलों के लोगों ने चल समारोह में पहुंचकर मां आदिशक्ति के दर्शन कर पुण्य लाभ अर्जित कर माता रानी को विदाई दी।

**बुधवार को निकला दशहरा चल समारोह**- मुख्य दशहरा चल समारोह दूसरे दिन बुधवार को उपनगरीय क्षेत्र गढ़ा, गोरखपुर, आधारताल और कांचघर में धूमधाम से निकाला गया दशहरा चलरोह। जिसमें उपनगरीय क्षेत्र के श्रद्धालुओं के साथ-साथ आसपास के ग्रामीण अंचलों से भी बड़ी संख्या में श्रद्धालुगण दशहरा चल समारोह को देखने आए हुए थे। चल समारोह में न सिर्फ दुर्गा प्रतिमाओं की मन मोहक छबि को देखकर श्रद्धालुगणों ने माता के जयकारे लगाए, बल्कि काली मां प्रतिमाओं को देखकर भक्तगण भाक्ति में सराबोर होकर झूमने लगे।

## आज विजय नगर दशहरा चल समारोह

संस्कारधानी में मुख्य दशहरा चल समारोह के अलावा अलग-अलग क्षेत्रों में दशहरा चल समारोह निकालने की परम्परा बढ़ती जा रही है। तीन पत्ती चौक से मुख्य दशहरा चल समारोह के अलावा पुरवा, रांझी, सदर, कांचघर, आधारताल, गोरखपुर के बाद अब विजय नगर से भी दशहरा चल समारोह निकाला जाने लगा है, इस दशहरा चल समारोह का आयोजन आज गुरूवार 26 अक्टूबर किया जायेगा।

## गढ़ा गोंडवाना : धूमधाम और हर्षोल्लास से निकला दशहरा चल समारोह

**जबलपुर, देशबन्धु।** गढ़ा का प्राचीन दशहरा चल समारोह अपनी आन बान शान के साथ रामलीला समिति गढ़ा के नेतृत्व में संकट मोचन मंदिर गौतम गंज से रात्रि 7.30 बजे मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्री राम लक्ष्मण एवं हनुमान के पूजन के साथ प्रारंभ हुआ। संचालक रामलीला समिति अशोक मनोध्याय, अध्यक्ष रमाशंकर कटारे, समाज सेवी राममूर्ति मिश्रा, मनोज पाटकर एवं निर्देशक राजेश मिश्रा, महामंत्री राजेन्द्र प्यासी, हरीश मनोध्याय, ने भगवान का पूजन अर्चन किया। ऐतिहासिक दशहरा चल समारोह में इस वर्ष 26 प्रतिमाएं सम्मिलित हुईं। रामलीला शोभा यात्रा परंपरागत शुक्ला नगर से होते हुए एकता चौक, मेजर बीटी तिराहा, आनंदकुंज,पंडा की मड़िया, त्रिपुरी तिराहा से देवताल होते हुए रामलीला मैदान पर समाप्त हुआ। समारोह में नगर महानगर के राकेश पाठक, के.सी पस्तारिया, शरद दुबे कुररिया,पंडित शिवनारायण मिश्रा, ओमप्रकाश पगारे,सह निदेशक मोति शिवहरे, इंदुलता प्यासी, डॉ. नीना उपाध्याय, अनीता मिश्रा, ज्योति मिश्रा, संध्या दुबे, व्यास माधव दुबे, राकेश मिश्रा, राजेश नेमा, भूपेंद्र उपाध्याय, लोकराम कोरी, भोलाराम खत्री, केदार शर्मा, संदीप उपाध्याय, अशोक बघेल, अरूण केसरवानी, प्रमोद तिवारी, सुदामा दुबे, संजय नेमा, पंकज अवस्थी, मदन गोपाल पटेल, जितेंद्र सोनी, दीपक तिवारी, पात्र प्रतिनिधि राजा पांडे, अजय तिवारी, दीपक कोष्टा, नरेश मिश्रा, श्याम मिश्रा, सहित समिति के स्थाई एवं आजीवन सदस्य सम्मिलित हुए।



## श्री गोविंदगज रामलीला : राम-भरत का मिलाप देखकर द्रवित हुए श्रद्धालु



**जबलपुर।** मध्य भारत की सबसे प्राचीन रामलीला समितियों में शामिल श्री गोविंदगंज रामलीला समिति का 159वां श्रीरामराज्याभिषेक महोत्सव आज गुरुवार रात्रि 9 बजे रामलीला मंच पर आयोजित है। इस महोत्सव के लिए रामलीला मंच को अयोध्या की तर्ज पर सजाया जा रहा है। समिति के अध्यक्ष पं. अनिल तिवारी ने बताया कि आयोजन के मुख्य अतिथि महापौर जगत बहादुर अन्नू होंगे, जबकि अध्यक्षता पूर्व मेयर और नगर भाजपा अध्यक्ष प्रभात साहू करेंगे। विशिष्ट अतिथि के रूप में पूर्व जेडीए अध्यक्ष डॉ विनोद मिश्रा, पूर्व नगर कांग्रेस अध्यक्ष दिनेश यादव सहित कई विशिष्ट हस्तियां उपस्थित होंगी। श्री तिवारी ने बताया कि सम्माननीय अतिथियों के अलावा जन सामान्य भी भगवान का तिलक-वंदन करेंगे। उल्लेखनीय है कि राजयाभिषेक की झांकी देखने दूर-दूर से श्रद्धालु आते हैं। 14 वर्षों के लिए वन गए श्रीराम के इंतजार में श्रीभरत ने जैसे ही 'ये अवधि चौदह वर्ष की भी आज बीती जा रही' विलाप छेड़ा, श्रद्धालु दुखी हो गए। भरत विलाप के बाद पुष्प वर्षा के बीच राम-भरत मिलाप की लीला का मंचन हुआ। भरत के रूप में प्रवर शर्मा का अभिनय देख सभी मंत्र मुग्ध हो गए।

**आज राज्याभिषेक की लीला** -अध्यक्ष पं. अनिल तिवारी, महामंत्री मनीष पाठक, उपाध्यक्ष कमल किशोर तिवारी, उमाशंकर रैकवार, किशन अग्रवाल, कोषाध्यक्ष राजीव गोयल, दीपक अग्रवाल, महेश असाटी, हीरा तिवारी, राजेश पाठक, अजय तिवारी, पवन पांडे, मुकेश पाठक, पप्पू अग्रवाल, मनोज पाठक, पीयूष विश्वकर्मा आदि ने सभी श्रद्धालुओं से भगवान के राज्याभिषेक महोत्सव में शामिल होकर प्रभु की अनुपम मनोहर झांकी के दर्शन करने की अपील की है।

## सदर धनुष यज्ञ रामलीला : असत्य पर सत्य की विजय हुई

**जबलपुर, देशबन्धु।** सदर स्थित धनुष यज्ञ रामलीला में राम-रावण युद्ध की लीला का मंचन किया गया। जिसमें आखिरकार युद्ध में राम के



हाथों अहंकारी रावण का वध हुआ और असत्य पर सत्य की विजय हुई। इसके साथ ही सदर में धूमधाम और हर्षोल्लास के साथ दशहरा चल समारोह निकला। जिसमें करीब 35 दुर्गा प्रतिमाएं शामिल रहीं। जिनके दर्शन करने बड़ी संख्या में जन सैलाब उमड़ा और माता रानी के दर्शन कर विदाई दी। इस अवसर पर डॉ. आलोक चंसोरिया, आलोक मिश्रा, सीताराम कुरचानिया, अभिषेक चौकसे, मधुर तिवारी, डा. शंकर पांडे, शिवदत्त चौबे, नरेश तिवारी, मनोहर अग्निहोत्री, दिनेश शुक्ला, धनंजय बाजपेई, संतोष तिवारी, अमरचंद बावरिया, लखन ठाकुर, रितेश तिवारी , राजकुमार गुप्ता, बिन्नी महावर, रवि महावर, डी,पी कमल, रमेश बिलबिलिया, सतीश पाठक, आशीष पाठक, मोहित अग्निहोत्री, अरुण तिवारी, आकाश नायडू, आवेश तिवारी, पापा यादव, प्रहलाद श्रीवास्तव, प्रकाश सोनी, राहुल रजक, प्रणव अवस्थी, रजनीकांत अवस्थी, रामस्वरूप श्रीवास, निशांत शर्मा, शरद शर्मा, आदेश दीक्षित, चमन धानुका, संदीप चौकसे, प्रदीप चौकसे, दिलीप रजक, अमित शर्मा, लक्ष्मी नारायण महावर, महेश कटारे, मुकेश चौरसिया, ज्ञानचंद गुप्ता, प्रकाश पंडित, तन्मय तिवारी, विजय ठाकुर, अभय नायडू, शिव शंकर मिश्रा, आदि उपस्थित थे। आज धनुष यज्ञ रामलीला भरत मिलाप की लीला का मंचन किया जायेगा। उपस्थिति की अपील अभिषेक चौकसे सीतारामकुरचानिय,धनंजय बाजपेई आदि समिति सदस्य उपस्थित रहे।

## दैनिक राशिफल

**गुरुवार 26 अक्टूबर 2023 का पंचांग विक्रम संवत् 2080, शक संवत 1945 हिजरी 1444। आश्विन शुक्ल पक्ष की द्वादशी। नक्षत्र-उ.भा.**

### मेष

आज का दिन आप सामाजिक कामों और मित्रों के साथ दौड़ धूप में व्यतीत करेंगे। आपके मित्रमंडल में नए मित्र जुड़ेंगे।

### वृषभ

नौकरी व्यवसाय की जगह पदोन्नति का मिलेगा। अधिकारियों का सहयोग प्राप्त होगा। सरकारी निर्णय आपके पक्ष में आने से लाभ होगा।

### मिथुन

दोस्तों से आज आपको थोड़ी प्रतिकूलताओं का सामना करना पड़ेगा। तबीयत में थोड़ी कमजोरी रहेगी। कोई भी काम करने का उत्साह मंद रहेगा।

### कर्क

आज के दिन आप पर नकारात्मक वृत्ति हावी रहेगी। परिणामस्वरूप मानसिक हताशा से घिरे रहेंगे। क्रोध की अधिकता रहेगी।

### सिंह

आज के दिन आप मनोरंजन तथा घूमने-फिरने में समय व्यतीत करेंगे। जीवनसाथी का स्वास्थ्य खराब होने की संभावना है।

### कन्या

परिवार में आनंद और उत्साह का वातावरण रहने से आपका मन भी प्रसन्न रहेगा। स्वास्थ्य बना रहेगा। काम में सफलता और यश मिलेगा।

क. 880-566

### तुला

आज आप अपनी कल्पना शक्ति और सृजनशक्ति को उत्तम रूप से काम में लगा सकेंगे। उनकी प्रगति होगी।

### वृश्चिक

आपको आज का दिन शांतिपूर्वक व्यतीत करने की सलाह दी जाती है। शारीरिक स्वास्थ्य खराब होने की संभावना है। मां के स्वास्थ्य के संबंध में चिंता रहेगी।

### धनु

आज आप गूढ़ रहस्य और आध्यात्मिकता के रंग में रहेंगे। इस विषय में गहरे उतरने का प्रयास करेंगे। नए काम शुरू करने का प्रयास करेंगे।

### मकर

न बोलने में नौ गुण, इस कहावत की सार्थकता को समझकर आप यदि वाणी पर संयम रखेंगे, तो अनर्थ से बच सकते हैं। सदस्यों में मनमुटाव न हो।

### कुंभ

शारीरिक, मानसिक और आर्थिक सभी तरह से आज का दिन आपके लिए अच्छा साबित होगा। सुरुचिपूर्ण भोजन का रसास्वादन करेंगे।

### मीन

लाभ लेने की लालच छोड़ने और पूंजी निवेश में ध्यान रखने की सलाह दी जाती है। आज आपके मन की एकाग्रता कम रहेगी।

मा. 147-660

## पवित्र भाव से कर्म करने वाला श्री और यश का सुपात्रः अभिमुक्तेश्वरानंद महाराज

**जबलपुर, देशबन्धु।** ज्योतिष पीठाधीश्वर जगद्गुरू शंकराचार्य स्वामी अभिमुक्तेश्वरानंद सरस्वती महाराज का बुधवार को प्रात:काल गोरखपुर स्थित भनोत हाउस में पावन पादुका पूजन एवं पूजन अर्चन कर पुण्य लाभ अर्जित किया। द्वि-पीठाधीश्वर जगदगुरू शंकराचार्य स्वामी स्वरूपानंद सरस्वती महाराज के अनन्य शिष्य स्वामी अभिमुक्तेश्वरानंद सरस्वती महाराज ने शुभाशीर्वचन देते हुए उद्बोधित किया कि हमें जीवन में पात्र बनना चाहिए। ईश्वर सब



पर समान कृपा का भाव रखता है, हम उसे किस भाव से ग्रहण करते है, यह हमारे ऊपर निर्भर करता है। जिसके पास धन होता है उसे धर्म कर्म मानव सेवा जैसे सकार्यो में व्यय करना चाहिए। इससे श्री में वृद्धि होती है। व्यक्ति को कोई भी कार्य कल पर नहीं छोड़ना चाहिए। हर कार्य को बढ़चढ़कर प्रसन्न भाव में करना चाहिए, इससे सफलता अवश्य मिलती है।

भनोत हाउस में प्रात: स्मरणीय परमपूज्यपाद के चरण पड़ते ही आचार्यों ने समवेत स्वर में स्वास्तिवाचन और पुष्प वृष्टि की। इस अवसर पर शंकराचार्य भगवान की जप के उद्घोष भी गुंजित हुए। आरंभ में परिवारजनों ने शंकराचार्य भगवान का पाद पक्षालन किया। चारों धाम और बारह ज्योतिर्लिंग के दर्शन करने का सुयोग अर्जित करने वाले पं. गौरव भनोत ने सपत्नीक पूजन अर्चन किया।



## आर्मी पब्लिक स्कूल क्रमांक-2 में वार्षिक सम्मेलन में मिली ट्रॉफी

**जबलपुर, देशबन्धु।** आर्मी पब्लिक स्कूल क्रमांक 2 को मध्य कमान के लघु वर्ग श्रेणी के 26 स्कूलों में से सर्वश्रेष्ठ स्कूल की ट्रॉफी से अलंकृत किया गया। लखनऊ में आयोजित मध्य कमान प्राचार्य वार्षिक सम्मेलन के अंतर्गत स्कूल प्राचार्या शीला पाण्डेय को लेफ्टिनेंट जनरल मुकेश चड्ढा, चीफ ऑफ स्टाफ, अध्यक्ष बोर्ड ऑफ एडमिनिस्ट्रेशन ने ट्रॉफी सौंपी। संरक्षक जीओसी लेफ्टिनेंट जनरल एमके दास और स्कूल चेयरमैन ब्रिगेडियर राजेश शर्मा ने स्कूल विजिट कर सराहना की।

## ट्रिपलआईटीडीएम को मिली जिम्मेदारी, पश्चिम बंगाल की टीम आएगी शहर

**जबलपुर, देशबन्धु।** एक भारत श्रेष्ठ भारत के अंतर्गत युवा संगम कार्यक्रम किया जा रहा है। इस दौरान मध्य प्रदेश और पश्चिम बंगाल के प्रतिभागी एक दूसरे राज्य का दौरा करेंगे। प्रदेश से यह जिम्मेदारी भारतीय सूचना प्रौद्योगिकी अभिकल्पन और निर्माण संस्थान जबलपुर प्राप्त हुई है। युवा संगम के तीसरे चरण के लिए पंजीकरण पोर्टल बुधवार को लॉन्च होते ही आवेदन भी शुरू हो चुके हैं। कार्यक्रम 15 नवम्बर के बाद अलग-अलग चरणों में पूरा होगा।

**क्या है युवा संगम कार्यक्रम**-राष्ट्रीय शिक्षा नीति के अंतर्गत युवा संगम कार्यक्रम प्रयोगात्मक शिक्षा और प्रत्यक्ष आधार पर भारतीय संस्कृति और विविधता पर केन्द्रित है। युवा संगम के तीसरे चरण के लिए देश के बीस प्रतिष्ठित संस्थानों की पहचान की गई है। इसमें जबलपुर से ट्रिपल आई टीडीएम शामिल है।



**कई राज्यों का करेंगे दौरा**-कार्यक्रम के दौरान प्रतिभागी 22 राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों का दौरा करेंगे। योजना के तहत आईआईटी, खड़गपुर से टीम लीडर्स के साथ 40-50 प्रतिभागी मध्य प्रदेश का दौरा करेंगे, जबकि इतने ही प्रतिभागी मध्य प्रदेश से पश्चिम बंगाल रवाना होंगे।

### कला और संस्कृति को बढ़ावा

युवा संगम भारत सरकार की एक पहल है जो एक राज्य से दूसरे राज्य तक ऑन-कैंपस और ऑफ-कैंपस छात्रों सहित युवाओं के लिए एक्सपोज़र टूर आयोजित करने पर केंद्रित है। इसके अंतर्गत युवाओं को पर्यटन, परंपरा, प्रगति, परस्पर संपर्क और प्रौद्योगिकी से जुड़ी बातों का आदान-प्रदान करने का मौका मिलेगा।

- डॉ. पंकज शर्मा
नोडल अधिकारी

## निधन

**ईश्वर अल्लाह तेरो नाम सबको सद्गति दे भगवान**



**श्रीमती भावना महाजन**- शक्ति नगर भोले कुटी के पास गुप्तेश्वर निवासी श्री शैलेंद्र महाजन की धर्मपत्नी श्रीमती भावना महाजन (62) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मोक्षधाम में संपन्न हुआ।



**श्रीमती रोशन बिरहा**- जज कॉलोनी बंगला नं. 4 के सामने सिविल लाइन निवासी श्री हरि प्रसाद बिरहा की धर्मपत्नी श्रीमती रोशन बिरहा (80) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मोक्षधाम में किया गया।

**श्रीमती बच्चा बाई**- हाथीताल पुराने पान बरेजा के पास निवासी श्री धर्म सिंह की धर्मपत्नी श्रीमती बच्चा सिंह (50) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गुप्तेश्वर मोक्षधाम में किया गया।

**श्री द्वारका प्रसाद श्रीवास्तव**- पीएंडटी कॉलोनी धनवंतरी नगर निवासी श्री द्वारका प्रसाद श्रीवास्तव (78) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट में संपन्न हुआ।

**श्रीमती त्रिवेणी बाई दुबे**- भोला नगर राधाकृष्णन वार्ड निवासी श्री अयोध्या प्रसाद दुबे की धर्मपत्नी श्रीमती त्रिवेणी बाई दुबे (70) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर में किया गया।

**श्री विजय राठौर**- सूजी मोहल्ला मिलौनीगंज निवासी श्री विजय राठौर (65) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मोक्षधाम में संपन्न हुआ।

**श्री प्रदीप कोरी**- खटीक मोहल्ला सराफा निवासी श्री प्रदीप कोरी का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्रीमती लतेश कुमारी पटेल**- न्यू कंचनपुर अधारताल निवासी श्री राम अवतार पटेल की धर्मपत्नी श्रीमती लतेश कुमारी पटेल (72) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मोक्षधाम में संपन्न हुआ।

**श्री तुलाराम चौधरी**- बादशाह हलवाई मंदिर मोड़ के पास ग्वारीघाट रोड निवासी श्री तुलाराम चौधरी का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मोक्षधाम में किया गया।

**श्री रामलाल साकेत**- टैगोर कॉलोनी बादशाह हलवाई मंदिर मोड़ निवासी श्री रामलाल साकेत (63) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मोक्षधाम में संपन्न हुआ।

**श्री अशोक कुमार माथुर**- चंदन कॉलोनी गंगासागर रोड निवासी श्री अशोक कुमार माथुर (70) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मोक्षधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती प्रकाश कौर ढिल्लन**- हाथीताल गुप्तेश्वर वार्ड निवासी श्री त्रिलोक सिंह ढिल्लन की धर्मपत्नी श्रीमती प्रकाश कौर ढिल्लन का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गुप्तेश्वर मोक्षधाम में किया गया।

**अक्षित पांडे**- तिलहरी निवासी श्री रविकांत पांडे के पुत्र अक्षित पांडे (12) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट में संपन्न हुआ।

**श्री रामपाल सिंह**- सुखसागर वैली ग्वारीघाट निवासी श्री रामपाल सिंह (86) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गुप्तेश्वर मोक्षधाम में किया गया।

**श्रीमती माया वर्मा**- लियो कम्पाउंड सदर निवासी श्री देवकी नंदन वर्मा की धर्मपत्नी श्रीमती माया वर्मा (63) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मोक्षधाम में संपन्न हुआ।

## दशहरा की रात युवक की नृशंस हत्या



**जबलपुर,देशबन्धु।** गढ़ा के मेडिकल के पास एमपीईबी केम्पस में एक युवक की धारदार हथियारों से हमला कर हत्या कर दी गई। युवक की खून से लथपथ लाश देखकर आसपास के लोगों ने पुलिस को खबर दी लेकिन दशहरा चल समारोह की ड्यूटी पर तैनात पुलिस घटनास्थल पर समय से नहीं पहुंच सकी।

पुलिस अधिकारियों के अनुसार शहर में दशहरा की रात एक बजे के लगभग मेडिकल क्षेत्र में एमपीईबी के आफिस परिसर में एक युवक पर बदमाशों ने धारदार हथियारों से हमला कर हत्या कर दी। कुछ देर बाद आसपास से गुजर रहे लोगों ने युवक को खून से लथपथ पड़े देखा तो तत्काल पुलिस अधिकारियों को सूचना दी। वहीं घटना की खबर क्षेत्र में आग की तरह फैल गई, देखते ही देखते आसपास के लोग एकत्र हो गए, जिनके बीच तरह तरह की चर्चाएं व्याप्त रही. इधर दशहरा मुख्य चल समारोह में ड्यूटी में जुटे अधिकारी खबर मिलने के बाद देर बाद मौके पर पहुंचे, जिन्हे पूछताछ में कुछ लोगों ने बताया कि युवक कारपेंटर का काम करता है. पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए मेडिकल अस्पताल पहुंचाकर मृतक की शिनाख्ती के प्रयास शुरु कर दिए. वहीं घटना के बाद से क्षेत्र में तरह तरह की चर्चाएं व्याप्त रही।

## दुकान के बाहर रखे ग्रेनाईड के पत्थर चुराने वाले आरोपियों की तलाश

**जबलपर,देशबन्धु।** कीमती पत्थरों की दुकान से आटो में भरकर ग्रेनाइट के पत्थर चोरी करने का मामला सामने आया है। शिकायत पर पुलिस ने जांच शुरू कर दी है।



माढ़ोताल में विकास चौधरी उम्र 47 वर्ष निवासी दरहाई चौक ने बताया कि उसकी मार्बल टाइल्स एवं ग्रेनाईट की दुकान दीनदयाल चौक के पास है, उसके कर्मचारी रामकृष्ण पटैल ने फोन कर बताया कि मध्य रात्रि लगभग 2 से 3 बजे के बीच मैं दुकान की साईड में सो रहा था तभी नींद खुली तो देखा कि दुकान के बाहर आटो क्रमांक एमपी 20 आर 3840 मे चार लोग दुकान के बाहर आये और दुकान के बाहर रखे ग्रेनाईड के लगभग 10 पत्थर कीमती लगभग 20 हजार रूपये के आटो में लोडकर ले जाने लगे, उन चारों में एक बौरा नाम का व्यक्ति था, चोरों के डर के कारण कुछ नहीं बताया था।



## कुपोषण, शिक्षा और बेरोजगारी की समस्या से प्रदेश की जनता हलाकानः रागिनी नायक

**जबलपुर, देशबन्धु।** कांग्रेस की राष्ट्रीय प्रवक्ता रागिनी नायक ने प्रदेश सरकार पर निशाना साधा है, इसमें में उन्होंने शिक्षा, बेरोजगारी, और अन्य समस्याओं को लेकर भाजपा को घेरा है। उन्होंने भ्रष्टाचार के भी आरोप लगाये हैं। उन्होंने बताया कि 250 घोटालों की लिस्ट तो प्रियंका गांधी ने भी अपने भाषण में गिनवायी थी।

व्यापम, पटवारी, नर्सिंग जैसे घोटालों ने प्रदेश के नौजवानों का भविष्य अंधकार में झोंक दिया है। आज, मध्यप्रदेश में 39 लाख बेरोज़गार हैं। 2 लाख सरकारी नौकरियों के पद खाली हैं। प्रइवेट सैक्टर की नौकरियों में 60त्न की गिरावट आयी है क्योंकि 18 लाख करोड़ का निवेश लाने का वादा करने वाले मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान 18 साल में 18 करोड़ का भी निवेश नहीं ला पाए। शिक्षा व्यवस्था की बात करें तो 90 लाख पात्र युवाओं में से 75 लाख उच्च शिक्षा का लाभ नहीं उठा पाते हैं। 1 शिक्षक द्वारा चलाए जा रहे स्कूलों में मध्यप्रदेश ह्रश 1 पर है और ह्रश्वस्ष्टह्र की रिपोर्ट के हिसाब से शिक्षा के मामले में सबसे निचले पायदान पर। यहाँ के 89 प्रतिशत स्कूलों में इंटरनेट की सुविधा नहीं है और 57 पतिशत स्कूलों में बिजली की समस्या है। प्रदेश में करीब 66 लाख बच्चे हैं जिनमें से 6 साल तक की उम्र के 51 प्रतिशत बच्चे कुपोषण के कारण बौने रह जाते हैं। इस मौके पर नगराध्यक्ष जगत बहादुर सिंह अन्नू आदि शामिल थे।

## महिला को प्रताड़ित करने वाले पति की तलाश

**जबलपुर,देशबन्धु।** थाना पनागर में शाम श्रीमती सोनिया सेन उम्र 30 वर्ष निवासी ग्राम कंदराखेड़ा नई बस्ती ने बताया कि दोपहर वह अपने मायके आईटीआई जबलपुर समूह में किस्त के पैसे जमा करने के लिये लेने गयी थी वहां से शाम लगभग 5-30 बजे घर आयी तो पति सोनू सेन बोला कि मुझे बिना बताये कहां गयी थी इसी बात को लेकर गाली गलोज करने लगा, उसने गालियां देने से मना किया तो पति ईंट का टुकड़ा से हमलाकर उसकी वायें आंख के पास चोट पहुँचा दी सास ने बीच बचाव किया तो पति जान से मारने की धमकी देते हुये भाग गया। रिपोर्ट पर धारा 294, 323, 506 भादवि का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

## सड़क हादसा: तेज गति कार ने आटो को मारी टक्कर

**जबलपुर,देशबन्धु। तेज गति से कार चलाने वाहन चालक ने ऑटो को जोरदार टक्कर मार दी कई यात्री घायल हो गये।**

अधारताल में सड़क दुर्घटना में घायलों को उपचार हेतु जीवन ज्योति अस्पताल में भर्ती कराये जाने की सूचना पर पहुँची पुलिस को घायल राजेन्द्र शरणागत उम्र 40 वर्ष, ख्याल सिंह उम्र 40 वर्ष दोनों निवासी ग्राम कल्याणपुर थाना बरघाट जिला सिवनी वर्तमान पता शांतिनगर गोहलपुर, राजकुमारी सेन उम्र 38 वर्ष निवासी ग्राम धनककड़ी थाना धूमा जिला सिवनी वर्तमान पता शांतिनगर दमोहनाका गोहलपुर के इलाजरत मिले। राजेन्द्र शरणागत ने बताया कि वह एवं उसका साथी ख्याल सिंह, राजकुमारी सेन एवं राजकुमार राणा चारों भंडारा खाना बनाने के लिये एक आदमी दमोहनाका से लेकर कृषिनगर अधारताल आटो से जा रहा था जैसे ही अधारताल तालाब के पास उतरे तभी पीछे से आ रही कार क्रमांक एमपी 20 सीई 7801 का चालक तेज गति लापरवाही से चलाते हुये उसे ,ख्याल सिंह एवं राजकुमारी सेन का टक्कर मार दी।

## सूने मकान का ताला तोड़कर चोरी

**जबलपुर,देशबन्धु।** थाना अधारताल में रात रितेश श्रीवास्तव उम्र 40 वर्ष निवासी पुष्पकनगर गली नम्बर 3 धनी की कुटिया ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि वह रेल्वे मे पार्सल पोर्टल का प्राईवेट काम करता है 23 अक्टूबर की रात लगभग 9-30 बजे पत्नी नेहा श्रीवास्तव के साथ घर पर ताला लगाकर दुर्गा जी देखने गया था रात बजे घर वापस आया तो देखा कि घर के दरवाजे का ताला टूटा था दरवाजा टिका हुआ था, अंदर जाकर देखने पर सामान बिखरा पड़ा था आलमारी में रखे नगदी 30 हजार रूपये, एवं सोने के 4 नगएयर रिंग तथा चांदी की 2 जोड़ी पायल, 1 जोड़ी बिछिया, एक चैन , 1 छल्ला गायब थे। सूने मकान का ताला तोडकर कोई अज्ञात चोर सोने चांदी के जेवर एवं नगदी रूपये चोरी कर ले गया है। रिपोर्ट पर अपराध क्रमांक 1072/23 धारा 457, 380 भादवि का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

## मालगाड़ी के 3 डिब्बे हुए डिरेल, मुगलसराय-प्रयागराज रूट पर रेल यातायात प्रभावित

**जबलपुर, वाराणसी देशबन्धु।** उत्तर प्रदेश के वाराणसी में कैंट जंक्शन पर उस वक्त अफरा-तफरी मच गई जब एक मालगाड़ी डिरेल हो गई. मालगाड़ी के तीन डिब्बे पटरी से उतर गए. मालगाड़ी से सरिया जा रही थी लेकिन जैसे ही कैंट जंक्शन के अप यार्ड में ट्रेन पहुंची उसके पहिए डिरेल हो गए. सूचना मिलते ही रेलवे प्रशासन में हड़कंप मच गया।

फिर तत्काल रेलवे के तमाम अधिकारी मौके पर पहुंच गए और फौरन रेस्क्यू ऑपरेशन शुरू किया गया। दरअसल, यह गाड़ी वाराणसी के ही काशी जंक्शन से कैंट रेलवे स्टेशन होते अपने गंतव्य की ओर बड़ी थी और यह हादसा हो गया. बताया जा रहा है कि अभी जो नई रेलवे लाइन बिछाई गई है, उसी पटरी पर यह हादसा हुआ है. रेलवे की पूरी टीम ट्रैक खाली करने में जुटी हुई है. तमाम

### मौके पर पहुंची बचाव टीम

रेस्क्यू के साधन मौके पर पहुंच चुके हैं. वहीं अधिकारियों का कहना है कि मामले की जांच करवाई जाएगी।

मिली जानकारी के मुताबिक दोपहर करीब 1.30 बजे मुगलसराय से कानपुर की ओर जा मालगाड़ी के 3 कोच तेज आवाज के साथ पटरी से उतर गए. हादसे में ट्रैक भी क्षतिग्रस्त हो गया. मालगाड़ी के डिरेल होते ही अप लाइन का सिग्नल भी रेड हो गया. इसके बाद ट्रेन के लोको पायलट ने कंट्रोल रूम को मालगाड़ी के डिरेल होने की सूचना दी. इसके साथ ही कैंट स्टेशन को भी हादसे की जानकारी दी गई. मालगाड़ी के डिरेल होने की सूचना मिलने के बाद हडकंप मच गया. फिर आनन-फानन में टीमों को मौके पर राहत और बचाव कार्य के लिए भेजा गया। हादसे के बाद मुगलसराय रूट को बंद कर दिया गया. इसके साथ ही उत्तर रेलवे, पूर्वोत्तर रेलवे और दानापुर मंडल को अलर्ट भेजा गया. इस लाइन पर आ रही ट्रेनों का पीछे ही रोक दिया गया है या धीमी रफ्तार से चलाया जा रहा है। ऐसा माना जा रहा है जल्द ट्रेक को दुरूस्त कर लिया जायेगा।



## पुलिस लाइन में पारंपरिक ढंग से किया शस्त्र एवं वाहन पूजन

**जबलपुर,देशबन्धु।** पुलिस लाइन में आज सुबह दशहरा पर शस्त्र पूजा का कार्यक्रम आयोजित किया गया । अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक उमेश जोगा, उप पुलिस महानिरीक्षक आर आर एस परिहार, कलेक्टर सौरभ कुमार सुमन एवं पुलिस अधीक्षक आदित्य प्रताप सिंह ने शस्त्रों की पूजा की तथा हवन में शामिल हुये । इस अवसर पर वाहनों की पूजा भी इन अधिकारियों द्वारा की गई ।

## एक्टीवा सवार ने बाईक को मारी टक्कर, युवक घायल

**जबलपुर,देशबन्धु।** थाना माढ़ोताल में विवेक कुमार पाण्डे निवासी पूर्वी करिया पाथर घमापुर ने बताया कि ठेका लेकर मकान बनाने का काम करता है। कृषि उपज मंडी के सामने जुडाई का काम करने के लिये पहचान के राज मिस्त्री महेश प्रसद झारिया एवं लेवर अशोक मेहरा को लेकर स्टार सिटी का कराने ले जा रहा था महेश एवं अशोक, महेश की मोटर सायकल से आगे आगे चल रहे थे।

जैसे ही शारदा नगर मोड़ के पास कटंगी रोड पहुंचे तभी पीछे से आ रही एक्टिवा क्रमांक एमपी 20 यूए 0665 का चालक तेज गति लापरवाही से चलाते हुये महेश की मोटर सायकल मे टक्कर मार दिया जिससे महेश एवं अशोक दोनों गिर गये जिससे दोनों को हाथ पैर एवं शरीर में चोटें आयीं हैं एक्टिवा चालक टक्कर मारने के बाद कटंगी तरफ भाग गया। उसने लोगों की मद्द से दोनों घायलों को उपचार हेतु आशीष अस्पताल ले जाकर भर्ती कराया है। रिपोर्ट पर धारा 279, 337 भादवि का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।




## असामाजिक तत्वों के खिलाफ पुलिस का सर्च अभियान

**जबलपुर,देशबन्धु।** पुलिस ने आदतन अपराध करने वाले 8 आरोपियों के विरूद्ध धारा 110 के तहत, तथा वाद विवाद करने वाले 54 व्यक्तियों के विरूद्ध 107/116 जा.फौ. के तहत, एवं 7 व्यक्तियो के विरूद्ध धारा 151 जा.फौ. के तहत की गयी है, इसी प्रकार पिछले कई वर्षो से फरार 5 गैरम्यादी, 6 म्यादी वारंटी, को गिरफ्तार किया गया है, तथा 9 व्यक्तियों के विरूद्ध 34 आबकारी एक्ट के तहत कार्यवाही करते हुये 53 पाव देशी/अंग्रेजी एवं 48 लीटर कच्ची शराब, ज ़त की गयी तथा 6 व्यक्तियो के विरूद्ध 25 आर्म्स एक्ट के तहत की कार्यवाही की है।

## दिवाली और छठ पूजा के लिए रेलवे ने चलाई 300 स्पेशल ट्रेने

### यात्रियों को मिलेगी प्रतीक्षा सूची से राहत

**जबलपुर, नई दिल्ली देशबुन्धु।** पमरे सहित अन्य रेल जोन अंतर्गत मंडलों में त्यौहार को देखते हुये स्पेशल ट्रेन संचालन किया जायेगा। इससे यात्रियों को वेटिंग की सूची से निजात मिल सकेगी।



ट्रेनों में कन्फर्म सीट के लिए अक्सर ही मारामारी देखने को मिलती है। अगर यात्रा की योजना तत्काल में बनी हो तो फिर कन्फर्म सीट के लिए यात्रियों के पास नाम मात्र के ही विकल्प होते है। वहीं, जब बात त्योहारी सीजन की हो तब ट्रेन में कन्फर्म सीट के लिए जद्दोजहद और बढ़ जाती है। त्योहार की तारिखों के आस-पास की सारी डेट पर टिकट लगभर बुक होती हैं।

**स्पेशल ट्रेनों का परिचालन**-ऐसे में दूसरे शहरों में रहकर काम-धंधा करने वाले लोगों के लिए त्योहार के मौसम में ट्रेन से घर लौटने की यात्रा काफी मुश्किल भरी होती है। त्योहारी सीजन में ट्रेनों में बेतहाशा भीड़ अक्सर सुर्खियों का हिस्सा बन जाती हैं। हालांकि, रेलवे इससे निपटने के लिए स्पेशल ट्रेनों का परिचालन करती है, जिससे त्योहारी सीजन में लोगों की यात्रा मंगलमय हो सके। इसी कड़ी में इस बार भारतीय रेलवे ने त्योहारी सीजन को देखते हुए 300 स्पेशल ट्रेनें चला रहा है, जिसमें चार्ट बनने के बाद भी आपको कन्फर्म सीट मिल सकती है । ऐसे में अगर आप भी त्योहार के मौसम में ट्रेन की यात्रा कर अपनी मंजिल तक जाना चाहते है तो आप भी इन 13 जोन की लिस्ट देख लें।

**स्पेशल ट्रेन लगाएगी 4500 से अधिक फेरे**

कई बार यात्री जानकारी के अभाव में कन्फर्म सीट की नहीं मिल पाती। भारतीय रेलवे 13 जोन रूट पर 300 स्पेशल ट्रेन चलाएगी, जो त्योहार के मौसम में लगभद 4500 से अधिक पर फेरे लगाएगी. इनमें अकेले पूर्वोत्तर रेलवे ने दशहरा-दिवाली और छठ के पर्व के देखते हुए यात्रियों की होने वाली अतिरिक्त भीड़ के लिए 30 स्पेशल ट्रेनों का संचालन किया जाएगा। इनमें कई ट्रेनों का संचालन भी शुरू हो चुका है।



**जबलपुर, देशबन्धु।** नगर निगम के महाराणा प्रतिमा स्थल पर भी विधी विधान से शस्त्र पूजन कार्यक्रम आयोजित किया गया। क्षत्रिय समाज के साथ ही समाजिक संस्थाओं के प्रतिनिधियो की उपस्थिति रही। हर साल की तरह इस बार भी क्षत्रिय समाज ने इस कार्यक्रम का आयोजन किया। इस अवसर पर समाज के प्रदेश अध्यक्ष शैलेंद्र सिंह राजपूत, व्यवसायी अजित समदडिया, जीएस ठाकुर, दीनदयाल उपाध्याय वार्ड पार्षद मोनिका पुष्पेंद्र सिंह राजपूत, आदि जन शामिल थे।

# आदिवासी विभाग के सहायक आयुक्त हाईकोर्ट में तलब

## न्यूनतम मजदूरी कानून के उल्लंघन का मामला


**जबलपुर,देशबन्धु।** मप्र हाईकोर्ट ने न्यूनत्तम मजदूरी कानून उल्लंघन संबंधी मामले को काफी सख्ती से लिया। जस्टिस विवेक अग्रवाल की एकलपीठ ने मामले में अनावेदकों की ओर से दिये गये गोलमोल जवाब पर नाराजगी व्यक्त की। एकलपीठ ने मामले में सहायक आयुक्त आदिवासी विकास विभाग डिंडौरी संतोष शुक्ला को व्यक्तिगत रूप से उपस्थित होने के निर्देश दिये है। मामले की अगली सुनवाई एक नवंबर को निर्धारित की गई है।

यह मामला डिंडौरी समनापुर निवासी राजकुमार नंदा की ओर से दायर किया गया है। जिसमें कहा गया कि उसे जुलाई 2010 से कलेक्टर दर पर दैनिक वेतन भोगी के रूप में आदिवासी कार्य विभाग में नियुक्त किया गया था। वर्तमान में ब्लाक शिक्षा अधिकारी कार्यालय में डाटा एंट्री आपरेटर के रूप में वह कार्यरत है। श्रमायुक्त इंदौर द्वारा निर्धारित नियम के अनुसार डाटा एंट्री आपरेटर उच्च कुशल श्रमिक की परिभाषा के अंतर्गत आता है। उसे नियुक्ति तिथि से अक्टूबर 2021 तक न्यूनत्तम मजदूरी 12 हजार 235 का भुगतान किया गया। इसके बाद सहायक आयुक्त आदिवासी विकास विभाग के मौखिक निर्देश पर नवंबर 2021 से पांच हजार रुपये मासिक भुगतान किया जाने लगा। जबकि उच्च कुशल श्रमिक के लिए न्यूनतम मजदूरी 12 हजार 860 रुपये मासिक निर्धारित है। इस संबंध में अभ्यावेदन देने के बावजूद भी कोई कार्यवाही नहीं हुई, जिस पर हाईकोर्ट की शरण ली गई। सुनवाई पश्चात् न्यायालय ने उक्त निर्देश दिये। याचिकाकर्ता की ओर से अधिवक्ता विनायक शाह व अन्य ने पक्ष रखा।

## नाबालिगाओं से दुष्कर्म करने वाले दो आरोपियों को 20-20 साल की सजा

### पाक्सो की अदालत ने दोनों पर जुर्माना भी लगाया

**जबलपुर,देशबन्धु।** पाक्सो की अदालत ने दो अलग-अलग मामलों में सुनवाई करते हुए नाबालिगाओं से दुष्कर्म के दो आरोपियों को दोषी करार दिया है। अदालत ने आरोपी अभिषेक उर्फ राजा कोल व सागर रैकवार को 20-20 साल के सश्रम कारावास की सजा सुनाई। अदालत ने दोनों आरोपियों पर जुर्माना भी लगाया है। इसके साथ ही पीड़िता को दो लाख रुपये की प्रतिकर राशि प्रदान करने के आदेश दिये है।




अदालत को अभियोजन पक्ष की ओर से बताया गया कि पीड़िता के मामा ने 4 मई 2022 को अधारताल थाने में शिकायत दर्ज करायी थी। जिसमें उन्होंने बताया था कि पीड़िता 3 मई की सुबह करीब चार बजे बिना बताये घर से कहीं चली गई, जिसका कुछ पता नहीं चला। पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर पीड़िता को दस्तयाब किया। जिसने अपने बयान में बताया कि अभिषेक उर्फ राजा कोल उसे बहला फुसलाकर रेलवे स्टेशन अधारताल ले गया। उसके बाद वे अभिषेक की नानी के घर गये, जहां उसके मना करने पर भी आरोपी ने उसके साथ शरीरिक संबंध बनाये। शिकायत पर पुलिस ने अपहरण, दुष्कर्म व पाक्सो एक्ट के तहत प्रकरण दर्ज किया था। सुनवाई दौरान पेश किये गये साक्ष्य व गवाहों के मद्देनजर अदालत ने आरोपी को 20 साल की सजा व दो हजार रुपये के अर्थदंड से दंडित किया। इसके साथ ही पीड़िता को दो लाख रुपये की प्रतिकर राशि प्रदान करने के आदेश दिये। मामले में शासन की ओर से एडीपीओं मनीषा दुबे ने पक्ष रखा।

### बदनाम करने की धमकी देकर ले गया था आरोपी

वहीं दूसरे मामले में अदालत को अभियोजन पक्ष की ओर से बताया गया कि 1 मई 2022 को पीड़िता के पिता ने अधारताल थाने में पीड़िता के गुम होने की शिकायत दर्ज करायी थी। जिसमें उन्होंने बताया था कि वह गमी में अपनी पत्नी के साथ जबेरा दमोह गये थे। वापस आये तो उनकी बेटी घर पर नहीं थी। शिकायत पर पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर पीड़िता को ढूढ़ निकाला। जिसने अपने बयानों में बताया कि आरोपी सागर रैकवार जबरदस्ती बदनाम करने की धमकी देकर मोटर साइकिल से उसे अपनी दीदी के घर पाटन ले गया। जहां उसके साथ जबरदस्ती शरीरिक संबंध बनाये। पुलिस ने मामले में प्रकरण दर्ज कर अदालत के समक्ष चालान पेश किया। सुनवाई पश्चात् अदालत ने आरोपी सागर रैकवार को 20 साल के कठोर कारावास व दो हजार रुपये के अर्थदंड से दंडित किया। मामले में एडीपीओं मनीषा दुबे ने पक्ष रखा।

## पति को दस साल तो सास को सात साल की सजा

**जबलपुर,देशबन्धु।** जिला अदालत ने दहेज हत्या के मामले में आरोपी पति व सास को दोषी करार दिया है। अदालत ने आरोपी पति को दस साल तो सास को सात साल की सजा सुनाई है। एडीजे अभिषेक सक्सेना की अदालत ने उक्त सजा सुनाई है।

अदालत को अभियोजन पक्ष की ओर से बताया गया कि अधारताल थानातंर्गत महाराजपुर निवासी आशुतोष रैकवार की नवविवाहिता पत्नी कल्याणी ने 15 अक्टूबर 2015 को फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली थी। पुलिस ने जांच दौरान पाया था कि सास सुधा रैकवार, ननद स्वाति नाविक तथा पति आशुतोष एक लाख रूपये तथा स्कूटी की डिमांड कर कल्याणी को आये दिन प्रताड़ित करते थे। जिससे तंग आकर कल्याणी ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली थी। मामले में पुलिस ने दहेज प्रताड़ना व गैर इरादतन हत्या का प्रकरण दर्ज किया था। सुनवाई दौरान पेश किये गये साक्ष्य व गवाहों के मद्देनजर अदालत ने आरोपी पति आशुतोष व सास सुधा को सजा सुनाई वहीं साक्ष्यों के अभाव में ननद को दोषमुक्त किया गया। मामले में शासन की ओर से एजीपी राजेश तिवारी ने पक्ष रखा।

## वकालत के मूलभूत सिद्धांतों की नवागत अधिवक्ताओं को सैनी ने दी जानकारी

**जबलपुर,देशबन्धु।** कटनी, कैमोर व विजयराघवगढ़ के युवा अधिवक्ताओं ने बुधवार को हाईकोर्ट व जिला न्यायालय का भ्रमण किया। जिनका नेतृत्व स्टेट बार कौंसिल शिकायत निवारण समिति की जिला प्रतिनिधि अधिवक्ता अंजुला सरावगी ने किया। उन्होंने बताया कि युवा वकीलों ने एमपी स्टेट बार कौंसिल के वाइस चेयरमैन व जिला बार एसोसिएश्न जबलपुर के अध्यक्ष आरके सिंह सैनी से मार्गदर्शन हासिल किया। श्री सैनी ने नये वकीलों को वकालत के मूलभूत सिद्धांतों से अवगत कराया और इसके साथ ही उनका मुंह मीठा कराया। एक घंटे तक क्लास चलती रही। इस दौरान अधिवक्ता श्री सैनी ने भरोसा दिलाया कि अधिवक्ता अंजुला सरावगी के जरिए प्राप्त होने वाली प्रत्येक शिकायत को गंभीरता से लिया जाएगा। अधिवक्ता मंडल में राजेश सिंह, उपेंद्र सिंह, अर्चना उपाध्याय, संजय उपाध्याय, अक्षय बजाज, श्रीकांत श्रीवास्तव, कमलापति तिवारी, कहकशा मंसूरी, रोशनी पटेल, रोहित सैनी, सुभाष मनाना, सुरेश मनाना, अजय प्रजापति, यशपाल सिंह, आरती मौर्य, महेंद्र श्रीवास, एडवोकेट वीरेंद्र अहिरवार, संजय सोनी, सतीश साहू, शैलेंद्र तिवारी, पूनम पटेल व उपेंद्र त्रिपाठी शामिल रहे।

# बैंडबाजों की मधुर धुन के साथ निकला चला समारोह

## दुर्गा प्रतिमाओं का बुढ़ानसागर तालाब में किया विसर्जन

**गांधीग्राम, देशबन्धु।** गांधीग्राम में दस दिवस तक चलने वाला चलने वाला दुर्गोत्सव कार्यक्रम बुधवार को चल समारोह बड़े ही धूमधाम के साथ आनंद व शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न हुआ। प्राप्त जानकारी के अनुसार दुर्गा उत्सव चल समारोह का शुभ आयोजन प्रतिमा स्थल पंडाल से मां दुर्गा की आरती के साथ दुर्गा उत्सव चल समारोह जुलूस के रुप में बैंड बाजों की मधुर धुन में देवी भक्त गीतों व भजनों की प्रस्तुति के साथ निकाला गया। सायंकालीन बेला में क्रमश: सार्वजनिक दुर्गा उत्सव समिति मानस भवन, सार्वजनिक दुर्गा उत्सव समिति मेन रोड गांधीग्राम, दुर्गोत्सव समिति महाकाली बारियाधाम, जय माँ बंजारी दुर्गोत्सव समिति गाँधीग्राम, खेरमाई माता आदिवासी वार्ड, अनगढ़ धाम दुर्गोत्सव समिति बुढ़ानसागर गाँधीग्राम व दुर्गोत्सव उत्सव समिति बर्मन मोहल्ला की दुर्गा प्रतिमाएं विशेष सुज्जित व आकर्षक झांकियों के साथ गांधीग्राम बस स्टैंड मुख्य सड़क मार्ग से होते हुए हाई सेकेंडरी स्कूल गांधीग्राम तक व ग्राम के प्रमुख मार्गो से निकाले





गई। सभी दुर्गा प्रतिमाओं का बाजार स्थित रामलीला मैदान मैं एकत्रिकरण हुआ।यहां पर हजारों दर्शको ने अपनी नैनों से मां दुर्गा की आकर्षक प्रतिमाओं के शुभ दर्शन किए। प्रतिमाओं के साथ जुलुस व बैंड बाजे की धुन पर महिला पुरुष भक्त बैंड बाजों की धुन पर थिरकता नजर आया।

**चल समारोह के साथ निकली प्रभु श्रीराम व वानर सेना की झांकियां**- प्रतिमाओं के चल समारोह के साथ प्रभु श्री राम लक्ष्मण सीता की एवम वानर सेना की आकर्षक झांकियां व दूसरी और लंकापति रावण के साथ राक्षसी सेना की आकर्षक झांकियां वाहनों में चल समारोह के साथ थी।गांधीग्राम में लगभग 15 गांव से आए हजारों दर्शकों ने मुख्य सड़क के दोनों ओर खड़े होकर व बाजार स्थल एकत्रित होकर माता रानी जगदंबे के दर्शन किए व महा प्रसाद ग्रहण किया।

**जगह-जगह हुआ भंडारा**-ग्राम के कई स्थानों पर भंडारे के रूप में महाप्रसाद का वितरण किया गया। हजारो भक्तो ने चल समारोह के दौरान प्रसाद ग्रहण किया।

**बुढ़ानसागर तालाब में हुआ प्रतिमाओं का विसर्जन**- ग्राम की सभी प्रतिमाओं का विसर्जन नाव के द्वारा रात तक कतारबद्ध कर गांधीग्राम के विसर्जन कुण्ड में दुर्गा प्रतिमाओं का विसर्जन किया गया। समितियों के पदाधिकारियों एवम पुलिस प्रशासन के सहयोग से विजयादशमी चल समारोह उत्साह एवम उमंग के साथ सम्पन्न हुआ।

# हर्षोल्लास के साथ निकला चल समारोह

### नगर और ग्रामीण क्षेत्रों से पहुंचे हजारों श्रद्धालुजन

**पनागर, देशबन्धु।** नगर में अपनी परंपरा के अनुसार इस वर्ष भी दशहरा पावन पर्व बड़े हर्ष उल्लास एवं उमंग के साथ धर्म में वातावरण में मनाया गया नगर में स्थापित लगभग 40 शेरावाली की प्रतिमाओं में से लगभग 22 जुलूस में सम्मिलित हुई थाना प्रभारी अजय बहादुर सिंह जी के साथ सी एसपी प्रियंका मर्चेम जी के द्वारा सभी माता जी की प्रतिमा का पूजन कर जुलूस आगे बढ़ाया नगर में अनेक स्थानों पर सामाजिक संगठन द्वारा माता जी की पूजा अर्चना की गई पुरुष महिलाओं से युवा वर्ग ने वी बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया

**नगर में प्रथम बार तालाब में नहीं हुआ विसर्जन**-पनागर में अधिकतर दुर्गा प्रतिमा का विसर्जन मौलाना वार्ड स्थित बलिया तालाब में होता था रेलवे की लाइन को पार कर



15 से 20 फुट की प्रतिमा को सैकड़ो लोग पड़कर उसे पर ले जाकर विसर्जन करते थे इस बार थाना प्रभारी पनागर अजय बहादुर सिंह जी द्वारा अपने उच्च अधिकारियों को मार्गदर्शन में लेकर एडिशनल एसपी शालिनी दुबे सी एसपी प्रियंका जी मुख्य नगर पालिका अधिकारी आशीष कुमार शर्मा तहसीलदार विकास जैन नायब तहसीलदार बानसूर जी के द्वारा दुर्गा समिति के पदाधिकारी से चर्चा कर उन्हें तालाब जाने से मना किया और बताया कि कभी भी कोई गंभीर दुर्घटनाएं हो सकती हैं क्योंकि अब बहुत तेज गति की ट्रेन चलने लगी है और वहां पर भविष्य में कोई गंभीर दुर्घटना ना हो समझाएं दी गई उसके परिणाम सकारात्मक रहे नगर की प्रथम दुर्गोत्सव समिति जागृति लोगों से समिति के पदाधिकारी ने तथा अन्य समिति के लोगों ने उसे स्वीकार कर विद्युत मंडल कार्यालय के पास बनोड़ा रोड पर स्थित नगर पालिका द्वारा बनाए गए विशाल कुंड में विसर्जन किया जिसकी नगर में सभी लोगों ने प्रशंसा की।

## सार-समाचार

### दो पहिया वाहन चालक ने मासूम को मारी टक्कर, घायल

**मझौली, देशबन्धु।** मामला थाना मझौली के अंतर्गत आने वाले वार्ड नंबर 9 सोनकर मोहल्ला का है जहां पर एक चार वर्षीय बच्ची घर के बाहर खेल रही थी उसी समय एक तेज रफ्तार दो पहिया वाहन चालक लापरवाही पूर्वक गाड़ी चलाते हुए बच्ची को टक्कर मार दी और वाहन छोड़कर भाग गया इसकी सूचना बच्ची की माता ने पुलिस थाने मझौली में दी जिससे बच्ची का मुलायज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मझौली में कराया गया तो बच्ची को दाएं पैर में चोटें आई और बाएं हाथ में भी चोट आई इलाज उपरांत डॉक्टर ने बच्ची को एक्सरे करने की सलाह दी पर बच्ची को माता-पिता के द्वारा पुलिस थाना मझौली लाया गया और वाहन डिलक्स हौंडा गाड़ी द्बश्च 20 द्ब× 3899 वाहन चालक के खिलाफ मामला दर्ज किया गया।

### महाराजपुर का दशहरा चल समारोह आज

**पनागर, देशबन्धु।** महाराजपुर दशहरा चल समारोह का कार्यक्रम 26 अक्टूबर को शाम 6:00 बजे महाराजपुर बाईपास से प्रारंभ होगा जो आधारताल तालाब जाएगा जहां चल समारोह में सम्मिलित दुर्गा प्रतिमाओं का विसर्जन किया जाएगा इसके पूर्व रावण दहन भी किया जाएगा। कार्यक्रम में जनप्रतिनिधियों समेत गणमान्य नागरिक समाज सेवक भी उपस्थित होंगे चल समारोह के अध्यक्ष दिनेश पटेल संतोष दुबे गंगाराम पटेल ने नागरिकों से उपस्थित होने की अपील की है।

### आज निकलेगा 51 देवियों का चल समारोह

**बरेला, देशबन्धु।** ग्राम बम्हनी में स्थापित 51 देवियों का चल समारोह. आज ग्राम बम्हनी धूमधाम से निकाला जाएगा। यह चल समारोह ग्राम बमनी से होते हुए धनपुरी, डूंडी, पहाड़ी खेड़ा. होते हुए ग्राम बिलगड़ा स्थित गोमुख धाम तक जावेगा जहां पर 51 देवियों का विसर्जन किया जाएगा।आयोजन समिति के रामेश्वर साहू बंटू, रानू साहू, श्रीमती वर्षा झरिया. नीलकमल झरिया ने सभी लोगों से विसर्जन चल समारोह में शामिल होने की अपील की है।

### विजयादशमी पर सिहोरा थाने में हुआ शस्त्र पूजन

**सिहोरा, देशबन्धु।** हिंदू धर्म में अनादि काल से ही विजयादशमी पर्व पर शस्त्रों के पूजन की परंपरा रही है। मंगलवार को विजयादशमी के शुभ अवसर पर सिहोरा थाना प्रांगण में शस्त्र पूजन किया गया। थाने में पदस्थ थाना प्रभारी सहित पुलिस कर्मियों ने विजयादशमी पर्व पर शस्त्रों का पूजन अर्चन कर मां दुर्गा से विजयी होने का आशीर्वाद मांगा। साथ ही समस्त विश्व के कल्याण की कामना की। सिहोरा थाना प्रांगण में थाना प्रभारी विपिन सिंह की उपस्थिति में दोपहर 1:00 बजे से शस्त्र पूजन का कार्यक्रम प्रारंभ हुआ। माल खाने में रखे बंदूक, पिस्टल, राइफल कि पूरे विधि विधान से पूजा अर्चना की गई। पूजन अर्चन के दौरान मां दुर्गा से यह भी आशीर्वाद मांगा की मां कभी ऐसी स्थिति न आए कि इनका इस्तेमाल करना पड़े। शस्त्र पूजन कार्यक्रम में थाना प्रभारी विपिन सिंह, उप निरीक्षक सैयद इकबाल, उप निरीक्षक केपी पांडे, सहायक उप निरीक्षक रजीत सिंह, सहायक उप निरीक्षक लाल बहादुर सिंह, आरक्षक अमित रैकवार, रविंद्र, परमजीत यादव, गणेश्वर, सिंटू, सुजीत, प्रदीप, रोहित शामिल रहे।



# 23 देवी प्रतिमाओं साथ निकला दशहरा चल समारोह

## हिरन नदी घाट पर बनाए गए कुंड में किया जा रहा प्रतिमाओं का विसर्जन



**सिहोरा, देशबन्धु।** नवरात्रि के पावन पर्व का समापन मंगलवार को किया गया। इस वर्ष भी दशहरा पर्व नगर एवं ग्रामीण क्षेत्रों में शांति और सौहार्द के साथ मनाया गया। इस दौरान इस चल समारोह में नगर में विराजमान दुर्गा पंडालों की प्रतिमाओं की संख्या पिछले वर्ष की अपेक्षा इस वर्ष ज्यादा मूर्तियाँ शामिल हुई। गत वर्ष प्रथम दिवस दशहरा चल समारोह में नगर की करीब 23 दुर्गा प्रतिमाओं में चल समारोह में हिस्सा लिया था, जबकि इस वर्ष इनकी संख्या 30 रही इसके लिए प्रशासनिक अधिकारियों ने दुर्गा पंडालों के अध्यक्षों से एक विशेष बैठक नवरात्रि के पूर्व की थी जिस पर लोगों ने अपनी सहमति भी दी थी किंतु देखने वाली बात यह है कि इस चल समारोह में कितनी दुर्गा प्रतिमाएं शामिल हो सकती है इन दुर्गा प्रतिमाओं के विसर्जन के लिए प्रशासन ने हिरण नदी महुआ घाट पर विसर्जन कुंड का निर्माण किया है, जिस पर प्रतिमाओं का विसर्जन किया जाएगा। इस कुंड की भी गहराई गत वर्ष की अपेक्षा बढ़ाई गई है पिछले वर्ष लगभग 5 फुट गहरा कुंड बनाया गया था जबकि इस बार उसे 2 फिट बढ़ा दिया गया है।

**सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम**-प्रदेश में इस वर्ष विधानसभा चुनाव हैं और चुनाव आचार संहिता को देखते हुए शासन ने सुरक्षा के इंतजाम भी कड़े कर रखे हैं चल समारोह के दौरान नगर के मुख्य चौराहों पर सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी गई है वहीं भारी वाहनों की आवाजाही के लिए नवनिर्मित बाईपास डायवर्सन के रूप में बनाया गया है जिससे होकर भारी वाहन शहर के बाहर से निकाले जाएंगे वहीं चल समारोह के प्रारंभिक स्थल बाबा साला कटरा मोहल्ला मैं भी पुलिस ने सुरक्षा व्यवस्था लगा रखी है नवमी के दिन दुर्गा प्रतिमाओं की झलक पाने के लिए हजारों की तादाद में ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्र के श्रद्धालु नगर में प्रवेश कर रहे हैं इनके लिए भी सुरक्षा के इंतजाम किए गए हैं।

**जगह जगह भंडारों का आयोजन**- प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी दशहरा चल समारोह के दौरान दर्शनार्थी भक्तों के लिए जगह-जगह भंडारों का आयोजन किया गया है सब्जी पूरी खीर जलेबी आलू बंडे सहित विभिन्न प्रकार के व्यंजनों का वितरण श्रद्धालुओं को नगर की दुर्गा प्रतिमा समितियां द्वारा किया गया।वहीं भगतों ने जमकर भंडारा प्रसाद ग्रहण करते हुए चल समारोह में देवी प्रतिमाओं का दर्शन लाभ प्राप्त किया।

**जवारों का किया विसर्जन**-नवरात्रि के अवसर पर देवी मंदिरों में विराजमान जवारा कलशों का विसर्जन नवमी के दिन किया गया सिहोरा में बूढ़ी माई मंदिर स्थित जवारा कलश का विसर्जन तालाब में किया गया जबकि कंकाली माता के जवारे नवमीं रात को निकाले गए और दशहरा सुबह विसर्जन किया गया।



## नगर में धूमधाम से निकला चल समारोह

### हिरन नदी पुल पर पुलिस ने की चाक-चौबंद व्यवस्था

**पाटन देशबन्धु।** नगर एवं ग्रामीण क्षेत्र में दशहरा पर्व बड़े ही धूम धाम से मनाया गया है। नगर के दशहरा चल समारोह में ग्रामीण क्षेत्रों के लोग बड़ी संख्या में शामिल हुए। वही ग्रामीण अंचलों में मैया जी की विदाई बड़े ही धूम धाम से की गई। शारदेय नवरात्रि पर्व पर मैया जी के भक्त माता रानी की भक्ति में लीन रहे। दुर्गा समितियों के द्वारा मैया जी की पूजा आराधना करके स्वच्छ सरोवर एवं हिरण नदी में माता की प्रतिमा को विसर्जन किया गया। वही पाटन पुलिस के द्वारा हिरण नदी पुल पर चाक चौबंद व्यवस्था की गई थी।



## भगवान श्रीराम ने की भगवान रामेश्वर की स्थापना, पूजन

**गांधीग्राम, देशबन्धु।** गांधीग्राम बाजार स्थित राम जानकी मन्दिर में रामलीला का आयोजन किया जा रहा है। इसमें रामलीला मंचन के दौरान विभीषण शरणागति, रामेश्वर स्थापना, अंगद-रावण संवाद का मंचन चित्रकूट की रामलीला के कलाकारों द्वारा किया गया। चलित प्रसंग के अनुसार लंका के राजा रावण को उनके अनुज विभीषण द्वारा समझाया जाता है कि भैया राम और आप संधि कर लीजिए और माता जानकी को आदर सहित राम को सौंप दीजिए, ऐसा करने से लंका औरआपका ही भला होगा। यह सुनकर रावण क्रोधित हो गया, उसने विभीषण को पैर की ठोकर से प्रहार कर लंका से बाहर कर दिया ।

विभीषण राम जी की शरण मे आ जाते है, राम जी विभीषण से पूछते है कि इस अगाद समुद्र को कैसे पार किया जाए, तब विभीषण के बताए अनुसार राम जी समुद्र से रास्ते मांगने के लिए उससे विनय करते है। तीन दिन बीत जाने के पश्चात राम जी क्रोध से सागर को सुखाने के लिए अग्नि बाण का संधान करते है। तब समुद्र प्रकट हो जाता है, क्षमा याचना करता है, और राम जी को सेतु बनाने के लिए मार्ग बताता है, तब राम जी रामेश्वर भोले नाथ की स्थापना करते हैं और उनके पूजन अर्चन के कार्य को लंका नरेश रावण द्वारा सम्पन्न कराया जाता है और सेतु निर्माण का कार्य प्रारंभ करते है। राम जी अपनी सेना सहित सेतु पार करते है, और अंगद को लंका में शांति दूत बनाकर भेजते है, रावण से अंगद की नोंक-झोंक बड़े ही रोचक संवाद के रूप में मंच पर प्रस्तुत की गई। रामेश्वर पूजन लीला के मंचन दृश्य का पूजन आरती सार्वजनिक दुर्गा उत्सव समिति राम जानकी मंदिर के संरक्षक प्रताप सिंह बघेल, दुर्गोत्सव समिति के अध्यक्ष महेश सेन, चमन असाटी,रेवाशंकर असाटी,गजराज सिंह बघेल, सुरेश असाटी, बबलू दुबे, विजय चौरसिया , अजय कोरी,भागचंद साहू,हरिशंकरतिवारी, गोरीशंकर,मंहगू चौरसिया,अजय गौतम, बंटू मिश्रा,मनोहर तिवारी, आदि सभी पदाधिकारी ने की।

# विजयादशमी पर निकला नगर का चल समारोह

### शाम 4 से सुबह तक चलता रहा प्रतिमाओं के विसर्जन का क्रम

**गोसलपुर, देशबन्धु।** विजयदशमी का पर्व गोसलपुर घुघरी नवीन कछपुरा जुझारी धरमपुरा हृदय नगर सहित ग्रामों में पूर्ण भक्ति भाव एवं उल्लास पूर्वक मनाया गया । गोसलपुर का चल समारोह शाम 6 बजे प्रारंभ हुआ जिसमें शामिल प्रतिमाओं का विसर्जन प्रात: 4 बजे तक चला।

हमेशा की तरह सार्वजनिक दुर्गा उत्सव गामा जारी की प्रतिमा क्रमांक एक पर शामिल हुई, चल समारोह में नव जागृति शंकर कॉलोनी ,व्यापारी संघ, झंडा चौक, बड़ी खेरमाई, आश्रम मोहल्ला, माता महाकाली आदर्श दुर्गा उत्सव कछपुरा ,आदर्श दुर्गा उत्सव ग्राम पंचायत कछपुरा नव जागृति शांति नगर की प्रतिमा चल समारोह में शामिल हुई। जिनका



विसर्जन श्री राम सागर जलाशय में तथा कछपुरा आदर्श दुर्गा उत्सव तथा शांति नगर की प्रतिमाओं का विसर्जन जुझारी तालाब में किया गया। जुलूस में पूर्ण भक्ति भाव के साथ महिलाएं बच्चे नृत्य करते हुए चल रहे थे गामाजारी की प्रतिमा में अध्यक्ष धर्मेंद्र सिंह राजपूत गिरजा जितेंद्र पालीवाल गोविंद सिंह विज्ञान सिंह गोविंद राय महेश दहिया ध्रुव श्रीवास्तव सुमित पालीवाल जितेंद्र पांडे ओमप्रकाश पांडे सहित लोग शामिल थे रास्ते रास्ते चल



समारोह का लोगों ने अपने-अपने घरों के सामने पूजन अर्चन कर माता का आशीर्वाद प्राप्त किया खिन्नी तिराहा कछपुरा पहुंचने पर चल समारोह का कछपुरा सरपंच देवेंद्र पटेल सचिव विजय पटेल उप सरपंच श्रीमती सरोज श्रीवास्तव नोखे लाल पटेल नाथू पटेल प्रकाश पालीवाल जगन्नाथ विश्वकर्मा नंदकिशोर मिश्रा कमलेश पटेल लालजी पटेल राममिलन चौधरी अच्छे लाल राजभर महेश विश्वकर्मा रामलाल पटेल मनीष पटेल किनगी अरविंद पटेल विनोद मोरे मूलचंद पटेल राजकुमार विश्वकर्मा ने श्रीफल पुष्पमालाओं से प्रत्येक प्रतिमाओं का पूजन अर्चन कर आशीर्वाद प्राप्त किया एवं शामिल समितियां का पुष्पहारों से स्वागत किया। चल समारोह में सुरक्षा व्यवस्था के चलते चल समारोह शांतिपूर्वक संपन्न हुआ। नगर निरीक्षक प्रियंका केवट ने समितियों व ग्राम के गणमान्य नागरिकों को व्यवस्था बनाए रखने के लिए धन्यवाद दिया।

## राम जानकी मंदिर गांधीग्राम में महाआरती में श्रद्धालुओं की लगी भीड़

**गांधीग्राम, देशबन्धु।** गांधीग्राम के बाजार स्थल में स्थित राम जानकी मंदिर गांधीग्राम में अष्टधातु निर्मित मां जानकी की मूर्ति संगमरमर की दिव्य चतुर्भुजी प्रतिमा एवं अष्टभुजी मां दुर्गा की प्रतिमा की महा आरती के लिए गांधीग्राम सहित आसपास के क्षेत्र के श्रद्धालु जन बड़ी संख्या में उमड़ पड़े।मातारानी की महा आरती गांधीग्राम राम जानकी मन्दिर के पुजारी पुनीत तिवारी एवम चमन लाल असाटी की मधुर वाणी के साथ किया। भक्तों में राम जानकी मंदिर के अध्यक्ष प्रताप सिंह बघेल, पुष्पराज सिंह बघेल, राजू विश्वकर्मा, गजराज सिंह,विजय पंडा,मंहगू चौरसिया सहित अनेक भक्तों ने अपने हाथों से 108 ज्योति कलशों वाली दीपक को लेकर माता रानी की महा आरती उतारी और पूजन अर्चन किया। ग्राम के लोगो द्वारा बडी संख्या में पहुंचकर मातारानी की संगीतमय आरती गायन से लोग भावविभोर हो मातारानी की भक्ति में सराबोर ही गये। इस महाआरती में मुख्यरूप से पुष्पराज सिंह बघेल,सार्वजनिक दुर्गा उत्सव समिति राम जानकी मंदिर के संरक्षक प्रताप सिंह बघेल, श्रीमती ललितेश सिंह, श्रीमती सरोज सिंह बघेल,दुर्गोत्सव समिति के अध्यक्ष महेश सेन, रेवाशंकर असाटी,गजराज सिंह बघेल, सुरेश असाटी,चमन असाटी, बबलू दुबे, गोविन्द शरण,विजय चौरसिया ,भागचंद साहू,उमेश असाटी,हरिशंकर तिवारी, गोरीशंकर,मंहगू, चौरसिया,अजय गौतम, बंटू मिश्रा,मनोहर तिवारी, आदि सभी पदाधिकारी उपस्थित थे।

## कतर ने गाजा को 100 टन से अधिक सहायता भेजी : यूसुफ

**दोहा।** कतर विकास कोष के मानवीय सहायता कार्यकर्ता यूसुफ अल-मुल्ला ने कहा कि खाड़ी राज्य ने गाजा पट्टी पर इजरायल हमले के बाद से गाजावासियों के लिए 100 टन से अधिक सहायता की आपूर्ति की गयी है। मिस्र के हवाई अड्डे पर एक समाचार एजेंसी ने उनके हवाले से कहा, यह चौथी उड़ान है जिसे हमने एल अरिश भेजा है। उन्होंने बताया, पहली डिलीवरी दो उड़ानों में 37 टन थी और इन दोनों उड़ानों में लगभग 86 टन सहायता सामग्री भेजी गयी है।

### पाकिस्तान ने 'आजादी की लड़ाई' की आड़ में किया आतंकवाद का बचाव

# फिलिस्तीन को कश्मीर से जोड़ने की कोशिश

**संयुक्त राष्ट्र, (आईएएनएस)।** पाकिस्तान ने कश्मीर और फिलिस्तीन को एक तराजू पर रखते हुये आतंकवाद का बचाव किया और कहा कि जब विदेशी कब्जे में रहने वाले लोग इसका सहारा लेते हैं तो यह वैध होता है।

भारत के उप स्थायी प्रतिनिधि आर. रवींद्र ने कहा- एक प्रतिनिधिमंडल द्वारा केंद्र शासित प्रदेशों का जिक्र करते हुए आदतन प्रकृति की टिप्पणी की गई थी जो मेरे देश के अभिन्न अंग हैं। मैं इन टिप्पणियों को अवमानना की मानूंगा और समय को देखते हुये प्रतिक्रिया देकर उनका महिमा मंडन नहीं करूंगा।

विषय चाहे जो भी हो, पाकिस्तान संयुक्त राष्ट्र में कश्मीर मुद्दा उठाता है, हालांकि उस पर कोई ध्यान नहीं देता। इस्लामाबाद के स्थायी प्रतिनिधि मुनीर अकरम ने कहा कि हालांकि पाकिस्तान आतंकवाद के सभी रूपों और अभिव्यक्तियों की निंदा करता है, अंतर्राष्ट्रीय कानून के तहत, आत्मनिर्णय और राष्ट्रीय मुक्ति के लिए विदेशी कब्जे में रहने वाले लोगों का संघर्ष वैध है और इसकी बराबरी आतंकवाद से नहीं की जा सकती। उन्होंने अमेरिका और उन दूसरे देशों पर स्पष्ट रूप से कटाक्ष किया, जिन्होंने आतंकवाद के खिलाफ एक मजबूत सार्वभौमिक रुख अपनाया है, और भारत पर पाकिस्तानी आतंकवादियों के हमले या इजरायल पर चौतरफा आतंकवादी हमलों की स्थिति में उनका साथ दिया है। अहमद ने कहा, इस परिषद में कुछ लोगों ने अपने सहयोगियों को सुरक्षा की पेशकश की है जो फिलिस्तीन और कश्मीर में कब्जे वाले लोगों पर अत्याचार कर रहे हैं। इससे पहले, अमेरिकी विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन ने 26/11 के मुंबई हमले का उल्लेख करते हुए पाकिस्तान स्थित लश्कर-ए-तैयबा (एलईटी) का नाम लिया था, जबकि परिषद और महासभा ने बार-बार पुष्टि की है कि आतंकवाद के सभी कार्य गैरकानूनी हैं और अनुचित हैं।

अकरम ने कहा कि संयुक्त राष्ट्र चार्टर के तहत हर देश को अपनी संप्रभुता और क्षेत्रीय अखंडता पर हमलों के खिलाफ आत्मरक्षा का अधिकार है, लेकिन एक देश जिसने किसी विदेशी क्षेत्र पर जबरन कब्जा कर रखा है, वह उन लोगों के खिलाफ आत्मरक्षा के अधिकार का इस्तेमाल नहीं कर सकता है जिनके क्षेत्र पर उसने अवैध रूप से कब्ज़ा कर लिया है। अकरम ने हमास के कब्जे वाले गाजा पर इजरायल के हवाई हमलों की कड़ी निंदा की, हालांकि उन्होंने इजरायलियों पर आतंकवादी हमलों के लिए हमास की निंदा नहीं की, जिनमें इजरायली सीमा में 1,400 लोग - अधिकांश आम नागरिक - मारे गए थे। हमास ने 200 से अधिक लोगों को बंधक भी बना लिया था। अकरम ने अमेरिका का नाम लिए बिना इज़राइल-हमास संघर्ष में युद्धविराम या मानवीय विराम की मांग करने वाले परिषद के प्रस्तावों को वीटो करने के लिए उसकी आलोचना की।

### भारत के बाद चीन ने भी कर दी कनाडा की फजीहत, बोला- बिना सबूत झूठ बोलने में नंबर

**बीजिंग।** भारत पर बेबुनियाद आरोप लगाने के बाद कनाडा ने चीन पर भी कई बड़े आरोप लगाए हैं जिसके बाद दोनों देश आमने-सामने हैं। कनाडा का कहना है कि चीनी साइबर सेंधमार प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो और उनके कैबिनेट के साथियों को निशाना बना रहे हैं। वहीं चीन ने कनाडा पर पलटवार करते हुए कहा है कि वह बिना सबूत झूठ बोलने में नंबर 1 है। मंगलवार को चीनी विदेश मंत्रालय की तरफ से आयोजित की गई प्रेस कॉन्फ्रेंस में प्रवक्ता माओ निंग ने कहा, ट्रूडो सरकार का झूठ बोलना दोनों देशों के संबंध खराब कर सकता है। कनाडा की विदेश मंत्री मेलानी जोली ने कहा था कि चीन से जुड़े कुछ संगठन कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो के बारे में झूठ फैलाने की कोशिश कर रहे हैं। चीन ने कहा कि कनाडा द्वारा लगाए गए आरोप बेतुके और बेबुनियाद हैं और चीन इन्हें गंभीरता से नहीं लेता। उन्होंने कहा कि चीन कनाडा के इस रुख की निंदा करता है और इसका विरोध करता है। माओ ने कहा, कुछ समय से कनाडा लगातार चीन पर गंभीर आरोप लगा रहा है लेकिन अब तक कोई पुख्ता सबूत पेश नहीं कर पाया है। कनाडा लगातार झूठ बोल रहा है। उसका कहना है कि चीन हॉन्ग कॉन्ग पर हमला कर रहा है। हमें उम्मीद है कि कनाडा आगे से तथ्यों और सच का सम्मान करेगा। अगर ऐसा नहीं होगा तो दोनों देशों के संबंध खराब हो जाएंगे।

### इजरायली हवाई हमले में 8 सीरियाई सैनिक मारे गए, 7 घायल

**दमिश्क, (आईएएनएस)।** युद्धग्रस्त देश की सरकारी मीडिया ने बताया कि बुधवार को इजरायली हवाई हमलों में कम से कम आठ सीरियाई सैनिक मारे गए और सात अन्य घायल हो गए। दमिश्क, (आईएएनएस)। युद्धग्रस्त देश की सरकारी मीडिया ने बताया कि बुधवार को इजरायली हवाई हमलों में कम से कम आठ सीरियाई सैनिक मारे गए और सात अन्य घायल हो गए। सीएनएन की रिपोर्ट के अनुसार, सरकारी सना समाचार एजेंसी ने बताया कि दक्षिणी प्रांत दारा के ग्रामीण इलाकों में देर रात 1.45 बजे सीरियाई सैन्य ठिकानों पर हवाई हमले किए गए। इससे पहले दिन में, इजरायली सेना ने पुष्टि की थी कि सीमा पार से रॉकेट दागे जाने के बाद लड़ाकू विमानों ने सैन्य बुनियादी ढांचे और मोर्टार लांचरों पर हवाई हमले किए थे। इजरायल रक्षा बलों ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, मंगलवार को सीरिया से इजरायल की ओर रॉकेट लॉन्च के जवाब में, आईडीएफ लड़ाकू विमानों ने सीरियाई सेना से संबंधित सैन्य बुनियादी ढांचे और मोर्टार लांचरों पर हमला किया। पिछले हफ्ते आईडीएफ ने आरोप लगाया था कि सीरिया इजरायल पर हमलों को समर्थन दे रहा है।

### एक तरफ रहम की अपील, दूसरी तरफ लंबी जंग की तैयारी

**नई दिल्ली।** हमास-इजरायल जंग का आज 19वां दिन है। इस बीच इजरायली सेना गाजा पट्टी पर ताबड़तोड़ हमले कर रही है। युद्ध की आग अब सीरिया और लेबनान तक जा पहुंची है। इजरायली सेना के लड़ाकू विमानों ने मंगलवार को सीरिया के मिलिट्री बेस को भी निशाना बनाया है। इन हमलों में सीरिया का सैन्य अड्डा तबाह हो चुका है। इस बीच, संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में मंगलवार को एक लंबी बहस हुई, जिसमें 90 देशों के वक्ताओं में से कई ने गाजा पट्टी में बढ़ती मौतों के बीच युद्धविराम का आह्वान किया है। इधर, हमास ने कहा है कि इजरायली हमलों की वजह से उत्तरी गाजा पट्टी के अस्पतालों में भयानक बिजली संकट खड़ा हो गया है, जो मानवता के खिलाफ अपराध है। हमास ने संयुक्त राष्ट्र और सऊदी अरब समेत तमाम मुस्लिम देशों से गाजा पट्टी में उपजे संकट के उचित समाधान के लिए कदम उठाने की गुहार लगाई है। हमास के ऊर्जा संकट के दावे की पोल इजरायली डिफेंस फोर्स ) ने सोशल मीडिया एक्स पर एक फोटो पोस्ट कर खोली है।

# गाजा में जमीनी हमले से क्यों कतरा रहा ताकतवर इजरायल?

हमास के खिलाफ जंग में भले ही इजरायली सेना आतंकियों पर भारी लग रही हो लेकिन, युद्ध शुरू होने के 19 दिन बाद भी आईडीएफ ने गाजा पट्टी पर जमीनी हमला शुरू नहीं किया है।

इजरायली सेना ने जमीनी हमला भले ही न किया हो लेकिन, तैयारी पूरी है। तीनों छोर से गाजा पट्टी को घेर लिया है। इस बीच हवाई हमले लगातार किए जा रहे हैं। सबसे बड़ा हवाई हमला सोमवार रात को अंजाम दिया गया, जहां रातभर छोड़े गए रॉकेट हमले में 700 से अधिक फिलिस्तीनियों की मौत हो गई। यह इजरायल का अब तक का सबसे बड़ा हमला है। सेना ने बयान दिया है कि जमीनी आक्रमण के लिए हम पूरी तरह तैयार हैं, बस सही वक्त का इंतजार है। इजरायली पीएम बेंजामिन नेतन्याहू की ऐसी क्या

### 4 पॉइंट से समझिए नेतन्याहू की मजबूरी

मजबूरी है जो उनकी सेना को गाजा पर जमीनी हमले से रोक रही है? चार पॉइंट से समझते हैं... 7 अक्टूबर की सुबह इजरायल के लिए झटका देकर आई थी, जब हमास आतंकियों ने बड़ी प्लानिंग के तहत महज 20 मिनट में 5000 रॉकेट छोड़कर इजरायली धरती में कहर बरपाया। रॉकेट हमले के बाद फिलिस्तीनी आतंकी सीमा के अंदर घुस गए और कई इजरायली गांवों में जमकर कत्लेआम किया।

एक म्यूजिक फेस्टिवल में 250 लोगों की लाश बिछा दी। सीमा के पास एक गांव में 40 बच्चों समेत कई लोगों के सिर कलम कर दिए। इसके अलावा 200 से अधिक लोगों को अपहरण कर अपने साथ ले गए। कुछ घंटों में इजरायल को अपने 1700 लोगों की जान गंवानी पड़ी। अपनी इस क्रूरता का अंजाम हमास युद्ध के 19 दिन बाद भी भुगत रहा है। हमास आतंकियों द्वारा शुरू किए इस हमले को इजरायली सेना अंजाम तक पहुंचाने में जुटी है।

7 अक्टूबर को हुए हमले के जवाब में इजरायली सेना अभी तक हमास के कई आतंकियों को मौत के घाट उतार चुकी है। बेंजामिन नेतन्याहू ने कहा है कि हमास के खात्मे तक इजरायली सेना नहीं रुकेगी। अभी तक 100 से ज्यादा हमास के ठिकानों को बर्बाद किया जा चुका है। जबकि, दर्जनों आतंकियों को मारा जा चुका है। हम पर जो हमला करेगा, उसे नहीं छोड़ा जाएगा।

### गाजा में कहर बनकर टूटे रॉकेट

# इजरायल के हमले से एक रात में 700 फिलिस्तीनियों की मौत

गाजा पट्टी पर इजरायली सेना का कहर जारी है। इजरायली सेना पहले ही हमास को नेस्तनाबूत करने की चेतावनी जारी कर चुकी है। बुधवार तड़के यह भी जानकारी आई कि इजरायली सेना ने हमास का समर्थन करने पर सीरिया के मिलिट्री कैंप पर बमबारी शुरू कर दी है। इजरायली सेना आईडीएफ चुन-चुनकर हमास के ठिकानों को निशाना बना रही है।

गाजा के स्वास्थ्य मंत्रालय के अनुसार, इजरायली हवाई हमलों में 24 घंटे के अंदर 700 से अधिक फिलिस्तीनी मारे गए। अनुमान है कि अब तक के हवाई हमले में मारे गए लोगों में मौत का यह आंकड़ा सबसे अधिक है। उधर, इजरायली सेना ने दावा किया कि उसने हमास के 400 से अधिक ठिकानों पर हमला किया और रात भर में दर्जनों लड़ाकों को मार डाला। गाजा में चल रहे कत्लेआम को लेकर पूरी दुनिया चिंता में है। बुधवार को यूएन में भारत ने भी गाजावासियों की मदद जारी रखने की बात कही है। वहीं, संयुक्त राष्ट्र ने यह कहते हुए गाजा में आपातकालीन सहायता की अनुमति देने का आह्वान किया कि वर्तमान डिलीवरी अपर्याप्त थी। विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) ने सुरक्षित सहायता वितरण की अनुमति देने के लिए तत्काल युद्धविराम का आह्वान किया है। गाजा के स्वास्थ्य मंत्रालय ने बताया कि 7 अक्टूबर से इजरायली बमबारी में 5,700 से अधिक फिलिस्तीनी मारे गए हैं।

# गाजा में घुस तो जाओगे, लेकिन... इजरायल को अमेरिका ने बताई जंग वाली अपनी गलती

**तेलअवीव।** गाजा पट्टी की सीमा पर इजरायल के 3 लाख से ज्यादा सैनिक तैनात हैं। इन सैनिकों को गाजा पट्टी पर जमीनी हमला करने के लिए आदेश का इंतजार है, लेकिन इजरायल सरकार पसोपेश में है। दरअसल नेतन्याहू सरकार यह सोच रही है कि गाजा पट्टी पर घुसने के नतीजे क्या होंगे और वापसी कितनी आसान होगी। इस बीच अमेरिका ने भी इजरायल को नसीहत देते हुए कहा है कि उसे गाजा पट्टी में घुसने से पहले विचार करना चाहिए। इसके लिए अमेरिका इराक और सीरिया में अपने सैनिकों को जमीनी जंग में भेजने का उदाहरण भी दे रहा है। अमेरिका का कहना है कि इजरायल को गाजा में घुसने से पहले सेफ्टी कॉरिडोर पर भी विचार कर लेना चाहिए।

इस्लामिक स्टेट से जंग में अमेरिका ने अपने सैनिकों को सीरिया और इराक में उतारा था। अमेरिकी रणनीतिकारों का कहना है कि हमारे सैनिकों को मोसुल और रक्का जैसे शहरों में फंसना पड़ गया था। इसकी वजह यह थी कि आतंकवादी नागरिकों को ह्यूमन शील्ड के तौर पर इस्तेमाल कर रहे थे। अमेरिकी रक्षा मंत्री लॉयड ऑस्टिन और मिलिट्री लीडरशिप का कहना है कि रक्का और मोसुल में नागरिक भी मारे गए थे। इन जंगों में हजारों नागरिक भी निशाना बन गए थे। ऐसा ही संकट गाजा में भी खड़ा हो सकता है।

पेंटागन के प्रवक्ता ब्रिगेडियर जनरल पैट राइडर ने कहा, इजरायली अफसरों से बातचीत में हमने साफ कर दिया है कि उसे यह सोचना होगा कि नागरिकों को नुकसान न पहुंचे। उसे गाजा पट्टी पर जमीनी अटैक से पहले सोचना होगा कि निकलने का रास्ता क्या होगा। इराक के मोसुल शहर में 8 महीने तक जंग चली थी। इस दौरान 10 हजार लोग मारे गए थे, जिनमें 3200 से ज्यादा नागरिक हवाई हमले और मोर्टार आदि में मर गए थे। जुलाई 2017 में इस्लामिक स्टेट ग्रुप का सफाया हो गया था।

गाजा पट्टी की आबादी 11 लाख से ज्यादा है और बड़ी संख्या में लोग पलायन कर चुके हैं। फिर भी घनी आबादी वाले इस क्षेत्र में काफी लोग बसे हैं। यहां हमास के ठिकाने भी हैं और यदि इजरायल की सेना घुसती है तो वह आम नागरिकों को ह्यूमन शील्ड के तौर पर इस्तेमाल कर सकता है। ऐसी स्थिति इजरायली सेना के लिए जटिल होगी। इसीलिए वह आनन-फानन में एंट्री करने से हिचक रही है।

चिंता | *पानी की तरह धनराशि खर्च करने के बाद भी डल झील पर स्थिति जस की तस*

# सफाई व संरक्षण पर 21 सालों में 16 सौ करोड़ रुपए खर्च

■ **सुरेश एस डुग्गर**

जम्मू, (देशबन्धु)। यह एक कड़वा सच है कि विश्व प्रसिद्ध डल झील की सफाई व उसके संरक्षण पर केंद्र सरकार 21 सालों में 1600 करोड़ रुपयों से अधिक की धनराशि खर्च कर चुकी है। विकास के नाम डल झील पर पानी की तरह राशि खर्च करने के बाद भी स्थिति जस की तस है।

झील की खूबसूरती पर ग्रहण अब भी लगा हुआ है। यही नहीं डल झील की उम्र अब और कम हो गई है। ऐसे में सच में अगर आपको कश्मीर की खूबसूरती चाहिए तो आपको उस डल झील को बचाना पड़ेगा जिसके कारण ही कश्मीर की पहचान है।

या फिर यह कह लिजिए कि दोनों एक दूसरे के पूरक हैं। ऐसा इसलिए है क्योंकि बढ़ते प्रदूषण और सरकारी उदासीनता के चलते भी विश्व प्रसिद्ध डल झील की उम्र सिर्फ साढ़े तीन सौ साल



■ झील की स्वच्छता को हाऊस बोटों पर लगाए जाएंगे बायो डाइजस्टर

ही रह गई है। डल कश्मीर की पहचान है और इसे संरक्षित रखने के लिए सरकार हर संभव प्रयास कर रही है। केंद्र सरकार ने राष्ट्रीय झील संरक्षण परियोजना और प्रधानमंत्री विकास पैकेज के तहत डल झील के विकास और संरक्षण के लिए एकमुश्त राशि उपलब्ध कराई है।

यही नहीं शहरी विकास योजना में भी डल झील को शामिल किया गया।लेकिन डल झील की सफाई का काम पूरा नहीं हो सका। सरकार का कहना है कि अब झील की स्वच्छता को बनाए रखने के लिए हाऊस बोटों में बायो डाइजेस्टर लगाए जाएंगें जो उसको स्वच्छ रखने में काफी कारगर साबित होगा। खबर यह है कि हाउस बोर्ड से हर रोज निकलने वाले मल-मूत्र को झील में जाने से रोकने के लिए जम्मू-कश्मीर सरकार बायो डाइजेस्टर (जैविक-शौचालय) बनाने जा रही है। पहले चरण में यह शौचालय कुछ हाउसबोट में ही बनाए जाएंगे परंतु प्रयोग सफल होने पर इसे सभी हाउसबोट में बनाया जाएगा।

इस शौचालय को विशेष रख रखाव और किसी भी सीवेज सिस्टम की आवश्यकता नहीं है। सरकार ने यह कदम उच्च न्यायालय की फटकार के बाद उठाया है। न्यायालय के आदेश पर लेक्स एंड वाटर डेवलपमेंट अथारिटी (लावडा) ने हाऊस बोटों में बायो डाइजेस्टर लगाने की प्रक्रिया शुरू की है। कुछ समय पूर्व प्रशासन ने भारत के विभिन्न राज्यों से आए निर्माताओं और आपूर्तिकर्ताओं के साथ बैठक बुलाई थी जिसमें हाऊस बोटों में बायो-डाइजेस्टर लगाने पर चर्चा की।

प्रशिक्षण के तौर पर कुछ हाऊस बोटों में बायो डाइजेस्टर स्थापित करने के लिए कहा ताकि उसकी सफलता के बारे में हाऊस बोटों के मालिकों को पता चले और वह इस प्रणाली को अपनाएं। अधिकारियों का कहना था कि कश्मीर में ऐसी जलवायु स्थितियों मौजूद हैं जिसके तहत यह बायो डाइजेस्टर यहां सफल हो सकते हैं।

ये खास किस्म के गन्ध-रहित शौचालय होते हैं जो पर्यावरण के लिये भी सुरक्षित हैं। यह शौचालय ऐसे सूक्ष्म कीटाणुओं को सक्रिय करते हैं जो मल इत्यादि को सड़ने में मदद करते हैं।

## आज का इतिहास

1905-नॉर्वे ने स्वीडन से स्वतंत्रता प्राप्त की।

1934-महात्मा गांधी के संरक्षण में अखिल भारतीय ग्रामीण उद्योग संघ की स्थापना।

1937-हिंदी सिनेमा के दिग्गज और मशहूर संगीतकार हृदयनाथ मंगेशकर का जन्म।

1943-कलकत्ता (तत्कालीन कोलकाता) में हैजे की महामारी से अक्टूबर के तीसरे सप्ताह में 2155 लोगों की मौत।

1947-राजा हरि सिंह जम्मू-कश्मीर को भारत में विलय करने पर सहमत हुए।

1950-संत मदर टेरेसा ने कलकत्ता में चैरिटी मिशन की स्थापना की।

1951-विंस्टन चर्चिल ब्रिटेन के प्रधानमंत्री बने।

1969-चांद पर कदम रखने वाले पहले अंतरिक्ष यात्री नील आर्मस्ट्रांग और एडविन एल्ड्रिन मुंबई आये।

1975-मिस्र के राष्ट्रपति अनवर सादात अमेरिका की आधिकारिक यात्रा करने वाले देश के पहले राष्ट्रपति बने।

## सुडोकू 6357


| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 4 | 9 | | | | | | |
| | 7 | | | 2 | | | | |
| | 1 | | | | | 5 | 2 | |
| | 2 | | 4 | | | | 3 | |
| 4 | | | 8 | | 3 | | | 7 |
| | 9 | | | | 6 | | 4 | |
| | 3 | 5 | | | | | 7 | |
| | | | | 7 | | | 5 | |
| | | | | | | 6 | 1 | 4 |

**: नियम :**

1. कुल 81 (9×9) वर्ग हैं, जिसमें 9 (3×3) वर्गों का एक खंड (ब्लॉक) बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1 से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते हैं।
3. बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे के प्रत्येक कॉलम,कतार और खंड में 1 से 9 अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते हैं।

**हल आज ही के अंक में**

## वर्ग पहेली 6357



**बायें से दायें:-**

१. महत्ता (उर्दू)
४. अंत, समाप्ति, मृत्यु
६. बहरा
७. शुरूआत
८. धनी (उर्दू)
१०. घर
११. हृदय, मन
१३. अग्नि
१४. शक्ति, अलौकिक शक्ति ऐश्वर्य, गौरवान्वित
१५. जंगलों में विचरण करने वाला
१७. पानी युक्त, भीगा हुआ, अश्रु पूर्ण
१९. रहित
२१. पराजित, हारा हुआ
२२. गौतमबुद्ध की पत्नी, श्रावण मास की चौथी रात
२४. मूर्ख, अविवेकी (उर्दू)

**ऊपर से नीचे:-**

१. अर्थ, मतलब
२. सांठ-गांठ
३. मुस्कुराहट (उर्दू)
४. अभिलाषा, कामना (उर्दू)
५. किसी वाद्य यंत्र को बजाने वाला, वादक (उर्दू)
९. किसी इमारत-व्यक्ति आदि की रक्षा करने वाले व्यक्तियों का दल
११. काजल
१२. पवन, वायु, हवा
१३. वर्षा ऋतु
१४. सीता
१५. जंगल की पैदावार
१६. गाय, चार स्तनों वाली
१८. पैदायशी अंधा
१९. ठहराव, अंत, विश्राम
२०. नीति, नम्रता, व्यवहार
२३. मार्ग, पथ (उर्दू)

### वर्ग पहेली-6356

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| १ मि | थ्या | २ व | च | ३ न | ■ | ४ हि | रा | ५ स | त |
| थ्या | ■ | शी | ■ | ६ व | र्जि | त | ■ | रा | ■ |
| ७ चा | त | क | ■ | यु | ■ | ८ क | मा | य | ९ ज |
| री | ■ | र | ■ | १० व | जी | र | ■ | ■ | न्म |
| ■ | ११ आ | ण | १२ वि | क | ■ | ■ | १३ त | ड़ | प |
| ■ | स | ■ | स्म | ■ | १४ वि | हा | न | ■ | त्रि |
| १५ नि | रा | १६ म | य | ■ | श्रा | ■ | १७ या | १८ चि | का |
| यं | ■ | हा | ■ | १९ त | म | २० स | ■ | ड़ि | ■ |
| २१ त्रि | भु | ज | ■ | ड़ | ■ | २२ फ | रि | या | २३ द |
| त | ■ | २४ न | र | का | सु | र | ■ | ■ | शा |

युसूफ कुरैशी, मो. 8109948408

# खेल जगत

## इंग्लैंड को आत्मविश्वास हासिल करना होगा और हर मैच जीतना पड़ेगाः मोईन अली

**बेंगलुरु**। डिफेंडिंग चैंपियन इंग्लैंड पर मौजूदा विश्व कप में सेमीफाइनल में जगह बनाने की दौड़ से बाहर होने का खतरा है और अनुभवी ऑलराउंडर मोइन अली ने कहा है कि टीम जानती है कि उन्हें क्या करना है। अफगानिस्तान और दक्षिण अफ्रीका से हार के बाद इंग्लैंड गुरुवार को एम चिन्नास्वामी स्टेडियम में 1996 के चैंपियन श्रीलंका के खिलाफ मैच में उतर रहा है। इंग्लैंड का कुल रिकॉर्ड एक जीत और तीन हार है। इंग्लैंड विश्व कप के अपने पहले मैच में न्यूज़ीलैंड से भी हारा था। इसके अलावा, अब वे चोटिल तेज गेंदबाज रीस टॉपले के बिना मैदान में उतरेंगे, जो टूर्नामेंट में उनके प्रमुख विकेट लेने वाले गेंदबाज थे। मुंबई में दक्षिण अफ्रीका से 229 रन की भारी हार के दौरान रीस टॉपले की उंगली टूट गई थी। उनके स्थान पर तेज गेंदबाज ब्रायडन कार्स को शामिल किया गया है। मोईन अली ने कहा, 'हम स्पष्ट रूप से परिणाम से निराश हैं और न केवल परिणाम से बल्कि जिस तरह से हमने खेला उससे भी, लेकिन प्रतियोगिता में आपको जितनी जल्दी हो सके आगे बढ़ना होगा।



## हार्दिक इंग्लैंड के खिलाफ लखनऊ में मैच से भी भारतीय टीम से लगभग बाहर




**नई दिल्ली**। टखने की चोट से उबरने में जुटे ऑलराउंडर हार्दिक पांडया अब आईसीसी वन डे क्रिकेट विश्व कप के मौजूदा चैंपियन इंग्लैंड के खिलाफ 29 अक्टूबर रविवार को लखनऊ के मैच से भी भारतीय टीम से लगभग बाहर हो गए हैं। लखनऊ के बाद भारतीय टीम 2 नवंबर को मुबई में वानखेड़े स्टेडियम में श्रीलंका के खिलाफ खेलेगी

हार्दिक पुणे में बांग्लादेश के खिलाफ मैच के दौरान टखने में चोट के चलते धर्मशाला में पिछली उपविजेता न्यूजीलैंड के खिलाफ भी नहीं खेले थे। भारत ने मोहम्मद शमी के गेंद से 'पंजे' और विराट कोहली के बेहतरीन 95 रन की बदौलत न्यूजीलैंड को धर्मशाला में चार विकेट से हरा कर उससे 2019 के पिछले वन डे विश्व कप की 18 रन का हिसाब चुका दिया था। विश्वस्त सूत्रों का कहना है कि हार्दिक के फिटनेस टेस्ट के बाद भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई)की टीम बृहस्पतिवार को यह फैसला लेगी कि वह इस वन डे विश्व कप के दौरान कब भारतीय टीम में लौटेंगे। तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी की रफ्तार के साथ धार दिखा न्यूजीलैंड के खिलाफ पांच विकेट चटकाना भारत को एकादश को जरूरी संतुलन देता है।' बांग्लादेश के खिलाफ चोट के चलते हार्दिक पांडया के मैच के बीच से बाहर होने के बावजूद भारत की जीत के बाद कप्तान रोहित शर्मा ने कहा, 'हार्दिक की चोट बहुत गंभीर नहीं है।

## आईसीसी बल्लेबाजी रैंकिंग में शीर्ष पर पहुंच सकते हैं गिल

**दुबई**। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) की बुधवार को जारी ताजा रैंकिंग के अनुसार भारतीय बल्लेबाज शुभमन गिल विश्वकप 2023 के आगामी मुकाबले में बेहरीन प्रदर्शन कर पहले स्थान पर पहुंच सकते है। वह फिलहाल ताजा रैंकिंग में दूसरे स्थान पर है। मौजूदा विश्वकप के पांच मैचों में 354 रन, तीन अर्धशतक और एक शतक बनाकर शानदार फार्म में चले रहे विराट कोहली को बुधवार को जारी ताजा वनडे रैंकिंग में नुकसान हुआ है। इसके अलावा बाबर आजम को भी अंकों का नुकसान भुगतना पड़ा है लेकिन वह रैंकिंग में शीर्ष पर बने हुए हैं। शुभमन गिल 823 अंकों के साथ दूसरे स्थान पर बने हुए है। जबकि बाबर के 829 अंक है। ऑस्ट्रेलिया के सलामी बल्लेबाज डेविड वॉर्नर शानदार शतक के बावजूद रैंकिंग में नीचे आ गए हैं। वहीं लगातार बल्ले से धूम मचाने वाले हेनरिक क्लासेन ने सात स्थान की जबरदस्त छलांग लगाते हुए 11वें से चौथे स्थान पर

**वह फिलहाल ताजा रैंकिंग में दूसरे स्थान पर**



आ गए हैं। विराट और वॉर्नर दोनों के 747 अंक के साथ संयुक्त रूप से पांचवें स्थान पर हैं। वहीं वर्ल्ड कप 2023 में तीन शतक लगा चुके क्विंटन डी कॉक छठे से तीसरे स्थान पर पहुंच गये हैं। रविवार को भारत बनाम इंग्लैंड मुकाबले अगर गिल का बल्ला चला और उधर बाबर आजम दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ फ्लॉप हुए तो गिल रैंकिंग में नंबर एक बल्लेबाज बन सकते हैं। दोनों के बीच अब छह अंकों का अंतर है। भारतीय कप्तान रोहित शर्मा को अपनी शानदार फार्म के कारण एक स्थान का फायदा हुआ है। वह 9वें से 8वें स्थान पर पहुंच गये हैं। गेंदबाजों की शीर्ष 10 सूची में जोश हेजलवुड शीर्ष पर है जबकि मोहम्मद सिराज दूसरे स्थान पर बने हुए हैं। केशव महाराज को सबसे अधिक फायदा हुआ और वह आठवें से तीसरे स्थान पर आ गए। कुलदीप यादव नौवें स्थान पर बने हुए हैं। ऑलराउंडर्स की सूची में हार्दिक पांड्या नौवें स्थान पर बने हैं। वहीं रवींद्र जडेजा स्कॉटलैंड के खिलाड़ी मैथ्यू माट के साथ संयुक्त रूप से 15वें स्थान पर हैं।

## महिला एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी के लिए रांची पहुंची चीन की टीम




**रांची**। हाल ही संपन्न एशियन गेम्स में महिला हॉकी का स्वर्ण पदक अपने नाम करने वाली चीन की महिला टीम बुधवार को झारखंड महिला एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी रांची 2023 में भाग लेने यहां पहुंची जहां उसका स्वागत गर्मजोशी से किया गया। हाल के दिनों में चीन की महिला हॉकी टीम एशियाई हॉकी सर्किट में एक बड़ी ताकत रही है। हालाँकि वे अभी तक प्रतिष्ठित महिला एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी का खिताब हासिल नहीं कर पाई हैं, लेकिन दृढ़ संकल्प और प्रतिबद्धता ने उन्हें 2011 और 2016 में उपविजेता स्थान पर पहुंचा दिया और एलीट टूर्नामेंट के 2018 और 2021 संस्करणों में तीसरे स्थान पर रहे थे। चीन ने हाल ही में 19वें एशियाई खेलों में महिला हॉकी का स्वर्ण पदक हासिल किया था। चीनी टीम 27 अक्टूबर को कोरिया के खिलाफ अभियान की शुरुआत करेगी। चीन के कोच एलिसन अन्नान ने कहा, 'यहां हमारा शानदार स्वागत हुआ है। इस तरह का स्वागत टूर्नामेंट के लिए सही माहौल तैयार करता है। यहाँ रहना अच्छा है।' उन्होंने कहा, 'हमने हाल के एशियाई खेलों के दौरान मैदान में उतारे गए रोस्टर के विपरीत इस टूर्नामेंट के लिए खिलाड़ियों का एक अलग समूह इकट्ठा किया है, इसलिए, हमारा नजरिया और रणनीति भी अलग होंगी। हम इस प्रतियोगिता में सीखने और आगे बढ़ने के लिए खेलेंगे और उम्मीद है कि अच्छे परिणाम देंगे। साथ ही, भारत, कोरिया और जापान बहुत अच्छी टीमें हैं और हम टूर्नामेंट में उनके खिलाफ खेलने के लिए उत्सुक हैं।'

चीन के कप्तान ज़िक्सिया ओउ ने कहा, 'भारत एक बहुत मजबूत पक्ष है और हम उनके खिलाफ अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करेंगे। हमारी रणनीति में गेम-दर-गेम फोकस शामिल है, जो अनुकूल परिणामों को सुरक्षित करने के लिए पूरी तैयारी सुनिश्चित करता है।'

## मेरा लक्ष्य शानदार प्रदर्शन नहीं, खुद को बेहतर बनाना हैः विराट कोहली



**नई दिल्ली**। भारत ने विश्व कप 2023 में पांच में से पांच मैच जीतकर अंक तालिका में शीर्ष स्थान पर कब्जा कर लिया है। इस दौरान विराट कोहली मेजबान टीम के लिए लक्ष्य का पीछा करने में एक प्रमुख खिलाड़ी के रूप में उभरे हैं। 29 अक्टूबर को भारत रत्न श्री अटल बिहारी वाजपेयी एकाना क्रिकेट स्टेडियम में गत चैंपियन इंग्लैंड का सामना करने के साथ भारत एक्शन में लौटने के लिए तैयार है। विराट कोहली ने स्टार स्पोर्ट्स से कहा, 'मैंने हमेशा इस पर काम किया है कि मैं हर दिन, हर अभ्यास सत्र, हर साल और हर सीज़न में खुद को कैसे बेहतर बना सकता हूं। इसी चीज़ ने मुझे इतने लंबे समय तक खेलने और अच्छा प्रदर्शन करने में मदद की है। मुझे नहीं लगता कि उस मानसिकता के बिना लगातार प्रदर्शन करना संभव है, क्योंकि अगर प्रदर्शन आपका लक्ष्य है, तो कोई भी थोड़ी देर के बाद संतुष्ट हो सकता है और अपने खेल पर काम करना बंद कर सकता है।' विराट ने वनडे विश्व कप मैचों में 55.36 की औसत से 1,384 रन बनाए हैं, जिसमें तीन शतक और नौ अर्द्धशतक शामिल हैं, जिसमें 107 का उच्चतम स्कोर है। कोहली ने कहा, 'मैं कहूंगा कि हमेशा बेहतरी का पीछा करना मेरा आदर्श रहा है। बेहतर प्रदर्शन करने की कोई तय सीमा नहीं है। न ही कोई निर्धारित मानक है कि जब आप यहां पहुंचेंगे तो आपने उत्कृष्टता हासिल कर ली है।

## सरबजोत और सुरभि ने 10 मीटर एयर पिस्टल मिश्रित टीम में रजत जीता

**चांगवोन (कोरिया)**। सरबजोत सिंह और सुरभि राव की भारतीय जोड़ी ने बुधवार को यहां एशियाई शूटिंग चैंपियनशिप में 10 मीटर एयर पिस्टल मिश्रित टीम स्पर्धा में रजत पदक जीता। सरबजोत सिंह और सुरभि राव स्वर्ण पदक मैच में चीन के जिनयाओ लियू और जू ली से 4-16 से हार गए और उन्हें रजत पदक से संतोष करना पड़ा। मौजूदा एशियाई शूटिंग चैंपियनशिप में सीनियर वर्ग में यह भारत का दूसरा पदक था, सरबजोत ने मंगलवार को पुरुषों की 10 मीटर एयर पिस्टल में व्यक्तिगत कांस्य पदक जीता। पोडियम फिनिश के अलावा, सरबजोत के प्रदर्शन ने पिस्टल स्पर्धाओं में भारत को अपना पहला पेरिस ओलंपिक कोटा भी दिलाया।

भारतीय जोड़ी सरबजोत (293-10×) और सुरभि (288-10×) के साथ क्वालीफिकेशन में कुल 581-20× के साथ तीसरे स्थान पर रही, जबकि जिन्याओ और जू 581-22× के साथ शीर्ष पर रहे। एक अन्य चीनी जोड़ी चीन के रैंक्सिन जियांग और बोवेन झांग 581-21× स्कोर




के बाद दूसरे स्थान पर रहे। आमतौर पर, क्वालीफाइंग दौर की शीर्ष दो टीमें स्वर्ण पदक मैच के लिए आगे बढ़ती हैं। हालांकि, प्रति देश केवल एक टीम को पदक मैचों के लिए अर्हता प्राप्त करने की अनुमति देने वाले नियम के कारण, रैनक्सिन जियांग और बोवेन झांग को बाहर होने के लिए मजबूर होना पड़ा। स्कीट स्पर्धाओं में, भारतीय निशानेबाजों ने पुरुष और महिला दोनों स्पर्धाओं में खाली हाथ रहे। हांगझोउ में एशियाई खेलों में रजत पदक जीतने वाले अनंतजीत सिंह नरूका बुधवार को फाइनल में चौथे स्थान पर रहने के बाद पदक और ओलंपिक कोटा से चूक गए। छह सदस्यीय फाइनल में 40 में से 33 शॉट लगाने के बाद वह बाहर हो गए। गुरजोत खंगुरा ने भी पुरुषों के स्कीट फाइनल में जगह बनाई, लेकिन पहले 20 शॉट्स में से पांच चूकने के बाद वह बाहर हो गए। क्वालीफाइंग राउंड में पांच राउंड में 121 अंक हासिल करने के बाद वह तीसरे स्थान पर थे।

महिलाओं की स्कीट स्पर्धा में, गनेमत सेखों शीर्ष प्रदर्शन करने वाली भारतीय बनकर उभरीं, उन्होंने 108 के स्कोर के साथ 15वां स्थान हासिल किया। उनके बाद, कार्तिकी सिंह और परिनाज़ धालीवाल ने क्रमशः 17वां और 18वां स्थान हासिल किया। दर्शना राठौड़ ने उस क्षेत्र में 106 के स्कोर के साथ 19वां स्थान हासिल किया जिसमें 28 निशानेबाज शामिल थे। एशियाई शूटिंग चैंपियनशिप पेरिस 2024 ओलंपिक के लिए योग्यता अवसर के रूप में काम करती है, जिसमें कुल 24 ओलंपिक कोटा स्थान उपलब्ध हैं। 12 ओलंपिक शूटिंग स्पर्धाओं में से प्रत्येक में, शीर्ष दो फिनिशर (प्रति देश एक) अपनी राष्ट्रीय टीमों के लिए एक प्रतिष्ठित स्थान सुरक्षित करते हैं।

## सुमित अंतिल ने नए विश्व रिकॉर्ड के साथ जीता स्वर्ण

**हांगझोउ**। मौजूदा पैरालंपिक और विश्व चैंपियन सुमित अंतिल ने बुधवार को यहां एशियाई पैरा खेलों में पुरुषों की भाला एफ64 स्पर्धा में अपने विश्व रिकॉर्ड में सुधार करते हुए स्वर्ण पदक जीता।

सुमित ने 73.29 मीटर के उल्लेखनीय थ्रो के साथ नए विश्व, पैरा एशियाई और खेलों के रिकॉर्ड स्थापित करते हुए स्वर्ण पदक जीता।

एक अन्य भारतीय पुष्पेंद्र सिंह ने 62.06 मीटर के थ्रो के साथ कांस्य पदक जीता। श्रीलंका के एस अराचिगे कोडिथुवाक्कू ने 64.09 मीटर के साथ रजत पदक जीता। सुमित ने 66.22 मीटर के



अपने पहले थ्रो के साथ एक शक्तिशाली शुरुआत की और 2018 में जकार्ता में बनाए गए 56.29 मीटर के गेम रिकॉर्ड को आसानी से पार कर लिया। उनका दूसरा थ्रो 70.48 मीटर की प्रभावशाली दूरी तक पहुंच गया, जो उनके अपने 70.83 मीटर के विश्व रिकॉर्ड के करीब पहुंच गया, जो उन्होंने इस साल की शुरुआत में पेरिस में विश्व पैरा एथलेटिक्स चैंपियनशिप में बनाया था। अपने तीसरे प्रयास में, उन्होंने 73.29 मीटर के विशाल थ्रो के साथ उस रिकॉर्ड को आश्चर्यजनक रूप से तोड़ दिया।

## सार संक्षेप

### दिल्ली में 28 को होगी प्रो टेनिस लीग की नीलामी

**नई दिल्ली**। हार्वेन प्रो टेनिस लीग (पीटीएल) के पांचवें संस्करण की नीलामी 28 अक्टूबर को नई दिल्ली के आरके खन्ना टेनिस स्टेडियम में होगी जिसमें कुल आठ टीमो के 40 खिलाड़ियों के बीच प्रतिस्पर्धा होगी। मुकुंद शशिकुमार, सहजा यमलापल्ली के साथ रिया भाटिया नीलामी के लिए खिलाड़ियों के पूल का हिस्सा होंगे। भाग लेने वाले 40 खिलाड़ियों को पांच श्रेणियों में बांटा गया है। मुकुंद शशिकुमार की 17 अक्टूबर 2019 को हासिल की गई करियर की उच्चतम एटीपी एकल रैंकिंग 229 है। उनके पास तीन फरवरी 2020 को हासिल की गई करियर की उच्चतम एटीपी युगल रैंकिंग 431 है, जबकि रिया भाटिया की एकल में करियर की उच्चतम डब्ल्यूटीए रैंकिंग 338 है। उन्होंने आईटीएफ महिला सर्किट के टूर्नामेंट में तीन एकल और तीन युगल खिताब जीते हैं। सहजा यमलापल्ली की एकल में 380 और युगल वर्ग में 513 की उच्चतम रैंक थी। नीलामी के लिए लागू किया जाने वाला पैटर्न नीलामी शुरू होने से पहले ड्रा द्वारा तय किया जाएगा।

### एडेन मार्करम ने क्विंटन डी कॉक की सराहना की

**नई दिल्ली**। दक्षिण अफ्रीका के कार्यवाहक कप्तान एडेन मार्करम ने फॉर्म में चल रहे विकेटकीपर-बल्लेबाज क्विंटन डी कॉक की सराहना करते हुए उन्हें एक 'स्वतंत्र व्यक्ति' और 'तेज क्रिकेट दिमाग वाला' व्यक्ति बताया है। डी कॉक, जो विश्व कप 2023 के समापन के बाद वनडे मैचों से संन्यास ले लेंगे, वो टूर्नामेंट में सर्वोच्च फॉर्म में हैं। मंगलवार को उन्होंने मुंबई में बांग्लादेश के खिलाफ 174 रन की पारी खेली और विराट कोहली (354 रन) को पछाड़कर शीर्ष पर पहुंच गए। पांच मैचों के बाद टूर्नामेंट में वो शीर्ष रन-स्कोरर हैं और उनके नाम पर 407 रन हैं। वानखेड़े स्टेडियम में प्रोटियाज़ सलामी बल्लेबाज का शानदार प्रयास पांच टूर्नामेंट मैचों में उनका तीसरा शतक था, जो महीने की शुरुआत में श्रीलंका के खिलाफ 100 और ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 109 रन था।

## दीपाली व प्रशांत ने तोड़ा राष्ट्रीय रिकॉर्ड, जीता सोना

**पणजी**। महाराष्ट्र की दीपाली गुरसाले और सर्विसेज स्पोर्ट्स कंट्रोल बोर्ड (एसएससीबी) के प्रशांत कोली ने 37वें राष्ट्रीय खेलों में भारोत्तोलन प्रतियोगिता के शुरुआती दिन बुधवार को नए राष्ट्रीय रिकॉर्ड बनाकर स्वर्ण पदक जीते। कैंपल स्पोर्ट्स विलेज में महिलाओं के 45 किग्रा वर्ग में गुरसाले ने 75 किग्रा की तीसरी लिफ्ट के साथ स्नैच में राष्ट्रीय स्तर पर सुधार किया और राष्ट्रीय खेलों के इस संस्करण में महाराष्ट्र के लिए पहला स्वर्ण पदक जीतने के लिए कुल 165 किग्रा वजन उठाया। पश्चिम बंगाल की चंद्रिका तरफदार ने क्लीन एंड जर्क राष्ट्रीय रिकॉर्ड तोड़कर रजत पदक हासिल किया, जबकि तेलंगाना की टी. प्रिया दर्शिनी ने कांस्य पदक जीता। सांगली जिले के रहने वाले गुरसाले ने कोमल कोहर के 74 किलोग्राम के स्नैच रिकॉर्ड और झिल्ली डालाबेहेरा के 164 किलोग्राम के कुल रिकॉर्ड को तोड़ दिया। चंद्रिका तरफदार ने झिल्ली के 94 किलोग्राम के क्लीन एंड जर्क रिकॉर्ड को भी तोड़ दिया। बाद में, कोली ने महाराष्ट्र के मुकुंद अहेर को स्नैच में एक किलोग्राम से हराकर पुरुषों के 55 किलोग्राम स्वर्ण पदक के लिए स्वर्ण पदक जीता। उन्होंने कुल 253 किग्रा (स्नैच में 115 और सीएंडजे में 138) वजन उठाकर सर्विसेज तालिका में दूसरा स्वर्ण पदक जोड़ा। आंध्र प्रदेश के एस गुरु नायडू ने कांस्य पदक जीता।

महिलाओं के 49 किलोग्राम वर्ग में ज्ञानेश्वरी यादव ने कुल 177 किलोग्राम वजन उठाकर स्वर्ण पदक जीता। हरियाणा की प्रीति ने कुल 174 किलोग्राम वजन उठाकर रजत पदक हासिल किया।

## बाबर आजम की जगह कप्तानी संभाल सकते हैं सरफराज, आफरीदी या रिजवानः रिपोर्ट

**कराची**। आईसीसी वनडे विश्व कप 2023 के बाद पाकिस्तान के कप्तान के रूप में बाबर आजम की जगह लेने के लिए संभावित उम्मीदवारों के रूप में सरफराज अहमद, मुहम्मद रिजवान और शाहीन शाह आफरीदी पर चर्चा की जा रही है। मंगलवार को एक सूत्र ने सुझाव दिया। वनडे वर्ल्ड कप के तुरंत बाद पाकिस्तान तीन मैचों की टेस्ट सीरीज के लिए ऑस्ट्रेलिया का दौरा करेगा। मौजूदा वनडे विश्व कप में टीम के प्रदर्शन को देखते हुए ऐसी अटकलें हैं कि बाबर आजम कप्तानी का दबाव महसूस कर रहे हैं और एक बल्लेबाज के रूप में खुद को अधिक अभिव्यक्त नहीं कर पा रहे हैं। एक सूत्र ने कहा, 'केवल अगर पाकिस्तान कोई चमत्कार कर सकता है और इस विश्व कप के सेमीफाइनल के लिए क्वालीफाई करने के लिए अपने सभी शेष मैच जीत सकता है, तो बाबर के




पास कप्तान के रूप में बने रहने का कोई मौका होगा और तब भी उसे केवल लाल गेंद प्रारूप में कप्तानी के लिए भेजा जा सकता है।' सूत्र ने कहा, 'बाबर के लिए यह सब खत्म हो गया है क्योंकि उन्हें कप्तान के रूप में बेलगाम शक्ति और अधिकार दिए गए हैं और इससे भी महत्वपूर्ण बात यह है कि उनकी टीम में हमेशा उनकी पसंद के खिलाड़ी रहे हैं।

उनके अधिकार को कम करने का कभी कोई प्रयास नहीं किया गया है और इसलिए अब एशिया कप और विश्व कप में हार के लिए बाबर को पूरी तरह से जिम्मेदार ठहराया गया है।' इससे पहले मंगलवार को, पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) प्रमुख जका अशरफ ने ऑस्ट्रेलिया दौरे और टी20 विश्व कप 2024 से पहले पाकिस्तान पुरुष क्रिकेट की योजनाओं पर चर्चा करने के लिए लाहौर में पाकिस्तान के मुख्य चयनकर्ता इंजमाम-उल-हक और पूर्व खिलाड़ियों मुहम्मद यूसुफ और आकिब जावेद से मुलाकात की। .

## हमारा लक्ष्य खिताब बरकरार रख ट्रॉफी के साथ स्वदेश लौटना हैः उत्तम सिंह

### फोकस उच्च मानदंडो को बनाए रख दुनिया को भारतीय हॉकी का कौशल दिखाना

■ सत्येन्द्र पाल सिंह

**नई दिल्ली**। चोट के बाद वापसी करने वाले तेज तर्रार स्ट्राइकर उत्तम सिंह की अगुआई में भारतीय जूनियर पुरुष हॉकी टीम बेंगलुरू से बुधवार तड़के क्वालालंपुर में 27 अक्टूबर से 4 नवंबर तक होने वाले 11वें सुल्तान ऑफ जोहोर कप में शिरकत करने के लिए मौजूदा चैंपियन के रूप में शिरकत करने के रवाना हुई। भारतीय जूनियर अपने अभियान का आगाज टूर्नामेंट के पहले दिन चिर प्रतिद्वंद्वी पाकिस्तान के खिलाफ मैच से करेगी। भारत की जूनियर टीम सहित सुलतान ऑफ जोहोर कप इसमें शिरकत करने वाली सभी टीमों के लिए खुद को 5 से 16 दिसम्बर तक क्वालालंपुर में होने वाले एफआईएच जूनियर पुरुष हॉकी विश्व कप के लिए खुद




को आंकने और तैयार करने का बड़ा मौका है। भारत की जूनियर टीम ने 2022 में पिछले संस्करण में ऑस्ट्रेलिया को फाइनल में हरा कर यह खिताब जीता था। भारत की जूनियर टीम इस बार सुलतान जोहान कप में मेजबान मलयेशिया, पाकिस्तान और न्यूजीलैंड के साथ पूल बी में है जबकि जर्मनी, पिछली उपविजेता ऑस्ट्रेलिया। दक्षिण अफ्रीका और ब्रिटेन पूल ए में हैं। उत्तम सिंह की अगुआई वाली भारतीय जूनियर हॉकी टीम की निगाहें सबसे पहले पूल बी में शीर्ष दो में रहकर सेमीफाइनल में स्थान पाना है।

भारतीय जूनियर के कप्तान उत्तम सिंह ने टीम के क्वालालंपुर रवाना होने से पूर्व कहा, हमें फख्र है कि हम सुलतान ऑफ जोहोर कप में मौजूदा चैंपियन के रूप में सुलतान ऑफ जोहोर कप में शिरकत करने जा रहे हैं। हमारी भारतीय जूनियर टीम का लक्ष्य खिताब बरकरार रखते हुए फिर ट्रॉफी के साथ स्वदेश लौटना है और इसके लिए पूरी तरह तैयार हैं। चिर प्रतिद्वंद्वी पाकिस्तान के खिलाफ प्रतिद्वंद्विता हमारे खिताब बरकरार रखने के अभियान को और रोमांचक बना देती है। हमारी निगाहें अपना अभियान पाकिस्तान के खिलाफ 27 अक्टूबर को मजबूत करने पर टिकी हैं। प्रतिभासम्पन्न खिलाडियों से सज्जित भारतीय जूनियर टीम की अगुआई करना बड़े सम्मान की बात है। हमारा फोकस अपने लिए खुद तय उच्च मानदंडों को बनाए रखते हुए दुनिया को भारतीय हॉकी का कौशल और जज्बा दिखाना है।' वहीं भारतीय जूनियर टीम के उपकप्तान राजिंदर सिंह ने इस टूर्नामेंट की बाबत कहा, 'बतौर उपकप्तान मेरी भूमिका कप्तान का शिद्दत के साथ निभाना है। हमारी जूनियर भारतीय हॉकी टीम अनुभवी और नौजवान प्रतिभाशाली खिलाड़ी का एक अच्छा संगम है और हम चुनौती के लिए तैयार हैं। सुलतान ऑफ जोहोर कप अपनी क्षमता दिखाने का मंच है और और हम पूरे संकल्प और टीम वर्क से अपना खिताब बरकरार रखने को प्रतिबद्ध है। यह टूर्नामेंट हमें अपना सर्वश्रेष्ठ देने को प्रोत्साहित करता है।'

## इज़राइल में सुरक्षा स्थिति के कारण मकाबी तेल अवीव बेलग्रेड में यूरोलीग मैचों की मेजबानी करेगा

**यरूशलम**। इजरायली चैंपियन मैकाबी तेल अवीव इजरायल और हमास के बीच चल रहे संघर्ष के कारण बेलग्रेड में अपने आगामी यूरोलीग घरेलू मैच आयोजित करेगा। मैकाबी ने यूरोलीग बास्केटबॉल (ईबी) के फैसले का हवाला देते हुए एक बयान में यह जानकारी दी। शिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार, राउंड 6 में रियल मैड्रिड के खिलाफ मैकाबी का आगामी घरेलू मैच, जो मूल रूप से 2 नवंबर को निर्धारित था, एक अनिर्दिष्ट तारीख के लिए स्थगित कर दिया गया था। बायर्न म्यूनिख, ओलंपियाकोस पीरियस, बार्सिलोना और अल्बा बर्लिन के खिलाफ इजरायल के निम्नलिखित चार घरेलू मैच नवंबर के अंत में सर्बिया की राजधानी के अलेक्जेंडर निकोलिक हॉल में अपनी निर्धारित तारीखों पर खेले जाएंगे। ईबी के फैसले में कहा गया, 'मैकाबी को बेलग्रेड नगर पालिका और सर्बियाई सरकार का समर्थन मिला है और वह आवश्यक सुरक्षा उपायों की योजना बनाने के लिए बातचीत में शामिल होंगे।' इसमें निष्कर्ष निकाला गया, 'ईबी सभी संबंधित पक्षों के संपर्क में रहकर स्थिति के विकास की निगरानी करना जारी रखेगा और यदि आवश्यक हो तो किसी भी संशोधन की घोषणा करेगा।'

## सुडोकू 6357 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 4 | 9 | 5 | 6 | 1 | 7 | 8 | 3 |
| 5 | 7 | 6 | 3 | 2 | 8 | 4 | 9 | 1 |
| 8 | 1 | 3 | 7 | 4 | 9 | 5 | 2 | 6 |
| 6 | 2 | 8 | 4 | 5 | 7 | 1 | 3 | 9 |
| 4 | 5 | 1 | 8 | 9 | 3 | 2 | 6 | 7 |
| 3 | 9 | 7 | 2 | 1 | 6 | 8 | 4 | 5 |
| 1 | 3 | 5 | 6 | 8 | 4 | 9 | 7 | 2 |
| 9 | 6 | 4 | 1 | 7 | 2 | 3 | 5 | 8 |
| 7 | 8 | 2 | 9 | 3 | 5 | 6 | 1 | 4 |

| SENSEX | BSE | 64049.06 ▼ | 522.82 | 19122. 15 ▼ | 159.60 | MCX | Gold | 60852 ▲315 | silver | 71892 ▼ 106 |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|

देशबन्धु

# [ अर्थ जगत ]

## रुपया दो पैसे की गिरावट के साथ 83.18 डॉलर पर बंद

**मुंबई।** घरेलू बाजारों के नकारात्मक रुख और अमेरिकी मुद्रा में मजबूती के बीच बुधवार को रुपया अमेरिकी डॉलर के मुकाबले दो पैसे गिरकर 83.18 (अस्थायी) पर बंद हुआ। विदेशी मुद्रा कारोबारियों ने बताया कि हालांकि कच्चे तेल की कीमतों में नरमी और विदेशी निवेशकों के शेयरों में लिवाल रहने से भारतीय मुद्रा को समर्थन मिला। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया डॉलर के मुकाबले आठ पैसे की बढ़त के साथ 83.08 पर खुला। दिन में यह 83.08 से 83.19 के बीच कारोबार करने के बाद 83.18 (अस्थायी) प्रति डॉलर पर बंद हुआ।



## इस साल पहली तिमाही में 6.4 लाख करोड़ रुपये से ज्यादा हो गया राजकोषीय घाटा

**नई दिल्ली।** पिछले साल केंद्र सरकार का राजकोषीय घाटा 20 प्रतिशत बढ़ा था तो इस वर्ष की पहली तिमाही में यह घाटी 6.4 लाख करोड़ रुपये से ज्यादा हो गया है। कांग्रेस के राज्यसभा सांसद और महासचिव (संचार) जयराम रमेश ने बुधवार को जारी अपने वक्तव्य में यह बात कही है। रमेश के मुताबिक, आरबीआई बुलेटिन, बेहद चिंताजनक आर्थिक ट्रेंड को दिखाता है। मोदी सरकार ने भारत की अर्थव्यवस्था का जिस तरह से लगातार कुप्रबंधन किया है, वो इस बुलेटिन में स्पष्ट रूप से दिख रहा है। याद कीजिए, सितंबर 2023 के बुलेटिन में कई नकारात्मक इंडीकेटर्स सामने आए थे। उनमें घरेलू बचत का 47 साल के सबसे निचले स्तर पर पहुंचना, निजी क्षेत्र के लिए घरेलू ऋण में स्थिरता और श्रम-बल भागीदारी का एक ही तरह से बने रहना आदि शामिल थे। अब भी वे ट्रेंड्स या तो वैसे ही बने हुए हैं या और भी अधिक बिगड़ गए हैं। जयराम रमेश ने कहा क शुद्ध घरेलू बचत में कमी आने का एक प्रमुख कारण यह है कि घरेलू देनदारियों (लायबिलिटिज) में भारी बढ़ोतरी हुई है। वित्त मंत्रालय ने गुमराह करने के लिए दावा किया था कि यह बढ़ोतरी गृह और वाहन ऋ्रण के कारण है। दूसरी तरफ आरबीआई के सितंबर माह के बुलेटिन ने स्पष्ट रूप से दिखाया था कि गोल्ड लोन में 23 प्रतिशत और पर्सनल लोन में 29 प्रतिशत की वृद्धि हुई थी।

# बाजार में मचा भूचाल, निवेशकों के 15 लाख करोड़ डूबे



*__मुंबई।__ त्यौहारी सीजन में भारतीय शेयर बाजार काफी निराश कर रहा है। शेयर बाजार में पिछले पांच दिन से लगातार गिरावट देखी जा रही है। इस बीच, निवेशकों के 15 लाख करोड़ रुपये डूब गए हैं। बीएसई का 30 शेयरों वाला सूचकांक सेंसेक्स 522.82 अंक यानी 0.81 प्रतिशत गिरकर 64,049.06 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 659.72 अंक यानी 1.02 प्रतिशत तक गिरकर 63,912.16 अंक पर भी आ गया था।*

नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का सूचकांक निफ्टी भी 159.60 अंक यानी 0.83 प्रतिशत टूटकर 19,122.15 अंक पर आ गया। सेंसेक्स में शामिल कंपनियों में में इन्फोसिस, भारती एयरटेल, एनटीपीसी, टाटा मोटर्स, इंडसइंड बैंक, बजाज फाइनेंस, आईसीआईसीआई बैंक, टेक महिंद्रा, टाइटन और एक्सिस बैंक में प्रमुख रूप से गिरावट दर्ज की गई। दूसरी तरफ टाटा स्टील, भारतीय स्टेट बैंक, महिंद्रा एंड महिंद्रा, मारुति और नेस्ले के शेयर बढ़त के साथ बंद हुए।

**इतना रह गया मार्केट कैप**- पिछले पांच कारोबारी दिन में निवेशकों की संपत्ति में 15 लाख करोड़ रुपये की गिरावट आई है। बीएसई-सूचीबद्ध सभी कंपनियों का मार्केट कैप 323.82 लाख करोड़ रुपये से गिरकर 308.73 लाख करोड़ रुपये हो गया है।

**क्यों गिर रहा बाजार**- बाजार में गिरावट के कई फैक्टर्स हैं। एक तो महंगाई की वजह से अमेरिका में निवेशकों के बीच डर का माहौल है। बीते दिनों अमेरिकी फेडरल रिजर्व के चेयरमैन जेरोम पॉवेल ने महंगाई को लेकर अपनी चिंताएं जाहिर की थीं। ऐसे में आशंकाएं हैं कि एक बार फिर फेड रिजर्व ब्याज दरों में बढ़ोतरी कर सकता है। इस वजह से मंदी की आशंकाएं जाहिर की जा रही है। इसके अलावा मध्य पूर्व में गहराते संघर्ष ने भी निवेशकों के बीच डर का माहौल बनाया हुआ है। बता दें कि इजरायल और गाजा के बीच का संघर्ष बढ़ता जा रहा है। इस जंग की वजह से हजारों लोगों की जान जा चुकी है। वहीं, हर मोर्चे पर नुकसान भी हो रहा है। इतना ही नहीं दूसरी तिमाही की आय और लाभ भी बहुत प्रभावशाली नहीं है। एशिया के अन्य बाजारों में जापान का निक्की, चीन का शंघाई कम्पोजिट और हांगकांग का हैंगसेंग बढ़त के साथ बंद हुए जबकि दक्षिण कोरिया का कॉस्पी नुकसान में रहा। यूरोप के अधिकांश बाजार दोपहर के सत्र में गिरावट के साथ कारोबार कर रहे थे। मंगलवार को अमेरिकी बाजारों में बढ़त रही थी। इस बीच, अंतरराष्ट्रीय तेल मानक ब्रेंट क्रूड 0.30 प्रतिशत चढ़कर 88.32 डॉलर प्रति बैरल पर पहुंच गया। जानकारों ने कहा, बाजार पहले से ही मुनाफावसूली का मौका तलाश रहा था। अमेरिकी बॉन्ड प्रतिफल में पांच प्रतिशत की बढ़ोतरी, भू-राजनीतिक तनाव बढ़ने और कंपनियों के शुरुआती नतीजों ने इस बहुप्रतीक्षित गिरावट का मौका मुहैया करा दिया। शेयर बाजार के आंकड़ों के मुताबिक, विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) ने सोमवार को 252.25 करोड़ रुपये मूल्य की शुद्ध खरीदारी की थी। दशहरा के अवसर पर मंगलवार को शेयर बाजार बंद रहे थे।

## किसानों के लिए राहत की खबर, बासमती चावल एक्सपोर्ट पर एमईपी घटा

*__नई दिल्ली।__ चावल किसानों के लिए बड़ी खबर आ रही है। केंद्र सरकार ने बासमती चावल एक्सपोर्ट पर मिनिमम एक्सपोर्ट प्राइस यानी एमईपी घटाने का फैसला किया है। सरकार के एनईपी घटाने के फैसले के बाद से अब बासमती चावल पर एमईपी घटकर 950 डॉलर प्रति मिट्रिक टन हो गया है। जो कि पहले 1,200 डॉलर प्रति मिट्रिक टन था। इसी साल अगस्त में केंद्र सरकार ने बासमती चावल एक्सपोर्ट पर 1,200 डॉलर प्रति मिट्रिक टन का फ्लोर प्राइस तय किया था।*



**किसानों और निर्यातकों को थी परेशानी**- चावल कारोबार की बात करें तो बासमती चावल एक्सपोर्ट पर फ्लोर प्राइस ज्यादा होने की वजह से किसानों और चावल इंडस्ट्री को नुकसान हो रहा था। रेट्स ज्यादा होने के चलते मेन सीजन में भी एक्सपोर्ट पर नकारात्मक असर देखने को मिला था। इससे किसानों को भुगतान में परेशानी का सामना करना पड़ा था।

**कई देशों को बासमती चावल का निर्यात करता है भारत**- भारत और पाकिस्तान बासमती चावल के एकमात्र उत्पादक हैं। भारत ईरान, इराक, यमन, सऊदी अरब, संयुक्त अरब अमीरात और संयुक्त राज्य अमेरिका जैसे देशों को 40 लाख मीट्रिक टन से अधिक बासमती चावल का निर्यात करता है। बासमती चावल अपनी सुगंध के लिए प्रसिद्ध लंबे अनाज वाली चावल की प्रीमियम किस्म है। दुनिया के सबसे बड़े चावल निर्यातक भारत ने गैर-बासमती चावल किस्मों के निर्यात पर भी अंकुश लगा रखा है।

## ऑनलाइन गेमिंग कंपनियों को एक लाख करोड़ रुपये के जीएसटी नोटिस

*__नई दिल्ली।__ वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) अधिकारियों ने कर चोरी के लिए ऑनलाइन गेमिंग कंपनियों से एक लाख करोड़ रुपये की मांग करते हुए कारण बताओ नोटिस जारी किया है। एक वरिष्ठ अधिकारी ने बुधवार को इसकी पुष्टि की।*



पिछले सप्ताह डेल्टा कॉर्प को 6,384 करोड़ रुपये के कर के कम भुगतान के लिए जीएसटी नोटिस मिला था, जो सितंबर में कंपनी को भेजे गए 16,800 करोड़ रुपये के कर नोटिस के ठीक बाद आया है। अन्य गेमिंग कंपनियां जिन्हें जीएसटी भुगतान में कमी के लिए ऐसे कारण बताओ नोटिस भेजे गए हैं, उनमें ड्रीम 11 और गेम्सक्राफ्ट शामिल हैं, जिन्हें 21 हजार करोड़ रुपये का भुगतान करने के लिए कहा गया है। केंद्रीय वित्त मंत्रालय ने ऑनलाइन गेमिंग, कसीनो और घुड़दौड़ पर 28 प्रतिशत जीएसटी दर लागू करने की तारीख 1 अक्टूबर अधिसूचित की है। केंद्र सरकार ने राज्यों को स्पष्ट किया है कि ऑनलाइन गेमिंग कंपनियों पर जीएसटी पूर्व प्रभाव से नहीं लगाया जा रहा है। कर नोटिस उन कंपनियों को दिये गये हैं जो सट्टेबाजी वाली ऑनलाइन गेमिंग से जुड़ी हैं जिस पर पहले से ही 28 प्रतिशत जीएसटी लागू है। केंद्र ने यह स्पष्टीकरण इसलिए दिया क्योंकि गोवा जैसे कुछ राज्यों ने दावा किया था कि ऑनलाइन गेमिंग कंपनियों पर 28 प्रतिशत जीएसटी पूर्व प्रभाव से लगाकरर उन्हें नोटिस भेजे जा रहे हैं।

कई ऑनलाइन गेमिंग कंपनियों को कथित तौर पर 55 हजार करोड़ रुपये की संचयी राशि के साथ जीएसटी चोरी करने के लिए कारण बताओ नोटिस जारी किया गया था।

## 6 महीने में 43 प्रतिशत बढ़ी सोने की तस्करी

*__नई दिल्ली।__ देश में सोने की तस्करी में बढ़ोतरी हुई है, जिसके बाद भारत में तस्करी कर लाए गए सोने की जब्ती में भी भारी बढ़ोतरी देखी गई है। चालू वित्त वर्ष 2023-24 के अप्रैल-सितंबर महीने के दौरान तस्करी के सोने की जब्ती 43 फीसदी बढ़कर 2,000 किलोग्राम हो गई है.भारत में ज्यादातर सोने की तस्करी म्यांमार, नेपाल और बांग्लादेश की सीमा से हो रही है।*

**6 महीने में सोने की जब्ती 43 प्रतिशत बढ़ी**- सीबीआईसी (केंद्रीय अप्रत्यक्ष कर और सीमा शुल्क बोर्ड) के अध्यक्ष संजय कुमार अग्रवाल ने कहा, 2022-23 के अप्रैल-सितंबर के दौरान कुल 1,400 किलोग्राम सोना जब्त किया गया, जबकि चालू वित्त वर्ष के पहले छह महीनों में 2000 किलोग्राम सोना जब्त किया गया। वर्ष। जो कि 43 फीसदी ज्यादा है. जबकि वित्तीय वर्ष 2022-23 में करीब 3,800 किलोग्राम सोना जब्त किया गया. संजय अग्रवाल ने कहा कि सोने के आयात शुल्क में कोई बदलाव नहीं किया गया है, फिर भी देश में सोने की तस्करी बढ़ गई है. उन्होंने आशंका जताई कि कीमतों में बड़े उछाल की वजह सोने की तस्करी हो सकती है.

**म्यांमार और बांग्लादेश तस्करी के लिए सुविधाजनक मार्ग हैं**

डीआरआई ने भी 2021-22 की अपनी रिपोर्ट में कहा था कि देश में सोने की तस्करी में भारी बढ़ोतरी हुई है. म्यांमार और बांग्लादेश सीमा तस्करों के लिए सबसे सुविधाजनक रास्ता बन गया है.

## सोने- चांदी की कीमतों में गिरावट

*__नई दिल्ली।__ वैश्विक बाजारों में कमजोरी के संकेतों के बीच दिल्ली सर्राफा बाजार में सोमवार को सोना 250 रुपये टूटकर 61,600 रुपये प्रति 10 ग्राम पर आ गया। पिछले कारोबारी सत्र में सोना 61,850 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था। इस दौरान चांदी भी 10 रुपये टूटकर 75,000 रुपये प्रति किलोग्राम पर आ गई।*



वैश्विक बाजारों में सोना और चांदी गिरावट के साथ क्रमशः 1,977 डॉलर प्रति औंस और 23.20 डॉलर प्रति औंस पर चल रहे थे। अमेरिकी ट्रेजरी यील्ड में तेजी के कारण सोने की कीमतें कई महीनों के उच्च स्तर से वापस आ गईं।

एचडीएफसी सिक्योरिटीज में जिंसों के वरिष्ठ विश्लेषक सौमिल गांधी के अनुसार कारोबारियों का ध्यान मौजूदा भू-राजनीतिक अशांति और वृहद आंकड़ों पर बना रहेगा इनमें फेडरल रिजर्व का पसंदीदा मुद्रास्फीति मापक, अमेरिकी पीसीई मूल्य सूचकांक, तीसरी तिमाही के जीडीपी आंकड़े आदि शामिल हैं।


### महावर ट्रेडिंग कंपनी, गांधीगंज

फोन- 4067270, 9826035338
प्रति क्विंटल- राहर दाल एवरेज 13000-14000, मीडियम बोल्ड 15000-16000, फाइन 16000-17000, एक्स्ट्रा बोल्ड 17500-18000, चना दाल एवरेज 7500-7800 चना दाल मार्का 7800-8000, मसूर दाल एवरेज 7600-7800, मसूर दाल फाइन 8000-8200, उड़द छिलका 8000-9000, फाइन 9000-10000, उड़द धुली 11000-11500, फाइन 11500-12000, मूंग दाल छिलका 9000-9500, मूंग दाल फाइन 9500-10000, मूंगदाल धुली 10500-11000,फाइन 11000-11500।
चावल - पुराना चावल सरना चालू 3000-3100, बेस्ट 3200-3300, बीपीटी चालू 3400-3500, फाइन 4000-4200,एचएमटी-5000-5200 फाइन-5200-5500 दुबराज भाटापारा 5000-5100, जेजेएल चालू 5200-5300, फाइन 5800-6000, बासमती कनकी चालू 2800-3000, बासमती कनकी मीडियम 3500-3700, बेस्ट 4000-4500, मोगरा-5000-5200, दुबार- 5500-6000, तिबार- 7000-8000, बासमती 9000-10000, बेस्ट 11000-11500 पोहा-4100-4300, फाइन 4300-4400, मुरमुरा-5500-6000, फाइन- 7000-7500, रु.।

### सोहन लाल एण्ड संस

रसल चौक फोन- 9425156095
सोना बुलियन (प्रति 10 ग्राम) फाइन भाव- 61700 चांदी टंच-72400
चांदी रिफाइन -73600

### दुल्हन श्री आभूषण

कमानिया गेट, सराफा बाजार-
मो. 9425860998,9826307100
सोना बुलियन (प्रति 10 ग्राम) फाइन भाव- 61700 चांदी टंच-72400
चांदी रिफाइन -73600


## तेल ने रसोई को दिया सहारा मगर चीनी ने लोगों का बजट बिगाड़ा

*__नई दिल्ली।__ त्यौहारों पर महंगाई काबू में रहे तो बजट सही रहता है और खर्च करने को रकम भी ज्यादा रहती है। इस बार रसोई से तो इस मामले में राहत का संदेश आ रहा है। पिछले साल आग उगल रहे खाद्य तेल इस बार एकदम काबू में हैं और आटा तथा घी के दाम भी कमोबेश पिछले साल जितने ही हैं। खाद्य तेल तो 20 से 40 फीसदी सस्ते बिक रहे हैं मगर चीनी ने मिठास देने के बजाय बजट बिगाड़ने की ठान ली है। चीनी के भाव इस बार 2 रुपये किलोग्राम तक ज्यादा चल रहे हैं।*



**तेल ने लगाया गोता**- त्योहारी सीजन में इस साल उपभोक्ताओं को खाद्य तेलों की महंगाई से राहत मिल रही है। इन तेलों के दाम पिछले साल से काफी कम हैं।

अखिल भारतीय खाद्य तेल व्यापारी महासंघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष शंकर ठक्कर ने कहा कि इस साल लोगों की आर्थिक स्थिति अच्छी है और कोरोना महामारी का असर भी अब पूरी तरह समाप्त हो गया है। इसलिए लोग त्योहारों पर दिल खोलकर खर्च करने लगे हैं, जिससे इस साल त्योहारों पर खाद्य तेलों की मांग 15 से 20 फीसदी बढ़ सकती है।- पिछले साल की तुलना में इस साल खाद्य तेलों के भाव भी बहुत कम हैं। इस साल सरसों के तेल के थोक भाव 20 फीसदी, सोया तेल के 30 फीसदी, सूरजमुखी तेल के 40 फीसदी कम हैं। तमाम तरह के रिफाइंड तेलों में मिलाया जाने वाला पामोलीन ऑयल भी सस्ता बिक रहा है। सेंट्रल ऑर्गनाइजेशन फॉर ऑयल इंडस्ट्री एंड ट्रेड के चेयरमैन सुरेश नागपाल कहते हैं कि खाद्य तेल सस्ते होने के कारण भी इस साल त्योहारों पर इनकी बिक्री ज्यादा रहने के आसार हैं। त्योहारों पर मांग बढ़ने का अंदाजा तो पहले से था। इसलिए इस साल इनका आयात भी बहुत किया गया है। तेल वर्ष 2022-23 मे नवंबर से सितंबर के दौरान 154.68 लाख टन खाद्य तेलों का आयात हो चुका है, जो पिछली समान अवधि के 126.63 लाख टन तेलों से 22 फीसदी ज्यादा है। थोक भाव कम होने से खाद्य तेलों की खुदरा कीमतें में भी नरम हैं। केंद्रीय उपभोक्ता मामलों के विभाग के आंकड़ों के मुताबिक देश भर में सरसों के तेल की औसत खुदरा कीमत पिछले साल से करीब 31 रुपये, सोया तेल की करीब 25 रुपये, पामोलीन तेल की 15 रुपये किलो कम है। आटे के भाव इस समय पिछले साल के बराबर ही हैं। सरकारी आंकड़ों के मुताबिक पिछले साल इन दिनों आटे की औसत खुदरा कीमत करीब 35.60 रुपये किलो थी। इस साल कीमत 35.89 रुपये किलो है।

**मिठास बन रही फांस**- इस साल त्योहारों पर चीनी रसोई का बजट बिगाड़ रही है। चीनी कारोबारी सुधीर भालोटिया ने बताया कि पिछले साल उत्पादन कम होने से चीनी का स्टॉक कम है, इसलिए कीमतों में तेजी है। अगले सीजन में भी चीनी का उत्पादन घटने का अनुमान है, जो इसका भाव बढ़ने की एक वजह है। इस समय चीनी की एक्स फैक्टरी कीमत 3,850 से 3,950 रुपये प्रति क्विंटल है। ये भाव पिछले त्योहारों की तुलना में 150 से 200 रुपये प्रति क्विंटल अधिक हैं। इस साल त्योहारों पर चीनी की मांग भी पिछले साल से अच्छी दिख रही है।

केंद्रीय उपभोक्ता मामलों के विभाग के अनुसार देश भर के खुदरा बाजारों में चीनी की औसत कीमत 44.13 रुपये किलो है, जबकि पिछले साल 24 अक्टूबर को यह कीमत 42.44 रुपये किलो थी।

### रुपया के मुकाबले अन्य मुद्राएं

| मुद्रा | रुपया |
|---|---|
| एक अमेरिकी डॉलर | 83.18 |
| एक यूरो | 87.98 |
| एक ब्रिटिश पाउंड | 100 .94 |
| एक आस्ट्रेलियन डॉलर | 52· 61 |
| एक जापानी येन | 00· 55 |


### परफेक्ट हैचरीज एंड पोल्ट्री प्रोडेक्ट इंडिया प्रा. लि.

864 मारुति शोरूम के सामने
फोन- 2412223,9329428085
जिंदा बायलर्स बड़ा- फार्म रेट 110 प्रति कि.
जिंदा बायलर्स मीडियम- फार्म रेट 120 प्रति कि.
जिंदा बायलर्स छोटा- फार्म रेट-130 नेट प्रति किलो
जिंदा मुर्गी लेयर कल्स -75 नेट प्रति किलो
जिंदा काकरेल-मुर्गा- 160 रु. प्रति किलो
(जिंदा थोक फार्म रेट)

### अग्रवाल आयरन ट्रेडर्स

शास्त्री-ब्रिज 4004070, 2402070
भाव प्रति क्विं.- 5.5 एम एम 6900, 6 एम एम 6900, 8 एम एम 6400, 10 एम एम 6250,12 एम एम, 6200 एवं 16 एम 6200 रु.। तार- 78 रु. किलो।


## केंद्र ने पिछले तीन वर्षों में कबाड़ के निपटान से 776 करोड़ रुपये कमाए

*__नई दिल्ली।__ केंद्र ने पिछले तीन साल में देश भर के सभी सरकारी कार्यालयों द्वारा चलाए गए तीन विशेष स्वच्छता अभियानों के तहत कबाड़ के निपटान से 776 करोड़ रुपये कमाए हैं। यह जानकारी केंद्रीय कार्मिक राज्यमंत्री जितेंद्र सिंह ने बुधवार को दी।*



उन्होंने कहा कि इस राजस्व का एक बड़ा हिस्सा- 176 करोड़ रुपये फिलहाल चल रहे विशेष स्वच्छता अभियान 3.0 के दौरान 20 दिनों में अर्जित किया गया है। भारत के सभी सरकारी कार्यालयों में लागू किए जा रहे विशेष अभियान के तीसरे सप्ताह की प्रगति की समीक्षा करने के बाद नई दिल्ली में एक संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए केंद्रीय मंत्री जितेंद्र सिंह ने कहा कि तीन हफ्तों में लगभग 86 लाख वर्ग फुट कार्यालय स्थान उपलब्ध कराया गया है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से प्रेरित स्वच्छता अभियान ने कचरे से धन की अवधारणा के बारे में जागरुकता पैदा की है।

## कैम्पस एक्टिववियर ने रीवा में खोला पहला एक्सक्लुज़िव रीटेल स्टोर

**रीवा ।** भारत के प्रमुख स्पोर्ट्स एवं एथलेज़र फुटवियर ब्राण्ड्स में से एक कैम्पस एक्टिववियर ने शिल्पी प्लाजा, रीवा, मध्य प्रदेश, में अपने पहले एक्सक्लुज़िव रीटेल स्टोर का लॉन्च किया है। 500 वर्गफीट क्षेत्रफल में फैले इस स्टोर का लॉन्च दुकान नं. 17/1085, पीली कोठी रोड, न्यू मार्केट एरिया, रीवा, मध्य प्रदेश - 486001, में किया गया, जहां उच्च गुणवत्ता के फैशनेबल एवं किफ़ायती फुटवियर्स की व्यापक रेंज उपलब्ध होगी।

ब्राण्ड ने उपभोक्ताओं को फैशनेबल फुटवियर उपलब्ध कराने तथा मल्टी-चैनल सेल्स दृष्टिकोण के तहत इस आउटलेट का लॉन्च किया है, जो उपभोक्ताओं की बदलती ज़रूरतों को पूरा करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। नए लॉन्च किए गए आउटलेट में कैम्पस एक्टिववियर की ओजीज़, नाइट्रो फ्लाय और नाइट्रो बूस्ट फुटवियर रेंज उपलब्ध होगी, जो उपभोक्ताओं को खरीददारी का बेजोड़ अनुभव प्रदान करेगी। ढेरों विकल्पों के साथ यह स्टोर उनकी एथलेटिक एवं फैशन संबंधी सभी ज़रूरतों को पूरा करेगा, आउटलेट में हर किसी के लिए कुछ न कुछ है। भव्य उद्घाटन के अवसर पर कैम्पस एक्टिववियर एक स्पेशल ऑफर भी लेकर आया है जिसके तहत रु 3499 और इससे अधिक की खरीददारी करने वाले उपभोक्ता स्टाइलिश बैकपैक बिल्कुल मुफ्त पा सकेंगे। यह पहल उपभोक्ताओं को उत्कृष्ट सेवाएं प्रदान करने की कैम्पस एक्टिववियर की प्रतिबद्धता को दर्शाती है।

इस अवसर पर श्री निखिल अग्रवाल, सीईओ, कैम्पस एक्टिववियर लिमिटेड ने कहा, ''रीवा में पहले एक्सक्लुज़िव आउटलेट का लॉन्च करते हुए हमें बेहद खुशी का अनुभव हो रहा है, जो उपभोक्ताओं को गुणवत्तापूर्ण, स्टाइलिश एवं किफ़ायती फुटवियर उपलब्ध कराने की हमारी प्रतिबद्धता को दर्शाता है। हमारा नया स्टोर बेहतर दृश्यता , सुलभ कीमतों और उपभोक्ताओं के लिए संतोषजनक अनुभव के साथ उनकी खरीददारी को खास बनाने का वादा करता है।

## निजी और विदेशी बैंकों को आरबीआई का फरमान, दो पूर्णकालिक निदेशक रखना जरूरी

*__नई दिल्ली।__ भारतीय रिजर्व बैंक ने निजी और विदेशी बैंकों की पूर्ण सब्सिडियरी कंपनियों से कहा है कि वे यह सुनिश्चित करें कि उनके पास दो पूर्णकालिक निदेशक हों।*




इसमें एमडी एवं सीईओ भी शामिल हो सकता है। जिन बैंकों में अभी दो पूर्णकालिक निदेशक नहीं हैं, उनको चार महीने के भीतर ऐसा करने के लिए कहा गया है आरबीआई ने बुधवार को जारी एक सर्कुलर में कहा कि बैंकिंग क्षेत्र की बढ़ती जटिलता और मौजूदा उभरती चुनौतियों से निपटने के लिए एक प्रभावी वरिष्ठ प्रबंधन टीम स्थापित करना जरूरी है। ऐसी टीम की स्थापना से उत्तराधिकार योजना में भी सहूलियत मिल सकती है। आरबीआई के अनुसार पूर्णकालिक निदेशकों की संख्या बैंक के बोर्ड के परिचालन के आकार, व्यावसायिक जटिलता और अन्य पहलुओं जैसे कारकों को ध्यान में रखते हुए तय की जानी चाहिए। नियुक्ति के संबंध में जिन बैंकों में सक्षम प्रावधान नहीं हैं, वे पहले आरबीआई से मंजूरी ले सकते हैं।


### देशबन्धु ग्राहक सेवा



रेमण्ड से ट्रेनिंग प्राप्त फ्यूजिंग सूट, ट्राउजर शर्ट स्पेशलिस्ट
**टेलर्स वारिस**
शॉप नं. 3 आनंद टॉकीज शॉपिंग काम्पलेक्स, जबलपुर फोन: 2405596
मो.-9424392281, 9425152707
देग्रासे सी 30/7/2022

**100 प्रतिशत गारन्टेड इलाज**
क्या आपको गुप्त रोग है। अंडकोष, बवासीर, सेक्स से संबंधित रोगों के स्थायी इलाज के लिए मिलें
बिना ऑपरेशन
**डॉ. विश्वास**
राइट टाउन, प्रेम मंदिर, होटल पंकज पेलेश के पीछे
मो: 9827042596
देग्रासे-सी-31/7/22

नोट- पाठकों को सूचना दी जाती है कि किसी भी विज्ञापन पर कार्यवाही जैसे पैसा भेजना, कोई खर्च करना या प्रकाशित विज्ञापन के विश्वास पर किसी प्रकार संबंध बनाना आदि करने से पूर्व आवश्यक/संपूर्ण जानकारी कर लेवें। देशबन्धु यह भी घोषित करता है कि इस समाचार पत्र में प्रकाशित होने वाले किसी भी राजनैतिक, सामाजिक अथवा अन्य प्रकार के विज्ञापनों से देशबन्धु का कोई सरोकार नहीं है। अत: विज्ञापनदाता द्वारा जारी किये गये किसी भी प्रकार के दावे/ प्रस्तुतिकरण के लिये जिम्मेदार नहीं हैं।


प्रकाशक-गिरिराज चाचा, मुद्रक-मोहन सुरजन द्वारा पत्रकार प्रकाशन प्रा. लिमि. के लिये देशबन्धु काम्पलेक्स नौदराब्रिज जबलपुर से प्रकाशित एवं श्रीजी प्रिंटर्स से मुद्रित, सम्पादक-अशोक मिश्रा, * ( * पी.आर.बी. एक्ट के तहत समाचार चयन के लिये जिम्मेदार)
फोन संपादकीय-4006577 व्यवस्था - 4085031, 4085679, 2626244 आर.एन.आई. पंजी. क्रमांक 38276/71 डाक पंजीयन क्रमांक-एसएसपी जबलपुर /04/2020-2022 E mail- Jabdesh1@yahoo.com

# संस्कारधानी का मुख्य चल समारोह : सड़कों पर उमड़ा जन सैलाब

## देवी-देवताओं की झांकियां बनी आकर्षण का केंद्र, सुनरहाई, नुनहाई, गढ़ाफाटक की काली मां की प्रतिमाओं के जुलूस ने चल समारोह की शोभा बढ़ाई







**जबलपुर, देशबन्धु।** संस्कारधानी का ऐतिहासिक दशहरा चल समारोह श्रद्धा एवं उमंग के बीच निकाला गया। हर तरफ मां के जयकारों से आसमान गूंज रहा था। गाजे बाजे के साथ भव्य चल समारोह निकाला जा रहा था, जिसे देखने सड़कों पर श्रद्धालुओं का जन सैलाब उमड़ गया था।

नगर निगम चौक से हनुमानताल तक सड़कों पर केवल लोग ही लोग देखे जा रहे थे। जगह-जगह स्वागत मंच बनाये गये थे, जहां पर पूजन अर्चन के साथ समिति पदाधिकारियों का तिलक, फूल माला से स्वागत किया जा रहा था। वहीं प्रशासन ने भी चल समारोह के दौरान सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किये थे। जगह-जगह सीसीटीवी के नजर से चल समारोह पर नजर रखी जा रही थी ताकि किसी भी तरह का विघ्न उत्पन्न न हो सके।

मुख्य चल समारोह की अगुवाई नगर के श्री गोविंद गंज रामलीला समिति का जुलूस कर रहा था। इसमें देवी देवताओं और अन्य तरह की झांकियां बनाई गई थी। बैंड बाजों और अन्य तरह के वाध्य यंत्रों के माध्यम से धर्ममय धुने बजाई जा रही थी। भगवान श्रीराम, अनुज लक्ष्मण और हनुमान जी के साथ लंकापति रावण की झांकी निकाली जा रही थी, जिसमें राम-रावण के युद्ध को झांकी के रूप में दिखाया जा रहा था। समिति के अध्यक्ष अनिल तिवारी, राकेश पाठक, आलोक ओंकार तिवारी, मुकेश पाठक, कमलेश रावत, कमल किशोर तिवारी पिंटू, मुकेश पाठक, अनिल दुबे आदि जूलूस के अग्रिम पंक्ति में चल रहे थे।

**जगतगुरू शंकराचार्य अविक्तमुक्तेश्वरानंद की सवारी**

जुलूस में जगतगुरू शंकराचार्य अविमुक्तेश्वरानंद महाराज की सवारी शामिल रही उनके साथ बगुलामुखी मठ के स्वामी चैतन्यानंद एवं अन्य संत जन रथ में सवार थे, जिनका आशीर्वाद लेने एवं दर्शन करने बड़ी संख्या में भक्तजन पहुंच रहे थे।

**सुनरहाई के नगर सेठानी का जुलूस**

दुर्गोत्सव समिति सुनरहाई की नगर सेठानी की आकर्षक प्रतिमा को कंधे लेकर निकाला जा रहा था, रंग-बिरंग रोशनी के बीच एक से बढ़कर एक भक्तिपूर्ण धुनों की थाप पर भक्तगण मातारानी को लेकर निकल रहे थे। पूरे अनुशासन के बीच जूलूस निकाला जा रहा था। नुनहाई की जेठानी की प्रतिमा- वहीं नगर की जेठानी मानी जाने वाली नुनहाई की दुर्गोत्सव समिति के कार्यकर्ता भी जगदंबे को श्रद्धा व उल्लास के साथ जुलूस की रूप में निकाल रहे थे, इसमें भी बड़ी संख्या में देवी भक्त चल रहे थे। जयकारों के साथ बैंड बाज और शहनाई आदि बज रहे थे। पूरे उत्साह एवं श्रद्धा भक्ति के साथ जुलूस निकल रहा था। समारोह में जनप्रतिनिधियों के साथ ही समाज सेवी संस्थाओं आदि से जुड़े पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं की उपस्थिति उल्लेखनीय रही, इनके द्वारा दुर्गा समितियों एवं रामलीला के पदाधिकारियों को स्वागत किया गया।

**गढ़ाफाटक की काली माता के दर्शन को उमड़े भक्त**

इसी तरह गढ़ाफाटक की काली माता की सवारी भी आकर्षण का केंद्र रही। उनके पीछे मदर टेरेसा नगर महिला मंडल की काली माता एवं अन्य स्थानों से आने वाली मे विराजित माता रानी के जुलूस भी भक्तों का आकर्षण का केंद्र रहा।

**श्रीराम-लक्ष्मण के रथ का पहिया टूटा**

जुलूस के दौरान श्रीराम लक्ष्मण एवं हनुमान जी जिस रथ पर सवार थे, उसका पहिया टूट गया था। जिसके चलते काफी देर तक जुलूस प्रभावित हुआ। इसके बाद आनन-फानन में दूसरे रथ की व्यवस्था की गई जिसमें श्रीराम लक्ष्मण एवं हनुमान की झांकी को सवार कर आगे की तरफ रवाना किया गया। इसके कारण जुलूस विलंब से अपने गंतव्य स्थान पर पहुंचा, जहां पर रावण, कुंभकरण, मेघनाद, कुंभकरण के पुतलों का दहन किया गया।

**दो दर्जन प्रतिमाएं हुई शामिल**

इस बार मुख्य चल समारोह में करीब दो दर्जन दुर्गा समिति के तत्वावधान में माता रानी की प्रतिमाएं शामिल हुई, सुबह तक हनुमानताल जलाशय में विसर्जन का सिलसिल चल रहा था। बुधवार को दिन में भी नर्मदा के समीप कुंड एवं अन्य जलाशयों में प्रतिमा विसर्जन गाजे बाजे के साथ किया जा रहा था।











जगतगुरू शंकराचार्य अविक्तमुक्तेश्वरानंद स्वामी महाराज की सवारी, चल समारोह की अंतिम बेला में मिलौनीगंज में रावण और मेघनाथ, कुंभकरण के पुतलों का दहन किया गया।

# कांग्रेस प्रत्याशी एकता ठाकुर के जाति प्रमाण पत्र को चुनौती

## कलेक्टर सहित अन्य से हाईकोर्ट ने मांगा जवाब

**जबलपुर, देशबन्धु।** सिहोरा से कांग्रेस प्रत्याशी एकता ठाकुर के जाति प्रमाण-पत्र को हाईकोर्ट में चुनौती दी गई है। जस्टिस विवेक अग्रवाल की एकलपीठ ने मामले में राज्य शासन, राज्य अनुसूचित जनजाति आयोग, कलेक्टर जबलपुर, अपर कलेक्टर ग्रामीण, एसडीओ राजस्व सहित एकता ठाकुर को नोटिस जारी कर जवाब तलब किया है।

हाईकोर्ट में यह मामला कुंडम निवासी रेणुका बाई व नवल सिंह बरकड़े की ओर से दायर किया गया है। जिसमें मांग की गई है कि एकता ठाकुर के पास जो अनुसूचित जनजाति का प्रमाण-पत्र है, जिसकी वैधानिकता की जांच होनी चाहिये। ऐसा इसलिए क्योंकि वे अनुसूचित जनजाति से नहीं आतीं।

आरोप है कि राजनीतिक लाभ लेने के लिये फर्जी जाति प्रमाण पत्र का सहारा लिया गया है। यदि प्रमाण पत्र की सही तरीके से जांच होगी तो सच्चाई सामने आ जायेगी। मामले की प्रारंभिक सुनवाई पश्चात् न्यायालय ने अनावेदकों को नोटिस जारी कर जवाब पेश करने के निर्देश दिये है। अधिवक्ता आरबी तिवारी, रोहित पैगवार व संजय सिंह सेंगर ने पक्ष रखा।

आसान किस्तों में उपलब्ध
मिश्रा इन्टरप्राइजेज
सभी ब्रांडेड कम्पनियों के टी.वी. एल.सी.डी. फ्रिज, डी.वी.डी. वुडन फर्नीचर, स्टील फर्नीचर उपलब्ध है
1. उपभोक्ता की संतुष्टि ही सफलता की सीढ़ी है।
2. उपभोक्ता सेवा ही जीवन का लक्ष्य है।
एल.जी. सेमसन, फिलिप्स, बी.पी. एल. सोनी, वेस्टन व अन्य कंपनियों के उपलब्ध है।
441, सरकारी कुंआ, शीतलामाई वार्ड पश्चिमी घमापुर, जबलपुर
मो. 9200000162 फोन- 2626496

14 आयुर्वेदिक दर्दनाशक तेलों का मिश्रण
मामजेसिक
तीव्र दर्दनाशक तेल/क्रीम
कमर, पीठ, गर्दन, जोड़ों एवं घुटने का दर्द, कंधे एवं कूल्हों का दर्द, अंदरूनी चोट, मोच-सूजन, माँसपेशियों में खिंचाव-लचकना पिंड़लियों, पंजों, हड्डियों एवं पसलियों में दर्द, हाथ-पैर में झुनझुनी, कम्पन्न, कमजोरी, जाँघों में दर्द हेतु अत्यंत प्रभावशाली एवं गहराई तक असरकारक
५० मिली. मामजेसिक लिनिमेन्ट
Arthritis Sciatica Spondylitis Backache Muscular Pain Sprains Strains Headache
100% Ayurvedic PAIN KILL OIL Mamgesic Liniment
लकवा रोगियों हेतु अत्यंत आवश्यक
चिपचिपाहट रहित
मामजेसिक
तीव्र दर्दनाशक तेल/क्रीम
सभी मेडीकल स्टोर्स में उपलब्ध
व्यवसायिक पूछताछ
9826035091

जबलपुर बॉयलर फार्मस् एसोसियेशन
J.B.F.A.
मुर्गा छोटा - रु. 120
मुर्गा मीडियम - रु. 110
मुर्गा बड़ा - रु. 100
मुर्गा जम्बो - रु. 100

सोनू पोल्ट्री
बड़ा ब्रॉयलर - रु. 96
मीडियम ब्रॉयलर - रु. 106
छोटा ब्रॉयलर - रु. 116
मोबाइल नं. 9300692405

FOR ENQUIRY CALL 0761-4069888
FOLLOW BY SAMDAREEYA_CINEMAS
समदड़िया सिनेमा
WEDNESDAY SHOW OFFER
RS. @ 90/- (VALID WITH PURCHASE OF FOOD COUPONS)
YARIYAN-2 10:00 AM 03:30 PM 06:30 PM
GHOST IN HINDI 12:45 PM
GANAPATH 10:00 AM 12:30 PM 03:00 PM 04:30 PM 05:45 PM 07:00 PM 08:15 PM 10:45 PM
TIGER NAGESWARA RAO 10:15 AM 10:00 PM
LEO IN HINDI 10:00 AM 01:00 PM 04:00 PM 07:30 PM 09:30 PM 10:30 PM
JAWAN 01:30 PM